अहिंसा परमो धर्मः

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, बुधवार, 2 अप्रैल 2025 | शुक्ल पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-10 अंक- 343 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

इसे कहते हैं उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। पाकिस्तान ने भारत में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक बार फिर घड़ियाली आंसू बहाया है। इस बारे में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में बयान देते हुए पाकिस्तान को खरी-खरी सुनाई है। उन्होंने पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे जुल्म को लेकर पाकिस्तानी हुक्मरानों को आड़े हाथों लिया है। सिर्फ जुबानी जमाखर्च से पाकिस्तान को कोई फर्क नहीं पड़ना है। पाकिस्तान की हेकड़ी निकालने के लिए भारत को चाहिए कि वह उसे एक आतंकवादी देश घोषित कराने के लिए अपने कूटनीतिक प्रयास तेज करें।

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-शराब सस्ती, टोल महंगा

■ ई-ऑफिस सिस्टम लागू, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी, व्यापारियों को भी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। एक अप्रैल से छत्तीसगढ़ में कई बड़े बदलाव हुए हैं। एक अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो चुकी है। पेट्रोल से लेकर टोल टैक्स, शराब, महंगाई भत्ते तक सभी चीजों में नए नियम लागू होंगे। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एक रुपए सस्ता हो गया है, लेकिन प्रदेश के 5 टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बढ़ने से सफर अब महंगा होगा। ये बढ़ोतरी 5 रुपए से 15 रुपए तक होगी। प्रदेश में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हो रहा है। शराब की कीमतों में कमी आएगी।

पेट्रोल सस्ता- राज्य सरकार ने वेट की कटौती की है, इसकी वजह से आज से लोगों को छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 1 रुपए सस्ता मिलेगा।

डीए में बढ़ोतरी -राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) को 50प्रतिशत से बढ़ाकर 53प्रतिशत कर दिया गया है। इसका फायदा अप्रैल महीने से मिलेगा। यानी मार्च की सैलरी में ये पैसा जुड़कर आएगा।

इन्फ्रास्ट्रक्चर- राज्य सरकार अपने बजट का 26 हजार 341 करोड़ पूंजीगत व्यय करेगी। यानी सड़कें, ब्रिज, स्कूल-कॉलेज,अस्पताल बनेंगे, ये खर्च आम लोगों की सुविधा पर होगा. ये काम आज से ही शुरू होगा।

व्यापारियों के लिए-ई-वे बिल बनवाने के नियम में सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख के सामान पर लागू किया गया है, जो आज 1 अप्रैल से लागू होगा.

ई-ऑफिस सिस्टम- आज से ही जिला और संभाग कार्यालयों में ई-ऑफिस लागू होगा। कम्प्यूटर पर फाइलें चलेंगी।

स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव- 2 अप्रैल से स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगेंगे।

गुजरात में पटाखा फैट्री में लगी भीषण आग, 17 की मौत

पालनपुर (वार्ता)। गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा रूरल क्षेत्र में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग में 17 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि डीसा जीआईडीसी के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में किसी कारण से आज सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। इस दौरान झुलसने से 17 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है। इस बीच अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आज सुबह पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

आंतरिक कलह के बीच नेपाल का बैंकिंग क्षेत्र संकट में

काठमांडू/रक्सौल (वार्ता)। 'राजतंत्र' की पुनर्वापसी आंदोलन से उत्पन्न आंतरिक कलह ने भारत के पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बैंकिंग क्षेत्र को भी संकट में डाल दिया है। नेपाल में संदिग्ध लेन-देन में बेतहाशा वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों में अनधिकृत आर्थिक गतिविधियों में सात गुना की बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को खुद प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली ने इस तथ्य को नेपाल की संसद में स्वीकार किया। यह सब कुछ ऐसे समय में सामने आया है जब अंतराष्ट्रीय वित्तीय संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ÷ग्रे÷ सूचीसे नेपाल जूझ रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने की गांधी के परपोते तुषार की याचिका खारिज

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने अहमदाबाद में साबरमती आश्रम और उसके आसपास के इलाकों का पुनरुद्धार करने के गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी की याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें इस मामले में याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया गया था। गुजरात सरकार ने दावा किया था कि 1200 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना के तहत मौजूदा आश्रम को न तो छेड़ा जाएगा, न ही उसमें कोई बदलाव किया जाएगा।

आज वक्फ संशोधन विधेयक पारित करने पेश किया जाएगा

■ भाजपा ने सभी सांसदों के लिए जारी किया व्हिप, सदन में उपस्थिति अनिवार्य

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा ने सभी लोकसभा सांसदों को कल 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। 2 अप्रैल को वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार-विमर्श और पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। पार्टी की ओर से जारी व्हिप में कहा गया कि बुधवार को सदन में अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य है। उन्हें पारित करने के लिए सभी लोग पार्टी का समर्थन करें और वोटिंग करें। व्हिप में सभी सांसदों से पूरे दिन सदन में ही मौजूद रहने को कहा गया है। भाजपा के पास लोकसभा में 240 सांसद ही हैं।

सूत्रों का कहना है कि लोकसभा में प्रस्तावित चर्चा के बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू जवाब देंगे और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा में हंगामा, शून्य काल बाधित

लोकसभा में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने पार्टी नेता रामजी लाल सुमन के घर के बाहर हुए हंगामे के विरोध में मंगलवार को लोकसभा में भारी हंगामा किया जिसके कारण अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। बिरला ने जैसे ही शून्य काल के लिए सदन की कार्यवाही शुरू की समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अध्यक्ष ने उन्हें तख्तियां नहीं दिखाने और नारेबाजी नहीं करने की सलाह देते हुए कहा कि शून्यकाल महत्वपूर्ण समय होता है इसलिए वे हंगामा कर सदन की कार्यवाही बाधित न करें। उन्होंने सदस्यों से बार- बार सवाल किया कि क्या वे सदन की कार्यवाही नहीं चलने देना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि हंगामा करते रहे तो वह सदन की कार्यवाही स्थगित कर देंगे।

खड़गे की जनगणना शीघ्र करने की मांग

राज्यसभा में विपक्ष की नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने शीघ्र जनगणना करने की मांग करते हुए कहा है कि यह देश की आर्थिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है।

खड़गे ने मंगलवार को सदन में सभापति की अनुमति से उठाये गये मुद्दे के अंतर्गत कहा कि मौजूदा सरकार जनगणना करने में असाधारण देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10 वर्ष के अंतराल पर जनगणना कराने का प्रावधान है लेकिन सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं है। उन्होंने महात्मा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेगा भारत और चिली

■ दोनों देशों में बनी सहमति

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री ने चिली के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की।

भारत और चिली ने तय किया है कि दोनों देश व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करेंगे। चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट भारत दौरे पर हैं। मंगलवार को चिली के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से कई अहम मुद्दों पर बात हुई। बोरिक पांच दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। अपने इस दौरे में वे भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संभावनाओं को तलाशेंगे, जिनमें व्यापार और रक्षा क्षेत्र भी शामिल हैं।

दोनों देशों के बीच शीर्ष नेतृत्व स्तर की बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में अब केवल छह जिले नक्सलवाद से अति प्रभावित : अमित शाह

■ छत्तीसगढ़ के चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा भी शामिल

नयी दिल्ली (वार्ता) केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या घटकर सिर्फ 6 रह गई है जो नक्सलवाद-मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है।

शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति कठोर रूख अपनाते हुए सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि देश अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है।

नक्सलवाद से प्रभावित कुल ज़िलों की संख्या 38 थी: देश में नक्सलवाद से प्रभावित कुल ज़िलों की संख्या 38 थी, इसमें अति प्रभावित ज़िलों की संख्या 12 थी, जो घटकर 6 हो गयी, 'चिंता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीजीएमएससी घोटाले में आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीजीएमएससी घोटाले की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने 4 आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. करीबन 660 करोड़ के घोटाले की एसीबी /ईओडब्ल्य जांच कर रही है।

2021 में मेडिकल उपकरण खरीदी में बड़ा घोटाला हुआ था. आरोप है कि जरूरत का सही आंकलन किए बगैर खरीदी की गई है. मामले में एसीबी /ईओडब्ल्य ने मोक्षित कार्पोरेशन, रिकॉर्ड्स और मेडिकेयर सिस्टम, श्री शारदा इंडस्ट्रीज, सीबी कार्पोरेशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है.

छत्तीसगढ़ के राजकोष को किया गया खाली

कांग्रेस शासनकाल में स्वास्थ्य विभाग के सीजीएमएससी ने मोक्षित कॉरपोरेशन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राजकोष को खाली किया गया था. इस पूरे मामले को लेकर भारतीय लेखा एंव लेखापरीक्षा विभाग के प्रिंसिपल अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) आईएएस यशवंत कुमार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनोज कुमार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ठगी के आरोपी युवक की पुलिस कस्टडी में मौत

■ एसपी ने अर्जुनी थाना प्रभारी को किया निलंबित

■ परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए की जांच की मांग

धमतरी/नवप्रदेश। धान खरीदी के नाम पर किसानों से करोड़ों की ठगी करने वाले आरोपी की पुलिस कस्टडी में सदिंग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी की मौत तबीयत बिगड़ने से हुई। जबकि परिजनों का आरोप है कि आरोपी की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। साथ ही उन्होंने इसकी न्यायिक जांच की मांग भी की है। धमतरी पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अर्जुनी थाना प्रभारी सन्नी दुबे को निलंबित कर दिया है।

बता दें कि पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कठोरिया को 31 मार्च को गिरफ्तारी कर न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड में लिया गया था। रिमांड मिलने के बाद आरोपी को शाम 6 बजे थाना लाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक की तबीयत अचानक खराब हो गई। जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने आरोपी को मृत घोषित कर दिया गया। मर्ग कायम कर पुलिस आगे की कार्यवाही में लग गई थी। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। शव लेने पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि दुर्गेश की मौत पुलिस पिटाई से हुई है। पुलिस जब उसे गिरफ्तार करने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई | *प्रयागराज में मकान ढहाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी*

हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया: पीठ

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की खिंचाई की। कोर्ट ने शहर में मकान ढहाने को अमानवीय और अवैध बताया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमानवीय तरीके से की गई। कोर्ट ने यह भी कहा कि देश में कानून का शासन है और नागरिकों के आवासीय ढांचों को इस तरह से नहीं ढहाया जा सकता। पीठ ने कहा, इसने हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। आश्रय का अधिकार, कानून की उचित

प्रक्रिया जैसी कोई चीज होती है।

10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश

इसके बाद शीर्ष अदालत ने प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह छह हफ्ते के अंदर मकान मालिकों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा दे। इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने प्रयागराज में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार की खिंचाई की थी और कहा था कि इससे चौंकाने वाला और गलत संकेत गया है।

याचिकाकर्ताओं के वकील की दलील

याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा था कि राज्य सरकार ने गलत तरीके से मकानों को ध्वस्त कर दिया, क्योंकि उन्हें लगा कि यह जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की है। वह 2023 में मारा गया था।

किन याचिकाओं पर हुई सुनवाई?

शीर्ष अदालत वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद और अन्य लोगों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिनके मकान ध्वस्त कर दिए गए थे। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ध्वस्तीकरण को चुनौती देने वाली उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। याचिकाकर्ताओं को कथित तौर पर प्रयागराज जिले के लूकरगंज में कुछ निर्माणों के संबंध में 6 मार्च, 2021 को नोटिस दिया गया था।

ट्रांसपोर्टर पर हमले की सिंहदेव ने की निंदा

सरगुजा/नवप्रदेश। अंबिकापुर में ट्रांसपोर्टर संजय सिंह पर हुए हमले के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शहर में कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने इस घटना को सांप्रदायिक रंग देने से बचने की भी अपील की है। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने एक्स पर एक पोस्ट जारी करते हुए लिखा, विगत दिनों अंबिकापुर के रिंग रोड स्थित शिवधारी कॉलोनी के पास एक बस ट्रांसपोर्टर के साथ हुई मारपीट की घटना स्वस्थ समाज के लिए अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक सड़क दुर्घटना से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

म्यांमार भूकंप में मरने वालों का लगातार बढ़ रहा आंकड़ा, अब तक 2700 लोगों की हो चुकी मौत

नेपीडॉ। म्यांमार में पिछले सप्ताह आए विनाशकारी भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भूकंप के चलते ढही इमारतों से शव निकलने का सिलसिला जारी है। इसके चलते अब तक यहां 2700 लोगों की मौत हो चुकी है।

म्यांमार में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता के भूकंप के झटके लगे थे। इसके बाद 6.4 तीव्रता के भी झटके महसूस हुए। भूकंप का केंद्र मेंडले और सेगेंग शहरों की सीमा पर जमीन के 10 किलोमीटर भीतर था। भूकंप के चलते बुनियादी ढांचे, सड़कें और रिहायशी इमारतों को भारी नुकसान हुआ। भूकंप के झटके न सिर्फम्यांमार बल्कि पड़ोसी देशों में भी

महसूस किए गए। थाईलैंड का चियांग मेई शहर में भी इस भूकंप के चलते काफी नुकसान हुआ।

म्यांमार की सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राजधानी नेपीडॉ में बताया कि अब तक 2,719 लोग मृत पाए गए हैं। 4,521 अन्य घायल हुए हैं और 441 लापता हैं।

भूकंप से प्रभावित कई क्षेत्रों में अभी भी बचाव दल नहीं पहुंच पाए हैं। इसलिए संख्या बढ़ने की आशंका है। बचाव अभियान लगातार जारी है। राहत-बचाव कर्मियों के साथ स्थानीय लोग भी अपनों को खोजने के लिए खुद भी मलबा हटाने में जुटे हुए हैं। भीषण गर्मी के कारण शवों से दुर्गंध आनी शुरू हो गई है। हवा में सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। हालात यह हैं कि करीब 35 लाख लोग बेघर हो चुके हैं। हालात यह हैं कि अस्पतालों में जगह कम पड़ गई है और सड़कों पर अस्थायी तरीके से मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

भारत ने भेजी मदद

म्यांमार की मदद के लिए भारत ने सबसे पहले हाथ बढ़ाएं। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत यहां राहत सामग्री और सहायता दल को भेजा गया है। 29 मार्च (शनिवार) को भारत ने दो नौसैन्य जहाज म्यांमार की मदद के लिए भेजे। इनके जरिए आर्मी फील्ड अस्पताल तैयार करने के लिए सामान और 118 चिकित्साकर्मियों को भी भेजा गया। इनके जरिए घायलों की मदद करने की व्यवस्था की जा रही है।

सरकार जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति सचेत है: शिवराज

नयी दिल्ली(वार्ता)। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति सचेत है और जलवायु अनुकूल 100 से अधिक उच्च उपज वाले बीजों का प्रबंध कर रही है।चौहान ने प्रश्न काल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के पुरषोत्तम रूपाला के प्रश्न के उत्तर में कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों एवं उनके निवारण पर निरंतर शोध कर रहा है और उसकी अनुशंसा पर सरकार समुचित कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर आम की फसलों पर न पड़े, सरकार इसके भी इंतजाम कर रही है।

पाकिस्तान म्यांमार को भेजेगा लगभग 70 टन मानवीय सहायता

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में आए भूकंप पर म्यांमार के अपने समकक्ष मिन आंग ह्लाइंग के प्रति संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनका देश लगभग 70 टन मानवीय सहायता भेजेगा। जियो टीवी प्रसारक ने सोमवार को बताया कि मानवीय सहायता अगले दो दिनों में दो बैचों में पहुंचने की उम्मीद है।

गुजरात में पटाखा फैट्री में लगी भीषण आग, 17 की मौत

पालनपुर(वार्ता)। गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा रूरल क्षेत्र में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग में 17 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि डीसा जीआईडीसी के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में किसी कारण से आज सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। इस दौरान झुलसने से 17 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है। इस बीच अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आज सुबह पटाखा फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

ट्रंप ने यमन के हूतियों पर हमले जारी रखने की खाई कसम

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को वादा किया कि यमन के हूती विद्रोहियों पर हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वे अमेरिकी जहाजों के लिए खतरा बने रहेंगे।ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा,÷हूतियों के लिए विकल्प स्पष्ट है, अमेरिकी जहाजों पर गोलीबारी बंद करो, और हम तुम पर गोलीबारी बंद कर देंगे।÷ उन्होंने यह भी घोषणा की कि यमन के हूती विद्रोही पिछले दो सप्ताह में 'निरंतर' हमलों के कारण 'पूरी तरह से नष्ट' हो चुके हैं।

मौसम साफ रहने से तेजी से चढ़ेगा पारा, कई राज्यों में लगेंगे लू के थपेड़े

नईदिल्ली। देशभर में तेज हवाओं का असर कमजोर पड़ने के साथ ही गर्मी ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। पूरे सप्ताह भीषण गर्मी लोगों को परेशान करेगी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अगले 3 महीने में सामान्य से अधिक गर्मी पड़ेगी और ज्यादा दिनों तक लोगों को लू का सामना करना पड़ेगा। आज अधिकांश इलाकों में मौसम साफ रहेगा, जबकि मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना, तटीय कर्नाटक, केरल, मध्य महाराष्ट्र में गरज, बिजली और तेज हवाएं चलने की संभावना है। राजस्थान में अचानक से मौसम पलट गया है, जिसके चलते अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री से नीचे चला गया है। पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में 3-7 डिग्री और न्यूनतम में 2-5 डिग्री की कमी आई है। राज्य में सोमवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान चित्तौड़गढ़ में 34.7 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 8.2 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में 1-3 अप्रैल तक दक्षिण-पूर्वी भागों में बादल छाने और हल्की बारिश होने की संभावना है। बिहार में पछुआ हवाओं के कारण मौसम शुष्क बना हुआ है और 3-4 दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री तक बढ़ सकता है। साथ ही लू चलने के भी आसार हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने 933 करोड़ रुपए की 132 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

झुमके से नहीं अब नाथ कॉरिडोर से है बरेली की पहचान : आदित्यनाथ योगी

बरेली(वार्ता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि पिछली सरकारों ने बरेली की पहचान को झुमका के साथ जोड़ा था जबकि उनकी सरकार ने बरेली को नाथ कॉरिडोर देकर नाथ नगरी को उसकी पौराणिक पहचान दिलाने का काम किया है।

योगी ने यहां 933 करोड़ रुपये की 132 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया और अत्याधुनिक जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस 2,554 नई एंबुलेंस का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के लिए 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत की। साथ ही 'विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान' को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

बरेली के कॉलेज मैदान में योगी ने बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा लगाई गई विकास एवं योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और युवा उद्यमियों द्वारा लगाए गए उत्पाद की प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि पिछले आठ वर्षों में बरेली ने एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा पहले बरेली को झुमके के साथ जोड़ा जाता था, लेकिन हमने इसे नाथ नगरी के रूप में नाथ कॉरिडोर देकर इसकी पौराणिक पहचान दिलाने का काम किया है। आज बरेली स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी धमक देश और दुनिया में स्थापित कर रहा है। बरेली में अब निवेश का माहौल बन रहा है। डेयरी, मेडिकल और अन्य उद्योगों में निवेश हो रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। योगी ने कहा, पहले बरेली को गंदी सिटी कहा जाता था, लेकिन अब यह स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। 2017 से पहले बरेली में 5-7 दंगे आम बात थी, लेकिन पिछले 8 साल में एक भी दंगा नहीं हुआ। अब बरेली में दंगा नहीं, चंगा है।÷ उन्होंने दंगाइयों को चेतावनी देते हुए कहा कि दंगा करने की हिम्मत करने वालों की संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी। उन्होने कहा कि शिक्षा समाज की आधारशिला है। उन्होंने बरेली से पूरे प्रदेश में 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत की। इस दौरान सीएम योगी ने नव नामांकित बच्चों को स्टेशनरी, पाठ्यपुस्तक किट व टॉफी इत्यादि का वितरण किया। उन्होंने कहा ÷ नया शैक्षिक सत्र शुरू हो रहा है। मैं बरेलीवासियों और पूरे उत्तर प्रदेश के लोगों से आह्वान करता हूं कि इस अभियान से जुड़ें और सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे।यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की भी जिम्मेदारी है। अगर कोई बच्चा शिक्षा से वंचित रहता है, तो यह समाज और राष्ट्र के लिए चुनौती बन जाता है।÷योगी ने 2017 के पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय बेसिक शिक्षा परिषद की हालत खराब थी। स्कूलों में टॉयलेट, पेयजल, फर्नीचर और स्मार्ट क्लास जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। 1 करोड़ 34 लाख बच्चों ने नामांकन कराया था, लेकिन 60 प्रतिशत बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। आज ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 96 प्रतिशत स्कूलों में टॉयलेट, पेयजल, फ्लोरिंग, स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था हो चुकी है। पिछले साल 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को डीबीटी के जरिए 1200 रुपये प्रति बच्चा उनके अभिभावकों के खाते में भेजे गए। बच्चों को दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते, मोजे और स्वेटर भी दिए जा रहे हैं, जिससे बच्चों में स्कूल जाने की उत्सुकता बढ़ी है। योगी ने कहा कि इसी तर्ज पर बेसिक शिक्षा परिषद ने भी हर जनपद में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय को प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में 57 जनपदों में जहां पर अटल आवासीय विद्यालय नहीं खोले गए हैं, वहां पर यह मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय प्रारंभ होने जा रहे हैं। पहले चरण में जनपद स्तर पर दूसरे चरण में तहसील स्तर, तीसरे चरण में विकासखंड स्तर पर और चौथे चरण में न्याय पंचायत स्तर पर विद्यालय खोलेंगे।

पीएम श्री योजना के तहत 1500 विद्यालयों का कायाकल्प

मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा परिषद में 1,25,000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती का उल्लेख करते हुए कहा कि पीएम श्री योजना के तहत 1500 विद्यालयों का कायाकल्प किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी विद्यालयों को 8वीं से 12वीं तक गरीब कन्याओं की शिक्षा का केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरेली में अटल आवासीय विद्यालय का शुभारंभ होने जा रहा है, जो श्रमिकों के बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा का केंद्र बनेगा।

चुनाव आयोग का राजनीतिक दलों के साथ सबसे बड़ा जुड़ाव अभियान

नई दिल्ली (वार्ता)। चुनाव आयोग (ईसी) ने 'जुड़ाव' अभियान के तहत पूरे देश में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी' (सीईओ) के स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ 4719 बैठकें आयोजित कीं जिसमें राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह जानकारी मंगलवार को निर्वाचन आयोग ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 दिनों की अवधि में और 31 मार्च 2025 तक, कुल 4,719 बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 बैठकें और ईआरओ द्वारा 3,879 बैठकें शामिल हैं, जिसमें पूरे देश के राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इन बैठकों का आयोजन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा चार-पांच मार्च, 2025 को आईआईआईडीईएम, नयी दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में जारी निर्देशों के अनुसार किया गया। इन बैठकों का उद्देश्य संबंधित सक्षम प्राधिकारी अर्थात ईआरओ या डीईओ या सीईओ द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960; निर्वाचन संचालन नियम, 1961 तथा समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी किए गए मैनुअल, दिशा-निर्देशों और अनुदेशों के मौजूदा कानूनी संरचना के अंतर्गत किसी भी लंबित मुद्दे का समाधान करना है।

आगे आकलन करने के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है तथा अगर किसी मुद्दे का समाधान मौजूदा कानूनी संरचना के अंतर्गत नहीं होता है तो आयोग द्वारा उस पर विचार किया जाएगा। इन कार्यक्रमों को राजनीतिक दलों द्वारा बहुत सराहना मिली है, तथा विधानसभा क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय तथा उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गयी है। राष्ट्रव्यापी बैठकों की तस्वीरें ईसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर भी देखी जा सकती हैं।

कैग रिपोर्ट से फिर केजरीवाल को घेरेगी भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को एक बार फिर भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच जमकर घमासान देखने को मिल सकता है। भाजपा जहां सदन में कैग की आठवीं रिपोर्ट पेश कर केजरीवाल को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी कर चुकी है, वहीं आम आदमी पार्टी का आरोप है कि दिल्ली के कई इलाकों में बिजली कटौती हुई है। इस पर विधानसभा में चर्चा होनी चाहिए। दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि मंगलवार को सदन में कैग की आठवीं रिपोर्ट पेश की जाएगी। इस सत्र में यह छठवीं रिपोर्ट पेश की जाएगी, जबकि इसके पहले दो रिपोर्ट पेश की जा चुकी हैं। पिछली रिपोर्ट्स में भाजपा ने डीटीसी बसों के मामले में हुए कथित घोटाले को सामने लाने का दावा किया था। आम आदमी पार्टी विधायक संजीव झा ने दिल्ली विधानसभा स्पीकर को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया है कि बिजली कटौती पर चर्चा की जाए। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि दिल्ली में सरकार बदलने के बाद बिजली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। हालांकि, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आम आदमी पार्टी के इन आरोपों को खीझ मिटाने का तरीका बताया था।

झारखंड के साहिबगंज में कोयले से लदी 2 मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर, 3 की मौत

रांची। झारखंड के साहिबगंज जिले में मंगलवार तड़के बड़ा रेल हादसा हो गया। यहां के बरहेट में कोयले से लदी 2 मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा एनटीपीसी के पास एनजीआर लाइन पर तड़के 3ः30 बजे हुआ था। हादसे में 2 लोको पायलट समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 4 जवान घायल हैं।

'उत्तराखंड का नाम भी यूपी-2 कर दीजिए'

नई दिल्ली। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते सोमवार को राज्य में 15 जगहों के नाम बदलने की घोषणा की है। उनके इस फैसले पर अब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया सामने आई हैं। उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान तंज कसते हुए कहा कि 'उत्तराखंड का नाम भी उत्तर प्रदेश-2 कर दीजिए'।

धामी सरकार ने इन जगहों के बदले हैं नाम

हरिद्वार
भगवानपुर ब्लॉक के औरंगजेबपुर का नाम बदलकर शिवाजी नगर, बहादराबाद ब्लॉक के गाजीवाली का नाम आर्य नगर, चांदपुर का नाम ज्योतिबाफुले नगर, नारसन ब्लॉक के मोहम्मदपुर जट का नाम मोहनपुर जट, खानपुर कुर्सली का नाम आंबेडकर नगर, खानपुर ब्लॉक के इदरीशपुर का नाम नंदपुर, खानपुर का नाम कृष्णपुर और अकबरपुर फाजलपुर का नाम **विजयनगर किया गया है।**

देहरादून
देहरादून नगर निगम के मियांवाला का नाम रामजीवाला, विकासनगर ब्लॉक का पीरवाला का नाम केसरी नगर, चांदपुर खुर्द का नाम पृथ्वीराज नगर, सहसपुर ब्लॉक के अब्दुल्लापुर का नाम दक्षनगर किया गया है।

नैनीताल
नवाबी रोड का नाम अटल मार्ग किया गया है। पनचक्की से आईटीआई मार्ग का नाम गुरु गोवलकर मार्ग हुआ है।
बातचीत में यह बोले सपा प्रमुख

उधम सिंह नगर
यहां नगर पंचायत सुल्तानपुर पट्टी का नाम कौशल्या पूरी किया गया है।

सीबीआई को केंद्रीय मंत्री की सलाह

एआई अपराधों से निपटने के लिए उद्योग और शिक्षा जगत से बनाएं समन्वय

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सलाह दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आर्थिक, सामाजिक और तकनीक में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के चलते हो रहे बदलावों के मद्देनजर सीबीआई को शिक्षा जगत और उद्योगों के साथ तालमेल बिठाकर काम करना चाहिए। सीबीआई के 62वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआई के आने के बाद से चीजें बदल गईं हैं। एक एआई एजेंट अपराध कर सकता है। इसलिए सवाल खड़ा होता है कि अपराध किसने किया और किसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए? क्या आप एक एआई एजेंट को गिरफ्तार कर सकते हैं? क्या अपराध के लिए एआई बनाने वाली कंपनी जिम्मेदार है या एआई

एजेंट जिम्मेदार है?

उन्होंने कहा कि समाज ऐसे बदलाव हो रहे हैं। आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी क्षेत्र में हो रहे ऐसे बदलावों को लेकर मैं सीबीआई और इसकी बेहतरीन टीम से अधिक तालमेल और समन्वय कायम करने का विचार करने का अनुरोध करता हूं।

वैष्णव ने कहा कि हमें स्टार्टअप्स, उद्योगों और शिक्षा जगत के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हम एआई मिशन में कई नए उपकरण बनाने के लिए शिक्षा जगत के साथ सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने 26 सीबीआई अधिकारियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक प्रदान किए। वहीं सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने कहा कि 2024 कई मायनों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सीबीआई के लिए ऐतिहासिक वर्ष रहा है।

इन कानूनों में निर्धारित कई प्रक्रियात्मक बदलावों और समयसीमाओं के अलावा यह पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से न्याय दिलाने में मदद करेगा। इस साल की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीबीआई पोर्टल भारतपोल लॉन्च किया, जो पूरे देश में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और सीबीआई के बीच निर्बाध संचार की सुविधा प्रदान करता है।

सियासत | *आज संसद में पेश किया जाएगा वक्फ संशोधन बिल*

वक्फ संशोधन विधेयक पर चर्चा चाहता है केंद्र, रिजिजू बोले- सभी दलों को राय व्यक्त करने का अधिकार

नई दिल्ली। देशभर में वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर सियासी गर्माहट तेज है। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस विधेयक पर सभी पार्टियों के साथ चर्चा करने की बात पर जोर दिया। मंगलवार को उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर बुधवार को लोकसभा में चर्चा चाहती है। बता दें कि इस विधेयक को बुधवार को प्रश्नकाल के बाद लोकसभा में पेश किया जाएगा। रिजिजू ने बताया कि लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में इस पर चर्चा के लिए आठ

घंटे का समय तय किया गया है, जिसे जरूरत पड़ने पर बढ़ाया भी जा सकता है।

विपक्ष ने जताई नाराजगी

वहीं किरेन रिजिजू के इस प्रस्ताव पर कांग्रेस सांसद गौरव गगोई ने नाराजगी जताई। उन्होंने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विरोध जताते हुए कहा कि विपक्षी सांसदों को मजबूरी में वॉकआउट करना पड़ा, क्योंकि सरकार सिर्फ अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है और विपक्ष की राय नहीं सुन रही है। गोगोई ने कहा कि सदन से वॉकआउट करना हमारे पास अंतिम विकल्प था। पूरी दुनिया देख रही है कि कैसे लोकसभा में लोकतंत्र की आवाज को दबाया जा रहा है।

इसी बीच कल की चर्चा के लिए भाजपा ने सभी लोकसभा सांसदों को कल 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। 2 अप्रैल को लोकसभा में वक्फसंशोधन विधेयक पारित करने के लिए पेश किया जाएगा। इससे पहले इस पर सदन में चर्चा होगी। पार्टी की ओर से जारी व्हिप में कहा गया कि बुधवार को सदन में अति महत्वपूर्ण विधायी कार्य है। उन्हें पारित करने के लिए सभी लोग पार्टी का समर्थन करें और वोटिंग करें। व्हिप में सभी सांसदों से पूरे दिन सदन में ही मौजूद रहने को कहा गया है। भाजपा के पास लोकसभा में 240 सांसद ही हैं।

गौरतलब है कि सबसे पहले वक्फ संशोधन विधेयक पिछले साल अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था, जिसके बाद एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया गया था। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन करना है ताकि वक्फ संपत्तियों के विनियमन और प्रबंधन में सुधार किया जा सके। इसके तहत वक्फ बोर्डों की दक्षता बढ़ाने के लिए कई बदलाव किए जाएंगे, जैसे पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार और वक्फरिकॉर्ड के प्रबंधन में तकनीकी मदद शामिल है। बता दें कि वक्फ अधिनियम को 1995 को लंबे समय से कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे कई मुद्दों के लिए आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

हम इस विधेयक पर चर्चा चाहते है : रिजिजू

इसके साथ ही रिजिजू ने कहा कि हम वक्फ (संशोधन) विधेयक पर चर्चा चाहते है। उन्होंने कहा कि हर राजनीतिक दल को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है, और देश यह जानना चाहता है कि किस दल का इस विधेयक पर क्या रुख है।÷ उन्होंने यह भी कहा कि अगर विपक्ष चर्चा में हिस्सा नहीं लेना चाहता, तो वे उन्हें रोक नहीं सकते।

नव प्रदेश

न्यायधानी बिलासपुर

क्वॉलिटी इंश्योरेंस पैरामीटर के मापदंडों का पालन करें, अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाएं: प्रियंका

राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी को मॉडल बनाने डॉ. प्रियंका शुक्ला ने दिए निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त वार्डो का भ्रमण करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी प्रदेश का एकमात्र मानसिक चिकित्सालय है, जिसके लिए क्वालिटी एश्योरेंस पैरामीटर के सभी मापदंड का पालन किया जाना चाहिये और इसके लिए एक विशेष टीम द्वारा चिकित्सालय का निरीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चिकित्सालय को एक मॉडल मानसिक चिकित्सालय के रूप में विकसित किया जाना है जिसके लिए वृहद स्तर पर टीम वर्क व समन्वय के साथ कार्य को पूरा किया जाना चाहिए। डॉ. शुक्ला ने चिकित्सालय में प्रवेश द्वार निर्माण के लिए व सूचक बोर्ड को व्यस्थित करते हुए पूरे भवन का रंग-रोगन करने के लिए लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर, के अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि चिकित्सालय में पर्याप्त नर्सिंग स्टॉफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्य कर रहे है जिसके लिए चिकित्सालय में संचालित वार्ड के अनुरूप व्यस्थित ड्यूटी रोस्टर नहीं है जिसे तैयार करने के निर्देश उन्होंने दिए ताकि चिकित्सालय में भर्ती मरीजों की देखभाल सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में विभिन्न नर्सिंग संस्थानों से क्लिनिकल प्रशिक्षण में आने वाले नर्सिंग छात्र-छात्राओं की तीन पालियों में ड्यूटी निर्धारित की जाए और उनकी क्षमता अनुसार उनसे कार्य

मरीजों से संवेदनशील व्यवहार करने निर्देश

डॉक्टर शुक्ला ने चिकित्सालय में कार्यरत् स्टॉफ को निर्देशित किया कि ये चिकित्सालय राज्य का एक मात्र मानसिक चिकित्सालय है, जहाँ पर राज्य भर से मरीज इलाज के लिए आशा के साथ पहुँचते है, उनसे संवेदनशील व्यवहार किया जाए और उनका सहयोग हर स्तर पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवायें डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, अस्पताल अधीक्षक राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी डॉ. प्रभु चौधरी, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग एवं चिकित्सालय के मेट्रन उपस्थित रहे।

अस्पताल परिसर में हो सारी सुविधाएं

डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि चिकित्सालय शहर से 15 कि.मी. की दूरी पर है, और मरीजो के लिए आवश्यक जॉच के लिए 15-20 कि.मी. की दूरी तय करनी होती है, जिसके लिए एम्बुलेंस एवं मानव संसाधन लगते है। चिकित्सालय में ही मरीजों की संख्या एवं प्रदेश के एकमात्र मानसिक अस्पताल होने के कारण अस्पताल परिसर में ही सभी सुविधाएं सुनिश्चित हो, जिसके लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए अधीक्षक को निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक है। जिसमें जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस व रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग और सिपाही फार्मा पदों पर आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए भारतीय थल सेना के वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in का अवलोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही आवेदन के संबंध में अन्य जानकारी एवं आवेदन करते समय समस्या होने पर सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क किया जा सकता है।

पीपीटी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 11 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 की शाम 5 बजे तक है। जिसकी संभावित परीक्षा तिथि 1 मई 2025 एवं व्यापम की वेबसाईट पर प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 22 अप्रैल है।

17 कौशल विकास केंद्रों से इस वर्ष 596 लोगों ने प्राप्त किया विभिन्न ट्रेड में कौशल प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से जुड़कर युवाओं को मिल रही आत्मनिर्भरता की राह

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर युवाओं, महिलाओं को मिल रहे रोजगार के विभिन्न अवसर। जिले के 17 कौशल विकास केंद्रों से इस वर्ष 596 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और आत्मनिर्भर बनें। योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में हर वर्ग का ध्यान रखते हुए ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है,जिससे लोग आत्मनिर्भर बन कर आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले में 17 केंद्र हैं जिनमें इस वर्ष 596 युवाओं ने विभिन्न ट्रेड के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया और उनके लिए रोजगार के कई अवसर बनें। कोनी के महिला आईटीआई, में योजना के तहत विभिन्न कोर्स चलाए जा रहे हैं जिनमें जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटीपार्लर कोर्स, सिलाई प्रशिक्षण, डाटा एंट्री ऑपरेटर, कंप्यूटर प्रशिक्षण, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, राज मिस्त्री, डेस्कटॉप पब्लिकेशन जैसे कोर्स शामिल हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर युवाओं को रोजगार के विभिन्न अवसर प्राप्त हो रहे हैं। योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर सुश्री रंजिता पटेल, रीता यादव, ऋतु यादव और द्रौपदी निषाद रोजगार प्राप्त कर चुकी हैं जनरल ड्यूटी असिस्टेंट का कोर्स करने के बाद ये जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों में अपनी सेवाएं दे रही है, लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताते हुए कहा कि इस कौशल विकास प्रशिक्षण से वे आत्मनिर्भर बनने में सक्षम हो पाई हैं, अन्यथा अल्प शिक्षा के कारण उनके लिए बेहतर रोजगार के अवसर मिलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से पहले वे बेरोजगार थें, लेकिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाइ उन्हें नौकरी मिल गई है।

योजना की विशेषताएं

विविध प्रशिक्षण कार्यक्रम: योजना के तहत विभिन्न व्यवसायों में कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध हैं, जैसे प्लंबर, टेक्नीशियन, दर्जी, कढ़ाई-बुनाई, ब्यूटी पार्लर, राजमिस्त्री। नि:शुल्क प्रशिक्षण: सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से नि:शुल्क हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवा भी लाभान्वित हो सकते हैं। प्रमाणपत्र प्रदान करना- प्रशिक्षण पूर्ण करने पर युवाओं को प्रमाणपत्र दिए जाते हैं, जो उनके कौशल की मान्यता प्रदान करते हैं। रोजगार सहायता: प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार मेले और प्लेसमेंट कैंपों के माध्यम से नौकरी के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं।

चैत्र नवरात्र के चौथे दिन बन रहा आयुष्मान योग

बिलासपुर/नवप्रदेश। वैदिक पंचांग के अनुसार, बुधवार 02 अप्रैल को चैत्र नवरात्र की चतुर्थी एवं पंचमी तिथि है। चैत्र नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा एवं साधना की जाती है। साथ ही मां कुष्मांडा के निमित्त नवरात्र के चौथे दिन का व्रत रखा जाता है। नवरात्र के चतुर्थी और पंचमी तिथि पर दुर्लभ आयुष्मान योग समेत कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में मां कुष्मांडा की पूजा करने से साधक को मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। चैत्र नवरात्र के चौथे दिन रवि योग का भी संयोग बन रहा है। रवि योग सुबह 06 बजकर 10 मिनट से लेकर 08 बजकर 49 मिनट तक है। इस योग में देवी मां कुष्मांडा की पूजा-भक्ति करने से सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलेगी। साथ ही आरोग्य जीवन का वरदान मिलेगा। चैत्र नवरात्र के चौथे और पांचवें दिन दुर्लभ आयुष्मान योग का संयोग बन रहा है। इस योग का संयोग देर रात 2 बजकर 50 मिनट तक है। आयुष्मान योग में मां कुष्मांडा और मां स्कंदमाता की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

ग्राम सुराज की तर्ज पर करें जनता की समस्याओं का समाधान: कलेक्टर

■ **लंबित मामलों के जल्द निराकरण पर जोर**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण ने टीएल बैठक में राज्य सरकार की योजनाओं और लंबित प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि जनता की समस्याओं का यथासंभव मौके पर समाधान के लिए ग्राम स्वराज की तर्ज पर बहुत जल्द अभियान शुरू होने वाला है। इसके पहले अधिकारी कर्मचारी अपने विभागीय काम-काज की समीक्षा कर लें। प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर लें। उन्होंने तालाबों पर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले पन्द्रह दिवस में ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर बेजा कब्जा हटाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अमित कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा संपन्न होने के बाद अफसरों को विकास कार्यो को तेज गति से करना होगा। जनता की समस्या, शिकायत एवं मांगों की जानकारी हासिल करने राज्य सरकार ग्राम स्वराज योजना पर विचार कर रही है। इसके शुरू होने के पहले अधिकारी विभागीय योजनाओं में कसावट लायें। पटवारी, पंचायत सचिव, आरएईओ, लाईनमेन से लोगों का ज्यादा काम होता है। ये सब अपने निर्धारित मुख्यालय में रहकर जनहित से जुड़े काम तत्परता से करें। 7 अप्रैल से राजस्व पखवाड़ा का भी बड़ा आयोजन हो रहा है। गरमी के मौसम में पेयजल की समस्या के निराकरण पर ज्यादा ध्यान दें। जहां-जहां पर नलकूप में राईजर पाईप बढ़ाने की जरूरत है, ग्राम पंचायत की मूलभूत अथवा पन्द्रहवा वित्त आयोग की राशि का उपयोग किया

राशन वितरण की शिकायत

कलेक्टर ने मस्तुरी क्षेत्र में राशन वितरण की शिकायत को देखते हुए एसडीएम को आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना की भी बैठक में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रिपेयर के बाद इस साल बरसात में छत से पानी टपकेगा अथवा लिकेज होगा तो संबंधित सब इंजीनियर को निलंबित किया जायेगा। काम करने वाले ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किया जायेगा। उन्होंने टीएल पंजी में दर्ज एक-एक प्रकरण की समीक्षा की और तेजी से इनका निराकरण करने के निर्देश दिए।

बच्चों ने किया नृत्य बुजुर्ग दंपति सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री श्री सोलापुरी माता पूजा समिति का उगादी पर्व रेलवे हैंडबॉल ग्राउंड में हुआ। पूजा पाठ के साथ दक्षिण भारतीय पुजारी ने पंचांग देखकर सभी जातकों के राशि वर्षफल का वर्णन किया। खेलकूद प्रतियोगिता हुई। विवाहित व अविवाहित महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता हुई। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समाज के युवा कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समृद्ध तेलुगू सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराया।

आज से बदलेगा मौसम, 3 दिन तक तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कल यानी 2 अप्रैल से 3 दिनों तक गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि आगामी तीन दिनों तक राज्य के पांचों संभागों के जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है और ओले गिर सकते हैं. वहीं आज 1 अप्रैल को प्रदेश का मौसम साफ रहने वाला है। मौसम विभाग ने 2 से 4 अप्रैल तक विभिन्न जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, दक्षिण छत्तीसगढ़ से विदर्भ होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक एक टर्फ लाइन गुजर रही है, वहीं इस क्षेत्र से साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी गुजर रहा है, जिसके कारण प्रदेश में मौसम में बदलाव आएगा। शाम होते ही मौसम में बदलाव देखने को मिला। बदली के साथ हवा में थोड़ी इंडक महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार, मौसम में बदलाव के बाद अगले दो दिनों तक दिन का तापमान स्थिर रहेगा, लेकिन इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। बिलासपुर में आज अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। मंगलवार को बिलासपुर में दिन का तापमान 37.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री ज्यादा था और प्रदेश में सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया। छत्तीसगढ़ में इस बार की गर्मी में तापमान पहले से और भी अधिक होने की संभावना है. छत्तीसगढ़ में इस वर्ष मार्च के दूसरे सप्ताह में ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है।

सीयू के प्रो. कुशवाहा सारस्वत पुरस्कार से सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा को अचला एजुकेशन फाउंडेशन ट्रस्ट, अहमदाबाद गुजरात द्वारा शिक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए सारस्वत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार प्राप्ति के उपरांत प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल से भेंट की। प्रो. कुशवाहा ने कहा कि कुलपति के सक्षम नेतृत्व क्षमता तथा कुशल मार्गदर्शन के साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का परिणाम है कि शिक्षकों के शैक्षणिक योगदान को राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो रहा है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने प्रो. कुशवाहा को पुरस्कार प्राप्ति पर बधाई देते हुए कहा कि आपने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि अचला फाउंडेशन द्वारा प्रदान यह पुरस्कार आपके द्वारा शैक्षिक एवं उद्यमिता के क्षेत्र में किये गये कार्यों की सर्वमान्यता है। उन्होंने कहा कि शोध, अनुसंधान तथा नवाचार के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर विश्वविद्यालय के नाम को रौशन करें। कुलपति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अनुभवजन्य शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

शैक्षिक व उद्यमिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य

बिलासपुर/नवप्रदेश। बोदरी, बिल्हा के बीच स्थित मोहभठ्ठा में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने स्वागत किया।

उपलब्धि — यात्री सुविधाएं, पर्यावरणीय पहल, डिजिटल नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारियों के क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष 2024-25 में रेलवे ने हासिल किए कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने परिचालन, आधारभूत संरचना, यात्री सुविधाएं, पर्यावरणीय पहल, डिजिटल नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारियों के क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने प्रमुख स्टेशनों पर आधारभूत ढांचे को उन्नत किया है। 4 स्टेशनों पर प्लेटफार्म की ऊँचाई बढ़ाई गई, जबकि विभिन्न स्टेशनों पर 6 एस्केलेटर, 1 लिफ्ट और 7 स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इसके साथ ही महत्वपूर्ण स्टेशनों पर 10 छोटे और 2 बड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी पूरा किया गया। रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए इस वर्ष कई महत्वपूर्ण परियोजनाएँ पूरी की गईं। कुल 135 किलोमीटर रेल लाइनों का कार्य पूर्ण कर इनमें रेल परिचालन शुरू किया गया, जिसमें मल्टी-ट्रैकिंग 118.34 किलोमीटर और गेज परिवर्तन 17.30 किलोमीटर शामिल हैं। इसके अलावा, 112 किलोमीटर सेक्शन में ऑटो-सिग्नलिंग प्रणाली और 10 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली स्थापित की गई। इस वित्तीय वर्ष में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 253.21 मिलियन टन माल लोडिंग के साथ अब तक का सर्वोच्च रिकॉर्ड बनाया है। इस उपलब्धि के साथ माल लदान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भारतीय रेलवे में दूसरा स्थान है।

कर्मचारी कल्याण और सामाजिक पहल

रेलकर्मचारियों के कल्याण के लिए 6,634 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया, जबकि 19,082 कर्मचारियों को विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रशिक्षित किया गया। 214 अनुकंपा नियुक्तियाँ पूरी की गईं, और स्टाफ बेनिफिट फंड से रेलकर्मियों के बच्चों को उच्च तकनीकी शिक्षा के लिए 2.3 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत 296 बच्चों को रेस्क्यू कर उनके परिवारों से मिलाया गया। इसके अलावा, ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों के छोड़े गए/गुम हुए 1,187 सामान (कुल मूल्य 2.76 करोड़) को बरामद कर उनके मालिकों को सौंपा गया।

सुविचार

कभी कभी महामूर्ख भी बहुत समझदारी की बात कह देते हैं। अब देखो न मैंने ही कितनी समझदारी की बात कह दी? हा हा हा। मूर्ख दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

वक्फ बिल को लेकर घमासान

सरकार द्वारा वक्फ बिल संसोधन विधेयक को लेकर देशभर में चर्चा चल रही है। वक्फ बिल का अनेक मुस्लिम संगठनों ने विरोध किया है। जगह जगह इस बिल को रोकने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन भी हुआ है। इधर सरकार ने दावा किया है कि वक्फ बिल से अल्पसंख्यकों के साथ कोई बेइंसाफी नहीं होने वाली है। संसद के इसी सत्र में वक्फ बिल पेश करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बारे में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु ने कहा है कि वक्फ बिल पर सरकार खुले मन से चर्चा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा है कि वक्फ बिल का विरोध ऐसे शक्तिशाली लोग कर रहे हैं जिन्होंने वक्फ की संपतियों पर कब्जा कर रखा है। और ऐसे ही लोग लोगों को गुमराह कर रहे हैं तथा वक्फा बिल को असंवैधानिक करार दे रहे हैं। जबकि इस बिल से गरीब और पिछड़े मुसलमानों के बच्चों और महिलाओं को लाभ होगा। संसदीय कार्यमंत्री ने विपक्षी पार्टियों पर भी निशाना साधा है और कहा है कि उन्हें किसी भी बात पर सरकार की अलोचना करने का अधिकार है लेकिन इसका भी कोई आधार होना चाहिए। केन्द्र सरकार यह बिल मुसलमानों के हित में ही ला रही है। यही वजह है कि धार्मिक प्रतिबद्धता और मान्यता से परे होकर कई मुस्लिम संगठन इस विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। सरकार ने इस विधेयक पर अब तक इस बिल पर सबसे से व्यापक परामर्श कराया है और सर्वोच्च प्रतिनिधित्व का भी कीर्तिमान बनाया है इसलिए सरकार ने सभी विपक्षी पार्टियों से गुजारिश की है कि वे इस बिल पर संसद में सार्थक चर्चा करें। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा है कि केन्द्र सरकार संविधान के दायरे में रहकर भी वक्फ अधिनियम में संशोधन करने जा रही है। प्रस्तावित कानून से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। विपक्षी पार्टियां मुस्लमानों को गुमराह कर रही हैं। जबकि यह मुस्लिमों के हित में है। संभवतः दो अप्रैल को ही यह बिल सदन में पेश किया जाएगा और इस पर सरकार यह कोशिश करेगी कि इस बिल को लेकर विपक्षी पार्टियों की जो संकायें हैं उसे दूर किया जाये और इस बिल पर सर्वसम्मति बनाई जाये। किन्तु इस बिल के खिलाफ कुछ विपक्षी पार्टियों ने पूरे देश में जैसा माहौल बना रखा है उसे देखते हुए वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा भारी हंगामा हो सकता है। गौरतलब है कि अस्सद्दुन आवैसी ने वक्फ बिल को लेकर मोर्चा खोल रखा है। वे लगातार वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं और इस बिल को असंवैधानिक करार दे रहे हैं। अब तो उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को भी चुनौती दे दी है। ओवैसी ने कहा है कि एनडीए में शामिल नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान यदि मुसलमानों के सच्चे हितैषी हैं तो उन्हें केन्द्र सरका पर दबाव बनाना चाहिए और संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को रोकना चाहिए यदि वे ऐसा नहीं करते मुस्लिम समुदाय इन नेताओं को उनके विश्वासघात के लिए कतई माफ नहीं करेगा। ओवैसी के इस विरोध के कारण संसद में इस बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तिखी तकरार होना लाजमी है। दरअसल छह माह बाद बिहार विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। यही वजह है कि वक्फ बिल को लेकर औवैसी सहित अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता वक्फ बिल पर सियासत कर रहे हैं और उनके बीच मुस्लिमों का सबसे बड़ा हितैषी बनने की होड़ लगी हुई है। बहरहाल सरकार को चाहिए कि वह वक्फ बिल को लेकर विपक्ष की शंकाओं का समाधान करे और इस बिल पर सर्वसम्मति कायम करने की हर संभव कोशिश करे।

हर्ष रंजन

वक्फ बोर्ड भूमि घोटाले में मुख्य पीड़ित बने मुसलमान

> इसके अलावा, समिति को संबंधित नागरिकों से लाखों सुझाव मिले, जिससे संशोधन की आवश्यकता और भी बढ़ गई। विशेष समूहों के दावों के विपरीत कि सरकार विधेयक थोप रही है, वास्तविकता यह है कि प्रस्तावित संशोधन व्यापक परामर्श का परिणाम हैं। विधेयक का प्राथमिक प्रतिरोध मुस्लिम समुदाय के भीतर प्रभावशाली व्यक्तियों से आता है, जो इसे वित्तीय खतरे के रूप में देखते हैं क्योंकि इससे वक्फसंपत्तियों की अवैध बिक्री और अतिक्रमण पर रोक लग जाएगी। हालांकि, आम मुस्लिम आबादी, खासकर मुस्लिम महिलाओं ने यह मानते हुए सरकार की पहल का स्वागत किया हैकि ये सुधार सामुदायिक संपत्तियों का और अधिक शोषण होने से बचाएंगे।
>
> **निष्कर्ष**
>
> वक्फसंपत्ति अनियमितताओंसे न केवल वक्फबोर्डों की प्रशासनिक विफलता का पता चलता है, बल्कि मुस्लिम समुदाय के लिए एक नैतिक दुविधा भी खड़ी हो गई है। जब तक इस भूमि के निष्पक्ष प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए साहसिक कदम नहीं उठाए जाते, तब तक घाटा बढ़ता रहेगा, जिसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो वक्फसंसाधनों पर सबसे अधिक निर्भर हैं। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 एक व्यवस्थित और पारदर्शी समाधान की पेशकश करता है, लेकिन सवाल यह है: क्या समुदाय व्यापक भलाई से जुड़े इन सुधारों का समर्थन करेगाया आंतरिक सत्ता संघर्ष इसकी प्रगति में बाधा डालते रहेंगे।

वक्फ संपत्तियों का आकार

देश में सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी भूमि वक्फ़ की है। भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली (वामसी) पोर्टल के मुताबिक भारत में वक्फसंपत्तियों का कुल क्षेत्रफल 37.39 लाखएकड़ से अधिक है। भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से 32 वक्फ़ बोर्ड विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करते हैं। कुल 8,72,802 वक्फसंपत्तियों के साथ, भारत में वक्फसंपत्तियों का आकार बहुत बड़ा है। इसके अलावा, 4,02,089 'वक्फबाय यूजर' हैं, लेकिन उनके लिए कोई उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इतनी बड़ी संपत्ति होने के बावजूद, केवल 1,088 वक्फडीड पंजीकृत की गई हैंऔर 26,676 निजी वक्फ(वक्फअल औलाद) संपत्तियां हैं।

भारत में वक्फका इतिहास और वर्तमान संकट

भारत में वक्फसंपत्तियों का प्रशासन कई विधायी परिवर्तनों के माध्यम से विकसित हुआ है, जिसका उद्देश्य प्रशासन में सुधार और कुप्रबंधन को रोकना है। 1894 में प्रिवी काउंसिल के आदेश के बाद से, मुस्लिम वक्फअधिनियम संशोधन (1913, 1923, 1930), वक्फ अधिनियम 1954 और इसके बाद हुए संशोधनों सहित विभिन्न कानूनों ने वक्फप्रशासन को आकार दिया है। वक्फ अधिनियम, 1995 ने विनियामक तंत्र को और मजबूत किया, जिसमें 2013 में एक प्रमुख संशोधन ने इसके दायरे का विस्तार किया।

इतना शानदार इतिहास होने के बावजूद, भारत में वक्फ बोर्ड अनियमितताओं और कुप्रबंधन के आरोपों में घिरे हुए हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए वक्फसंपत्तियों को अक्सर अवैध रूप से बेचा जाता है या निजी संस्थाओं को औने-पौने दामों पर पट्टे पर दे दिया जाता है। बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार ने मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ती अशांति को जन्म दिया है क्योंकि अतिक्रमण, अवैध भूमि लेनदेन और कानूनी विवादों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हालांकि, भले ही इस समस्या को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, लेकिनअधिकांश समुदाय के सदस्य सामाजिक प्रतिक्रिया और साथियों के दबाव के डर से बोलने से बचते हैं।

बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और कानूनी विवाद

वक्फसंपत्तियों के एक बड़े हिस्सेपर अतिक्रमण है, जिस कारण कई कानूनी लड़ाइयां हो रही हैं। वामसीपोर्टल के अनुसार, वर्तमान में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के 58,890 मामले हैं। वक्फ संपत्तियों से संबंधित कुल मुकदमेबाजी के मामलों की संख्या 31,999 है, जिनमें से 16,140 मामले विशेष रूप से अतिक्रमण से संबंधित हैं। इनमें से 3,165 मामले मुस्लिम याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर किए गए हैं। मुस्लिम समुदाय के कई लोगों का मानना है कि वक्फबोर्डों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के चलते भ्रष्ट अधिकारियों और निहित स्वार्थी लोगोंके लिए इन संपत्तियों का दोहन करना संभव हुआ है, जिससे समुदाय को उसके सही संसाधनों से वंचित किया जा रहा है।

बोलने का डर और आंतरिक संघर्ष

इस मुद्दे ने समुदाय के भीतर आंतरिक कलह को जन्म दिया है क्योंकि लोगों को तेजी से एहसास हो रहा है कि वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन मुख्य रूप से मुसलमानों को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, सामाजिक दबावों के कारण खुलकर आलोचना करना दुर्लभ है। कई सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रमुख मुस्लिम हस्तियों, शिक्षाविदों और विचारकों ने वक्फ कानून सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर बढ़ती लेकिन अव्यक्त आम सहमति को उजागर किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कई समुदाय के प्रभावी लोग धार्मिक और राजनीतिक समूहों से प्रतिक्रियाओं के डर से इस मुद्दे पर सार्वजनिक रूप से बोलने में हिचकते हैं। पूरे भारत में मुकदमेबाजी और शिकायतेंअल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को पूरे भारत में वक्फसंपत्तियों पर अतिक्रमण के बारे में कई शिकायतें और अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। इन अतिक्रमणों का पैमाना खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें अक्सर वक्फ बोर्ड की प्रत्यक्ष संलिप्तता होती है। विभिन्न शहरों में कई मामले संकट की सीमा को उजागर करते हैं: भोपाल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से एक वक्फकॉम्प्लेक्स बनाया गया था और 125 पंजीकृत कब्रिस्तानों में से 101 रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। हैदराबाद में अकेले 2021 में अतिक्रमणकारियों को 765 नोटिस जारी किए गए, जबकि भारत के सबसे अमीर लोगों में से एक तेलंगाना के वक्फ बोर्ड के पास 5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है, फिर भी इसकी 75त्न जमीन पर अतिक्रमण है। मुंबई में, महाराष्ट्र की 60त्न से अधिक वक्फभूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है, परेल में मूल रूप से 72 एकड़ में फैली लाल शाह बाबा दरगाह, अब वक्फभूमि पर बने आवासीय टावरों से घिरी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया है कि लखनऊ मेंवक्फबोर्ड द्वारा दावा की गई 78त्न भूमि वास्तव में सरकारी स्वामित्व वाली है और 1989 के सरकारी आदेश को रद्द कर दिया गया है, जिसने अवैध रूप से गैर-खेती योग्य भूमि को वक्फसंपत्ति के रूप में पंजीकृत किया था। पटना में, बिहार सुन्नी वक्फबोर्ड ने हिंदू बहुल गांव गोविंदपुर, फतुहा में भूमि के स्वामित्व का दावा करते हुए एक नोटिस जारी किया, जिससे सात हिंदू परिवार प्रभावित हुए।

वक्फसंशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है

वक्फसंशोधन विधेयक 2024 सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके माध्यम से मुसलमानों के साथ अन्याय करने का दावा भ्रामक है, क्योंकि इसका एकमात्र उद्देश्य समुदाय के लाभ के लिए बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करना है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों और कानूनी विशेषज्ञों का तर्क है कि सामुदायिक संपत्तियों के आगे दुरुपयोग को रोकने के लिए वक्फबोर्डों को पूरी तरह से बदलना चाहिए। कुछ लोगों का सुझाव है कि वक्फसंपत्तियों को सख्त सरकारी निगरानी के तहत लाया जाना चाहिए, जिसमें निर्णय लेने में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने वाले तंत्र हों। वक्फ मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए वक्फ अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता है, क्योंकि सामुदायिक कल्याण के लिए बनाई गई संपत्तियां भ्रष्टाचार और व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं बननी चाहिए।

वक्फसंशोधन विधेयक 2024 की मुख्य विशेषताएं

वक्फसंशोधन विधेयक 2024 को वक्फसंपत्तियों से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के रूप में सराहा जा रहा है। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फबोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को दूर करना है। सबसे बड़ी समस्याओं में से एक रिकॉर्ड को डिजिटल बनाना और उन्हें वामसी पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता रही है। संशोधन में यह अनिवार्य किया गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाए, ताकि अधिक पारदर्शिता और पहुंच में आसानी सुनिश्चित हो सके।

सरकार का होमवर्क और परामर्श

सरकार ने पिछले आठ वर्षों में मुस्लिम समुदाय के साथ व्यापक परामर्श किया है, जिसमें वक्फसे संबंधित मुद्दों और संभावित सुधारों पर देशव्यापी चर्चाएं शामिल हैं। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, वक्फसंशोधन विधेयक, 2024 पर एक संयुक्त समिति का गठन किया गया, जिसने जनता की प्रतिक्रिया लेने के लिए पूरे भारत में 36 बैठकें कीं।

गणगौर पर्व की महिमा

उमा मेहता त्रिवेदी

गणगौर एक रंगीन और जीवंत त्योहार है जो भारत के राजस्थान राज्य में मनाया जाता है। यह त्योहार देवी गौरी को समर्पित है, जिन्हें पार्वती का अवतार माना जाता है। यह त्योहार विवाहित महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जो अपने पति की भलाई के लिए देवी गौरी की पूजा करती हैं। गणगौर त्योहार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के तीसरे दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर मार्च या अप्रैल में आता है। यह त्योहार 16 दिनों तक चलता है और इसमें कई तरह के अनुष्ठान और उत्सव शामिल होते हैं। गणगौर त्योहार की शुरुआत होलिका दहन के अगले दिन से होती है। इस दिन, महिलाएं मिट्टी की गौरी और शिव की मूर्तियाँ बनाती हैं और उन्हें फूलों और गहनों से सजाती हैं। वे इन मूर्तियों को अपने घरों में स्थापित करती हैं और 16 दिनों तक उनकी पूजा करती हैं। गणगौर त्योहार के दौरान, महिलाएं हर दिन सुबह जल्दी उठती हैं और तालाब या कुएँ से पानी लाती हैं। वे इस पानी से गौरी और शिव की मूर्तियों को स्नान कराती हैं और उन्हें नए कपड़े और गहने पहनाती हैं। वे देवी को फल, मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थ भी अर्पित करती हैं। गणगौर त्योहार का सबसे महत्वपूर्ण दिन गणगौर पूजा का दिन है। इस दिन, महिलाएं उपवास रखती हैं और देवी गौरी की विशेष पूजा करती हैं। वे देवी को सिंदूर, मेहंदी और अन्य श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करती हैं। वे देवी को गीत और नृत्य भी प्रस्तुत करती हैं। गणगौर त्योहार का समापन गणगौर विसर्जन के साथ होता है। इस दिन, महिलाएं गौरी और शिव की मूर्तियों को जुलूस में ले जाती हैं और उन्हें पानी में विसर्जित करती हैं। वे देवी से अपने परिवार और पति के लिए आशीर्वाद मांगती हैं। गणगौर त्योहार राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह त्योहार महिलाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह उनके पति और परिवार के प्रति उनके प्यार और भक्ति का प्रतीक है।

प्रेरक प्रसंग : कारण ही मिटा दो

तिहासप्रसिद्ध रोमन सम्राट जूलियस सीजर का जन्म इ 101 ई. पू. में एक आभिजात्य रामन कुल में हुआ था। इस कुल के लोग स्वयं को वीनस देवी का वंशज मानते थे। सीजर ने रामन गणतंत्र में अपने-आपको एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर लिया था। कहने भर को सारे प्रशासकीय निर्णय रोमन सीनेट की बैठक में लिये जाते थे, लेकिन असल में राजसत्ता का मुख्य केंद्र सीजर का निवास स्थान ही था। जूलियस सीजर को अपने किसी विरोधी द्वारा लिखे गये पत्रों का एक पुलिंदा मिला पर सीजर ने उन्हें बिना पढ़े ही आग के हवाले कर दिया। यह देखकर उनके एक मित्र ने पूछा, आपने पत्र जलाकर अच्छा नहीं किया। अपने शत्रु के प्रमाण के रूप में ये पत्र अच्छे दस्तावेज साबित हो सकते थे। अपने हितैषी को परामर्श के लिए धन्यवाद देने के बाद बड़े सधे अंदाज में सीजर ने कहा, यद्यपि मैं क्रोध के प्रति सदैव सतर्क रहता हूं पर मेरी दृष्टि में उससे भी ज्यादा आवश्यक कदम यह है कि क्रोध के कारण को ही मिटा दिया जाए।

आज का पंचांग



सूर्योदय : 06:22, सूर्यास्त : 06:40, चन्द्रोदय : 07:46, चन्द्रास्त : 22:13, अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : वसंत, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : पञ्चमी, नक्षत्र : कृत्तिका, योग : प्रीति, प्रथम करण : वणिज (16:04 तक), द्वितीय करण : विष्टि (26:32 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : वृष (16:30 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पश्चिम , वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:56 से 12:46, अमृत काल : 06:50 से 08:16,सर्वार्थसिद्धि योग : 11:06 से 30:05,रवियोग : 11:06 से 30:05, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:16, गोधूलि मुहूर्त : 18:34 से 18:57, सायाह्न सन्ध्या : 18:35 से 19:44, निशिता मुहूर्त : 23:57 से 24:43, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:14 से 10:47,दुर्मुहूर्त : 08:36 से 09:26, होमाहुति : सूर्य - 11:06 से बुध, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (26:32 तक), भद्रावास : स्वर्ग (16:04 से 26:32)।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1849 में आज ही के दिन ब्रिटिश पंजाब की स्थापना हुई थी। 1921 में 2 अप्रैल के दिन ही प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने अपने नए सापेक्षता के सिद्धांत विषय पर न्यूयार्क शहर में व्याख्यान दिया था। 1942 में आज ही के दिन कांग्रेस ने क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को खारिज किया। 1945 में 2 अप्रैल के दिन ही सोवियत संघ और ब्राजील के बीच राजनयिक संबंध बहाल हुए थे। 1984 में आज ही के दिन अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा मिशन सोयूज टी-11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने थे। 1997 में 2 अप्रैल के दिन ही सुमिता सिन्हा ने अपने ऊपर से 3,200 किलोग्राम भार के ट्रक को पार करने की अनुमति देकर रिकॉर्ड बनाया था।1999 में आज ही के दिन मास्को में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल की शिखर बैठक संपन्न हुई थी। 2007 में 2 अप्रैल के दिन ही सोलोमन द्वीप में शक्तिशाली सुनामी आई थी। 2011 में आज ही के दिन भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता था। 2017 में 2 अप्रैल के दिन ही अमरीकी गायक और गीतकार बॉब डिलन ने साहित्य के लिए प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार स्वीकार कर लिया था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रिद्धि दे, सिद्धि

रिद्धि दे, सिद्धि दे, वंश में वृद्धि दे, हृदय में ज्ञान दे, चित्त में ध्यान दे, अभय वरदान दे, दुःख को दूर कर, सुख भरपूर कर, आशा को संपूर्ण कर, सज्जन जो हित दे, कुटुंब में प्रीत दे, जग में जीत दे, माया दे, साया दे, और निरोगी काया दे, मान-सम्मान दे, सुख समृद्धि और ज्ञान दे, शान्ति दे, शक्ति दे, भक्ति भरपूर दें... - **वंदना गोयल**

देखती हूं जब

देखती हूं जब मैं खाली-खाली सा है आसमान,हौसला मुझमें भी है रोक मत मुझे हो भले ही आखिरी.पक्षियों को देखकर सोचती हूं एक उड़ान में भी भरूं,तू शिखर पर है मेरे खुदा मैं ज़मीन पर सही,हुनर का बादशाह है तू तो कुछ हुनर मुझमें भी है.स्पर्श कर सकू तेरी ऊँचाई को एक मौका मुझे भी दे तो सही। - **अंजू डागर**

खास पाती

बिना बोले बिना देखे तुझे

बिना बोले बिना देखे तुझे, मैं रह नहीं सकता हुआ है हाल कैसा ये किसी से ,कह नहीं सकता तू' मेरी ज़िंदगी की खूबसूरत इक पहेली है हो' झूठेसे जुदा मुझसे कभी मैं ,सह नहीं सकता - **संजय कुमार गिरि**

माँ की ऊंगली, माँ का अंचल, माँ में

माँ की ऊंगली, माँ का अंचल, माँ में सारी दुनियां समाई है। इस ब्रह्मांड में कुछ नहीं ऐसा जिसने माँ की जगह पाई है। सुबह उठते ही ईश्वर से पहले तेरा नाम लूं। जो आज भी डरूं तो... तुझे थाम लूं। तेरे ही सपनों के रंग, मैं ढला हूं। तुझ तक पहचूं! पहले पग चला हूं। माँ, मैं तेरा दुलार हूं, गुस्से में भी मैं तुझको प्यारा हूं। मैं सौ जन्म भी लगा लूं, चाहें जितना कमा लूं नहीं खरीद पाऊंगा! तेरे साथ बीता एक भी दिन, चाहें तेरी ही झुठी, कसमें खा लूं! - **जय बरूआ**

मीठी-मीठी खुशबू से आँगन

मीठी-मीठी खुशबू से आँगन महक रही है डालियों में खिली है बगिया महक रही है भंवरे और मधुमक्खी डालियों बैठ मोहित हो उठे हैं उड़ना चाहते हैं वापस जाने को पर बहक गए हैं मीठी मीठी गंध से उमंगित हैं डालियों में उड़ उड़ कर बैठ रहे है मधुकामिनी की फूल पर बैठ मोहित हो गए है मीठी मीठी खुशबू से आँगन महक रहे हैं।

- **लक्ष्मी नारायण लहरे**

सड़क के किनारे बने घर

सड़क के किनारे बने घर को बस्ती के घरों से ज्यादा जिम्मेदार, संवेदनशील, परोपकारी, उदार होना चाहिए, क्योंकि उस पर ही गांव की प्रतिष्ठा निर्भर होती है। कोई जरूरी नहीं कि सड़क के किनारे का घर किसी अमीर का ही हो। वह किसी गरीब का भी हो सकता है, लेकिन किसी भूखे-प्यासे राहगीर कोप्रेम से एक लोटा पानी पिलाने का दिल अवश्य होना चाहिए। कोई भी भूखा-प्यासा राहगीर उसी घर के द्वार पर जाकर आवाज लगाता है। राहगीर को आदर-भाव से पिलाया गया एक लोटा पानी पूरे गांव को सम्मान दिलाता है। - **राजकुमार धर द्विवेदी**

नवल वर्ष का नवप्रभात नवल वर्ष

नवल वर्ष का नवप्रभात नवल वर्ष का नवप्रभात है माता पुनः पधारी है। चौकी माँ की साजेगी अब, दिवस बहुत आभारी है। नवसंवत्सर चैत्र मास का खुशहाली घर लाएगा सुख समृद्धी फैले आँगन दुविधा सभी मिटाएगा। रोली चावल दूध भात से मां जो पूजी जाएगी नकारात्मक सारी शक्ती, घर से दूर भगाएगी। आशा की ले किरन नवेली नव प्रभात मुस्काया है नवल वर्ष का नव प्रभात यह नया सवेरा लाया है। - **इंदु रानी**

सुनो ना सुनी सुनी सी राहों में देखा

सुनो ना सुनी सुनी सी राहों में देखा है तुम्हें कई बार चहलकदमी करते हुए अपनी बेचैनियों के साथ हर बार सोचा कि... तुम्हारे करीब आऊं...और पूछूं तुमसे...तुम्हारी परेशानियों का सबब ददमगर ये हो ना सका...मगर ये हो ना सका...क्योंकि हमदोनो के बीच एक अनदेखी सी दीवार है जिसे 'अहम' कहते हैं और इस दीवार नें हमें दो टुकड़ों में बांट रखा है आज भी इस दीवार के एक तरफमैं हूँ...और दूसरी तरफ पास होकर भी कितने तन्हां कितने अकेले हैं हम : - **रश्मि अभय**

QUIZ TIME

1) नॉइज ने किस महिला वेलनेस कंपनी का मई, 2024 को अधिग्रहण किया?

2) चन्द्रमा पर पहली ट्रेन प्रणाली के लिए योजनाबद्ध नाम क्या है?

3) किस राज्य ने अप्रत्याशित मृत्यु के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए एक यूनिवर्सल लाइफइन्शुरन्स पॉलिसी शुरू की है?

4) आकाशगंगा में पाए गए सबसे बड़े तारकीय ब्लैक होल का नाम क्या है?

5) इलेक्ट्रिक स्टैंडिंग व्हीलचेयर का नाम बताएँ जिसे आईआईटी मद्रास द्वारा बनाया गया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) [illegible] (3) [illegible] (4) [illegible] (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपको पारिवारिक समस्याओं का स्थायी समाधान मिल सकेगा किसी वरिष्ठ व्यक्ति का इसमें महत्त्वपूर्ण सहयोग रहेगा।

वृषः आज के दिन आप परिस्थितियों से हार मान लेंगे मानसिक अशांति अधिक रहेगी। समझौते वाली प्रवृति भी आज काम् नहीं आने वाली।

मिथुनः आज के दिन आप सामाजिक गतिविधियो में अधिक सक्रिय रहेंगे। समाज के वरिष्ठ लोगों के साथ संपर्क बढ़ेंगे सम्मान में वृद्धि होगी।

कर्कः आज का दिन आपके लिए आशा से अधिक फायदेमंद रहेगा। घर एवं बाहर आश्चर्यजनक घटनाएं घटित होंगी।

सिंहः आज आप किसी धार्मिक क्षेत्र से जुड़ेंगे जिससे आध्यात्मिक उन्नति होगी मन शांत रहेगा हास्य परिहास वाले स्वभाव के कारण आसपास का वातावरण खुशनुमा करेंगे।

कन्याः आज आप दिन भर कार्य क्षेत्र पर व्यस्त रहेंगे व्यवसाय सम्बंधित वादे पूरे करने के लिए कठोर परिश्रम करना पड़ेगा।

तुलाः आज आपके द्वारा बनाई योजनाएं शीघ्र फलीभूत होंगी। सभी महत्त्वपूर्ण कार्य आज सरलता से पूर्ण होने की संभावना अधिक रहेगी।

वृश्चिकः आज के दिन आपको मिला जुला फल मिलेगा। एक पल में खुशी के समाचार मिलने से आनंदित हो उठेंगे।

धनुः आज के दिन आप स्वयं को अन्य लोगो से कम आंकेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा।

मकरः आज के दिन फिर से व्यावसायिक उलझने बढ़ने के कारण नई परेशानी खड़ी होगी। घर का वातावरण भी अस्त-व्यस्त रहेगा कोई भी आपकी बात को महत्त्व नहीं देगा।

कुंभः आज के दिन आपको अधूरे कार्य पूर्ण करने की जल्दी रहेगी जल्दबाजी में कुछ कार्य बिगड़ भी सकते है इसका ध्यान रखें।

मीनः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धा के चलते अधिक मशक्कत करनी पड़ेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -005

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल

खा	म	खां			ई			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दां		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नी	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

संक्षिप्त खबरें

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के मिश्रा अध्यक्ष, दीक्षित सचिव निर्वाचित

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के सबसे पुराने सामाजिक संगठनों में एक कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में सुरेश मिश्रा ने 262 मतों के बड़े अंतर से आलोक तिवारी पर जीत दर्ज कर अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह सचिव पद पर राजकुमार दीक्षित ने रज्जन अग्निहोत्री को पराजित कर चुने गए। इनके अलावा 19 कार्यकारिणी सदस्य भी मतदान से ही चुने गए। इनमें नौ महिलाएं श्रीमती नीता अवस्थी, आभा बाजपेयी, निशा पाण्डेय, सुनयना शुक्ला, राधा तिवारी, शीतल मिश्रा, सुधा शुक्ला, और सुनयना मिश्रा भी शामिल हैं। इनके अलावा प्रमोद मिश्रा, आशीष बाजपेयी, उत्कर्ष त्रिवेदी, प्रभात मिश्रा, संगम तिवारी, दीपक तिवारी, विजय शुक्ला, प्रसून दीक्षित, रितेश अवस्थी, गौरव शुक्ला भी शामिल हैं। इन निर्वाचन पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र पाण्डेय ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में श्रीनगर खमतराई निवासी संदीप यदू 42 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएन 5621 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। । वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 3 देवेन्द्र नगर निवासी दीप्ति सहाय 40 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत की, कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 डीवाय 4574 को पंडरी स्थित शिवम शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। दोनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। गंज पुलिस ने जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 65200 रुपए जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि होटल शुभम पैलेस के कमरा नंबर 209 में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी पुलकित शर्मा 38 वर्ष सहित अन्य 10 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 63200 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रतिबंधित सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खमतराई पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली कोरेक्स सीरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 37 नग सीरप जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खमतराई के बाजार में दबिश देकर आरोपी प्रसांत वाहने 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 37 नग कोरेक्स सीरप जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

असामाजिक तत्वों ने दुकान में लगाई आग

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टेकारी में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने लोगों की शांति भंग कर दी है। यह एक महीने के भीतर तीसरी घटना है। पहले, नकाबपोशों ने दिनदहाड़े एक नाबालिग और एक युवक से मोबाइल लूट लिया था, और अब, रविवार की रात को अज्ञात व्यक्ति ने एक होटल और फ्ल दुकान को आग के हवाले कर दिया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बिजली विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, परदेसी राम साहू, जो पिछले एक दशक से टेकारी मंदिर कॉलोनी में होटल चला रहे हैं, रविवार शाम 7 बजे होटल बंद कर अपने घर चले गए थे। रात करीब 1 बजे अज्ञात शख्स ने होटल में आग लगा दी। इसके साथ ही, टेकराम साहू की फ्ल दुकान की गुमटी में भी आग लगा दी गई।

खारून नदी के किनारे खुदाई में मिले पुरातात्विक अवशेष

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के रायपुरा डीपरापारा इलाके में खारून नदी के किनारे खुदाई के दौरान छठी से चौदहवीं शताब्दी के पुरातत्व अवशेष मिले हैं। यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से सिल्लबट्टा, धान कूटने का बहाना, मिट्टी के बर्तन और बड़े पत्थरों से बने मूसल जैसे ऐतिहासिक सामान बरामद किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थान प्राचीन रायपुर का असली केंद्र हो सकता है जहां कभी बाजार भी लगता होगा। यहां से मिले कुछ अवशेष सिरपुर की खुदाई में मिले अवशेषों से मेल खाते हैं जो इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को और मजबूत करता है। यह अवशेष तब सामने आए जब निजी जमीन के मालिक ने ट्रैक्टर और मशीनों से जमीन समतल करने का काम शुरू किया। खुदाई के दौरान जब बड़ी संख्या में ऐतिहासिक अवशेष मिले, तो कुछ ड्राइवरों ने इन्हें किनारे रख दिया लेकिन जमीन मालिक ने प्रशासन और पुरातत्व विभाग को सूचना नहीं दी। जब स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से यह खबर फैली, तब जाकर पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी मिली।

महाराष्ट्र मंडल में रामायण के पात्रों पर चर्चा

रामायण हमें सिखाता है जीने की कला : डॉ. मंजूषा

■ पहले दिन राजा दशरथ, कौशल्या, प्रभु श्रीराम व धोबी के चरित्र पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में नवरात्रि में रामायण के पात्रों की चर्चा के दौरान डॉ. मंजूषा वैशंपायन ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाता है। प्रभु श्रीराम के जीवन को आदर्श जीवन संहिता कहा जाता है।एक अन्य वक्ता अभिषेक बक्षी ने कहा कि रामायण में धोबी का पात्र हमें किसी भी काम को करने के पहले सोचने और उसे समझने की सलाह देता है। दूसरे के कहने पर न चलें, बल्कि संपूर्ण जानकरी हासिल कर स्वयं निर्णय लें। आरती ठोंबरे ने माता कौशल्या और छत्तीसगढ़ के परिदृश्य में कहा कि छत्तीसगढ़ से भगवान श्रीराम को गहरा नाता है। पहला तो यह कि छत्तीसगढ़ उनका ननिहाल है। दूसरा यह कि अपने वनवास काल में श्रीराम ने सर्वाधिक समय दण्यकारण्य यानी हमारे बस्तर के जंगलों में बिताया।

आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में रामनवमी उत्सव पर राम कथा के विभिन्न पात्रों पर 30 मार्च से 6 अप्रैल तक व्याख्यान माला आयोजित किया गया है। इसके पहले दिन डॉ. मंजूषा वैशंपायन ने कहा कि आज के युग में जहां भाई- भाई से धन संपत्ति के लिए लड़ रहे हैं। वहीं श्रीराम और भरत का त्याग यह सिखाता है कि एक- दूसरे के सुख में सुखी कैसे रहना चाहिए। श्रीराम का जन्म केवल रावण का वध करने के लिए नहीं, बल्कि पृथ्वी पर पुनः धर्म की स्थापना करने के लिए हुआ था।

10 चक्कों के रथ पर लने वाले राजा कहलाए दशरथ: 10 चक्कों के रथ पर चलने वाले राजा अयोध्या नरेश दशरथ कहलाए। हालांकि उनका नाम दशरथ रखे जाने की सविस्तार कथा अभिषेक बक्षी ने बताई। बक्षी ने एक साथ 10 दिशाओं में युद्ध करने की क्षमता रखने वाले राजा दशरथ के जन्म से लेकर मृत्यु तक कई अहम् जानकारियां प्रचलित कथाओं के माध्यम से दी।

छत्तीसगढ़ में भांजा रामतुल्य प्रभु श्रीराम की मां कौशल्या पर चर्चा करते हुए आरती ठोमरे कहतीं हैं कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का ननिहाल दक्षिण कोसल है। यह दक्षिण कोसल असल में हमारा छत्तीसगढ़ ही है। यहां राजधानी रायपुर के निकट चंदखुरी यानी कौशल्याधाम में माता कौशल्या का प्रदेश का इकलौता मंदिर स्थित है। यहां प्रभु श्रीराम माता की गोद में बाल रूप में विराजमान है। छत्तीसगढ़ में भगवान राम का ननिहाल होने के कारण यहां की संस्कृति में बहन के बेटे यानी भांजे को रामतुल्य माना जाता है, इसलिए यहां के लोग अपने भांजे का पैर छूते है। आरती ने कौशल्या के विभिन्न स्वरूपों के गुणों की चर्चा कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

आस्था काले ने बताया कि रामायण के पात्रों की चर्चा से पहले श्रीराम का पूजन, राम रक्षा स्त्रोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं अंत में धनश्री पेंडसे ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर सभी को राम नाम पर झूमने पर मजबूर कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

नवरात्र में 67 नई दुकान खोल कर शराब की नदियां बहाने जा रही साय सरकार

■ सस्ता सिलेंडर देने के बजाय सस्ती शराब बेच रही है सरकार : वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि एक अप्रैल से छत्तीसगढ़ सरकार शराब में सेस भी कम कर रही है और दरे भी घटा रही है, सरकार द्वारा घोषित नई दरों के अनुसार शराब की कीमत में 4 प्रतिशत तक की कमी की गयी है, यही नहीं इस नवरात्रि के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी की साय सरकार शराब की नदियां बहाने और छत्तीसगढ़ के युवाओं को नशे की लत में डुबाने के लिये 67 नई शराब दुकाने खोल रही है। भाजपा प्रदेश में सस्ती सिलेंडर देने का वादा करके चुनाव जीती है और सिलेंडर सस्ता देने के बजाय शराब को सस्ती करके प्रदेश में शराब को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना चाहती है। भाजपा का मदिरा प्रेम प्रदेश के हर वर्ग के खिलाफ है, जो भाजपा विपक्ष में रहते शराबबंदी की मांग को लेकर आंदोलन करती थी सत्ता मिलते ही वह शराब से ज्यादा से ज्यादा कमाई करने के लिए शराब की कीमतों को घटा रही है लोगों तक शराब पहुंचाने के लिए मनपसंद ऐप शुरू किया है, वातानुकूलित आहाता खोले, एयरपोर्ट से लेकर होटल ढाबों में शराब पिलाने के लिए लाइसेंस देने जा रही है और प्रदेश में नई 67 शराब की दुकान खोल रही है भाजपा का उद्देश्य शराब से काली कमाई करना भ्रष्टाचार करना कमीशन खोरी करना है और प्रदेश को नशा के गर्त में धकेलना है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है लगातार सरकार शराब की खपत बढ़ाने के प्रयास में लगी है। साय सरकार में शराब की कोचियागिरी बड़े पैमाने पर जारी है।

राजनांदगांव, मुंगेली सहित प्रदेश के अनेकों स्थानों से लगातार खबरे आ रही है सरकारी शराब दुकानों से 200 रू. प्रति पेटी अतिरिक्त लेकर गली, मुहल्लों में कोचिये शराब पहुंचा रहे है। हाल ही में डोंगरगढ़ में बाटलिंग प्लांट यूनिट में पानी मिलाते रंगे हाथों पकड़े गये।

पीएम ने जो शिलान्यास और आवास की चाबी सौंपी हैं, उसमें बीजेपी सरकार का योगदान नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो पावर प्लांट का शिलान्यास किया और प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी है, वह सब कांग्रेस सरकार की देन है। भाजपा ने पूर्व में शिलान्यास हो चुके पावर प्लांट का दोबारा शिलान्यास कराया एवं पूर्व में बनना प्रारंभ हो चुके प्रधानमंत्री आवास की चाबी हितग्राहियों को सौंप कर जो 56 इंच की छाती बताने की कोशिश की है उसकी पोल खुल गई है अब भाजपा अपने एक झूठ को सच साबित करने के लिए फिर दोबारा झूठ बोल रही हैं ऐसा कृत्य करके भाजपा ने प्रधानमंत्री के साथ प्रदेश की जनता को भी गुमराह करने का षड्यंत्र किया है भाजपा को प्रधानमंत्री एवं जनता से माफी मांगनी चाहिए।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि शिलान्यास मामले पर भाजपा का झूठा उजागर होने के बाद भाजपा सच सामने आने से तिलमिला रही है। कोरबा में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के 1320मेगावाट के 620/2 के दो सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट बनाने का निर्णय भूपेश सरकार के समय 25 अगस्त 2022 को लिया गया था इसके लिए वित्तीय स्वीकृति के बाद इसका शिलान्यास भी 30 जुलाई 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टी.एस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल की उपस्थिति में किया था। राज्य में सरकार बदलने के बाद साय सरकार ने इस महत्व पूर्ण परियोजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया यदि समायानुसार कार्य आगे बढ़ाया गया होता होता तो यह पावर प्लांट अभी तक पूरे हो चुके होते इनके निर्माण से राज्य की कुल विद्युत निर्माण क्षमता 4000 मेगावाट से अधिक हो जाती।

पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रिटायर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों को दी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस विभाग में लंबी सेवा के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए 4 सहायक उपनिरीक्षक एवं 3 प्रधान आरक्षक को विदाई दी गई। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, उप पुलिस अधीक्षक लाईन निलेश द्विवेदी, रक्षित निरीक्षक अनीश सारथी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा उनकी सेवा की सराहना करते हुए उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दिये। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में सहायक उप निरीक्षक भूषण लाल साहू, सुरेन्द्र मिश्रा, चम्पू लाल साहू, श्रीमती मिनती सरकार तथा प्रधान आरक्षक विनोद कुमार कश्यप, चुम्मन लाल साहू एवं मानभंजन भोई शामिल हैं। सउनि भूषण लाल साहू - आप वर्ष 1989 में आरक्षक के पद पर जिला रायपुर में भर्ती होकर थाना कोतवाली, उरला, कसडोल, बालाघाट, नारायणपुर पुनः रायपुर यातायात एवं पुलिस लाईन रायपुर में सेवा देते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पूरे सेवा काल में दो पदोन्नती प्राप्त कर 36 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है। सउनि सुरेन्द्र मिश्रा - आप वर्ष 1981 में आरक्षक के पद पर जिला रायपुर में भर्ती होकर थाना सिविल लाईन, गंज, पण्डरी, टिकरापारा, पुरानी बस्ती एवं आमानाका में सेवा देते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पूरे सेवा काल में दो पदोन्नती प्राप्त कर 44 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है।

सउनि चम्पू लाल साहू - आप वर्ष 1988 में आरक्षक के पद पर जिला रायपुर में भर्ती होकर थाना पुरानीबस्ती, खरोरा, अभनपुर, मौदहापारा, सिमगा, गोबरानवापारा, गुढियारी, महासमुद, खल्लारी, पटेवा, कोतवाली एवं पुलिस लाईन रायपुर में सेवा देते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पूरे सेवा काल में दो पदोन्नति प्राप्त कर 37 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है। सउनि श्रीमति मिनती सरकार - आप वर्ष 1982 में महिला आरक्षक के पद पर जिला रायपुर में भर्ती होकर पुलिस कंट्रोल रूम, महिला थाना एवं डॉयल 112 में सेवा देते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए इस दौरान आप पुरे सेवा काल में दो पदोन्नती प्राप्त कर 43 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है। प्रधान आरक्षक विनोद कुमार कश्यप - आप वर्ष 1984 में आरक्षक के पद पर जिला रायपुर में भर्ती होकर थाना- जीआरपी, खरोरा, आरंग एवं पुलिस लाईन रायपुर में सेवा देते हुए 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान आप पूरे सेवा काल में एक पदोन्नती प्राप्त कर 41 वर्ष की सफर तय किया जो अत्यंत सराहनीय है।

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एक रुपए सस्ता

रायपुर/नवप्रदेश। यह कोई अप्रैल फूल बनाने वाली बात नहीं है, बल्कि यह वास्तविकता है कि राज्य में एक अप्रैल से पेट्रोल एक रुपए सस्ता हो गया है। विष्णुदेव साय सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल के दाम में कटौती करते हुए नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पेट्रोल प्रति लीटर एक रुपए सस्ता करने की घोषणा की है, जो 31 मार्च को आधी रात से लागू हो गई है। आप सभी पेट्रोल भरवाकर चेक कर सकते हैं कि पेट्रोल 1 रूपए सस्ता हो गया कि नहीं, इसके साथ ही रायपुर में अब पेट्रोल की कीमत घटकर 100.42 रुपए प्रति लीटर हो गई है। यह कटौती प्रदेशवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के सभी शहरों में पेट्रोल की कीमतें 100 रुपए प्रति लीटर से ऊपर है। पेट्रोल की कीमत घटने से राज्य के आम लोगों को राहत मिलेगी। वहीं राज्य सरकार को राजस्व का घाटा होगा। वहीं, वाणिज्यक कर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उपभोग बढ़ने से राजस्व नुकसान की भरपाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 2025-26 के बजट में जनता को राहत देने पेट्रोल की कीमत में रूपए एक प्रति लीटर की कमी की गई है, जिससे आम लोगों, किसानों और उद्योगों को लाभ होगा। इसके पहले सरकार ने बल्क में डीजल खरीदी पर वैट घटाकर 17 प्रतिशत कर दिया था, जिससे परिवहन और कृषि कार्यों की लागत में कमी आई है।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशवासियों को एक बार फिर से भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश में 2 अप्रैल यानी बुधवार से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक याने शुक्रवार तक मौसम का मिजाज नरम-गरम रह सकता है। इस दौरान प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है, वहीं कहीं-कहीं ओलावृष्टि हो सकतीर है।

मौसम विभाग ने 2 से 4 अप्रैल तक विभिन्न जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें **2 अप्रैल:** सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, धमतरी, कोरबा, राजनांदगांव, सुकमा, बीजापुर, और अन्य जिले शामिल है। इसी तरह

3 अप्रैल: कोरिया, मनेंद्रगढ़, रायपुर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, और बस्तर.

4 अप्रैल: बस्तर, कांकेर, नारायणपुर, गरियाबंद, सरगुजा, जशपुर, और मनेंद्रगढ़ में मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, दक्षिण छत्तीसगढ़ से विदर्भ होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक एक टर्फ लाइन गुजर रही है, वहीं इस क्षेत्र से साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी गुजर रहा है, जिसके कारण प्रदेश में मौसम में बदलाव आएगा। छत्तीसगढ़ में इस बार की गर्मी में तापमान पहले से और भी अधिक होने की संभावना है. छत्तीसगढ़ में इस वर्ष मार्च के दूसरे सप्ताह में ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है, जिससे यह अनुमान है कि अप्रैल में भी तापमान पिछले वर्षों से अधिक रह सकता है. मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक, मार्च के अंत में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता था, लेकिन इस बार मार्च के मध्य में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंच गया.

दानी गर्ल्स स्कूल-डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग में चौपाटी बनाने का नागरिकों ने किया जमकर विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। दानी गर्ल्स स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग में बनाई जा रही चौपाटी का कई सालों से यहां के नागरिक एवं एनजीओ विरोध करते आए हैं। आज दिनांक 31 मार्च सोमवार के दिन दानी गर्ल्स स्कूल गेट के सामने भारी मात्रा में एकत्रित होकर एक बार फिर यहां के लोगों ने अपना विरोध दर्ज किया एवं रैली निकाली। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा काम बंद करने के आदेश दिए गए थे, परंतु बड़े लोगों के संरक्षण में चौपाटी निर्माण लगातार जारी है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजीत आनंद डिगवेकर ने चौपाटी बनाए जाने से तालाब, वेटलैंड एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। बूढ़ापारा के वरिष्ठ नागरिक दीपक शर्मा ने चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल के बाथरूम एवं हॉस्टल नजर आने से बहन बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए। वरिष्ठ नागरिक चंद्रशेखर गायकवाड ने जरूरत होने पर यह लड़ाई कोर्ट तक ले जाने की बात करी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अनुभव चरण शुक्ल ने नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा का अपना मूल कर्तव्य याद दिलाया। ग्रीन आर्मी रायपुर अध्यक्ष, गुरमीत टुटेजा ने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के संतुलन पर जोर दिया। इस मौके पर सत्यमेव जयते फाउंडेशन, हर की पौड़ी ग्रुप, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, छाया पार्षद राहुल तिवारी, मोहन वरलियानी, सुनील बंसल, एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे ।

सियासत...

रमन राज के 15 सालों में नक्सलवाद 3 ब्लॉक से 14 जिलों तक पहुंचा

मोदी झूठ बोल कर गए नक्सलवाद की पोषक तो भाजपा की नीतियां हैं : कांग्रेस

कांग्रेस की सरकार के समय नक्सली घटनाओं में 80 प्रतिशत कमी आई थी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नक्सलवाद पर दिये गये बयान का कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नक्सलवाद पर भाषण देने के पहले प्रधानमंत्री को अध्ययन करना चाहिये था छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद भाजपा के रमन सरकार के समय पूरे प्रदेश फैला जब राज्य में 2003 में भाजपा की सरकार बनी तब नक्सलवाद बस्तर के 3 ब्लॉकों तक ही सीमित था। रमन राज के 15 सालों में नक्सलवाद बस्तर के तीन ब्लॉकों से निकलकर 14 जिलों तक पहुंच गया। इन 15 सालों के अंत के 4 साल तक केंद्र में नरेन्द्र मोदी की भी सरकार बन चुकी थी। प्रधानमंत्री इस तथ्य को जान ले राज्य में नक्सलवाद को जिम्मेदार भाजपा की फासीवादी सोच और नीतियां है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रमन राज की इन दुर्दांत नक्सल हमलों का भी जवाब देना चाहिये, भाजपा राज में 6 अप्रैल 2010 में जिला दंतेवाड़ा के ताड़मेटला में 76 सीआरपीएफ जवान, 24 अप्रैल 2017 में जिला सुकमा के दुर्गापाल 25 सीआरपीएफ जवान शहीद, 25 मई 2013 दरभा के जीरम, जिला बस्तर में महेन्द्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल सहित 30 लोग शहीद, 29 जून 2010 धोडाई जिला नारायणपुर 27 पुलिस जवान शहीद, 17 मई 2010 दंतेवाड़ा यात्री बस में 36 लोग शहीद (12 विशेष पुलिस अधिकारी सहित), 12 जुलाई 2009 मदनवाडा एसपी चौबे सहित 29 पुलिसकर्मी शहीद, 09 जुलाई 2007 उपलमेटा एर्राबोर 23 पुलिस कर्मी शहीद, 15 मार्च 2007 रानीबोदली बीजापुर 55 जवान शहीद हुये थे। मोदी बताये इन शहादतों की जवाबदार कौन है?

अबूझमाड़ में अब गोली नहीं गूंज रही गोल की आवाज

नारायणपुर / नवप्रदेश। अंडर-15 जूनियर फुटबॉल लीग के उद्घाटन मैच में भुना फुटबॉल क्लब हरियाणा ने 4-3 से बरवानी फुटबॉल क्लब मध्यप्रदेश को हराया हैअखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में रामकृष्ण मिशन नारायणपुर में एआईएफएफ अंडर-15 जूनियर लीग ग्रुप-जे का आयोजन 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तत्वावधान में रामकृष्ण मिशन नारायणपुर में एआईएफएफ अंडर-15 जूनियर लीग ग्रुप-जे का आयोजन 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक रामकृष्ण मिशन नारायणपुर परिसर में किया गया है। यह प्रतियोगिता पूरे भारत में 12 ग्रुपों में कराया जा रहा है। नारायणपुर में 5 टीमों का नाम था लेकिन मेडिकल टेस्ट में मणिपुर और मिजोरम टीम कट जाने के कारण सिर्फ तीन टीम का ग्रुप-जे का प्रतियोगिता कराया जा रहा है। उद्घाटन मैच में दोनों टीमों ने अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुए भुना फुटबॉल क्लब हरियाणा ने 4-3 से बरवानी फुटबॉल क्लब मध्यप्रदेश को हरा दिया। खेल के 14वे मिनट में भुना ने पहला गोल किया। प्रथम हाफ के आखिरी मिनट में बरवानी ने गोल कर बराबरी पर ला दिया। द्वितीय हाफ में भुना से तेजस ने 58वे मिनट पर गोल कर स्कोर बढ़ाया। 67वे मिनट पर बरवानी ने फिरसे गोल कर बराबरी पर ला दिया। 70वे मिनट पर भुना फिर एक गोल कर स्कोर 3-2 कर दिया। 76वे मिनट पर बरवानी ने गोल कर फिर बराबरी कर दिया। मैच के 88वे मिनट पर भुना फिर एक गोल कर स्कोर 4-3 से मैच जीत लिया। बरवानी के प्लयेर आर्नोल्ड सिंह को प्लयेर ऑफद मैच घोषित किया गया। 3 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार सुबह 7.30 बजे आरकेएम फुटबॉल अकादमी नारायणपुर विरुद्ध बरवानी फुटबॉल क्लब मध्यप्रदेश के बीच दूसरा मैच खेला जाएगा।

लोक कलाकार बुटलूराम ने पीएम मोदी को भेंट की आकर्षक बांसुरी

- **लोक कलाकार बुटलूराम को मिल चुका है शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान**
- **नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात के 115वें एपिसोड' में बुटलूराम माथरा का उल्लेख करते हुए जनजातीय लोक कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की थी**

नारायणपुर / नवप्रदेश। जिले के आदिवासी लोक कलाकार बुटलूराम माथरा को कला क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान एवं आदिवासी सामाजिक चेतना और उत्थान के प्रयासों के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2024 में शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया है। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बिलासपुर प्रवास के दौरान उन्हें बांसुरी भेंटकर किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा माथरा से लोक कला के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रवास के अवसर पर बिलासपुर पहुंचकर माथरा द्वारा लोक कला को संरक्षण एवं सवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में चर्चा करते हुए माथरा को इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री के द्वारा उत्साहवर्धन किया। माथरा ने विगत चार

दशकों से जनजातीय कला के संरक्षण और संवर्धन हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ''मन की बात के 115वें एपिसोड'' में बुटलूराम माथरा का उल्लेख करते हुए जनजातीय लोक कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की थी। जिले के देवगांव में जन्मे माथरा ने वहीं प्राथमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की। शिल्प कला का ज्ञान उन्हें विरासत में प्राप्त हुआ है। उनके पिता माहरूराम माथरा कृषि कार्य के साथ-साथ बांस शिल्पी थे। अपने पिता के सानिध्य में ही बुटलूराम ने बचपन से बांस शिल्प का सृजन करना प्रारंभ किया। वे बम्बू आर्ट (बांस कला) और तुमा (सूखी लौकी) शिल्प कला के क्षेत्र में सिद्धहस्त हैं। उनकी बनाई हुई बॉस की बांसुरी, झूमर और अन्य सजावटी सामग्रियां बेहद लोकप्रिय हैं।

बुटलूराम ने लगभग 60 स्थानीय युवाओं को पारंपरिक कलाओं में प्रशिक्षित कर न केवल इन कलाओं का संरक्षण किया है बल्कि युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान किए हैं। उन्होंने बस्तर के जनजातीय नृत्य कला के संरक्षण, प्रचार-प्रसार और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। श्री माथरा ने बस्तर संभाग के जिलों के जनजातीय नर्तक दलों को संगठित कर देश के विभिन्न राज्यों और शहरों में जनजातीय नृत्य महोत्सव, राष्ट्रीय पर्व और अन्य कार्यक्रमों में सहभागिता का अवसर प्रदान किया है। श्री माथरा के इस उत्कृष्ट योगदान से न केवल बस्तर की जनजातीय कला का संरक्षण हुआ है, बल्कि इसे राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में भी पहचान मिली है।

न्यूज गैलरी

मृतक के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

नारायणपुर। राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में अपर कलेक्टर श्री बीरेन्द्र बहादूर पंचभाई द्वारा पीड़ित परिवार के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत दी गई है। जिले के गुमियाबेड़ा निवासी मृतक मंगतु राम कुंजाम की मृत्यु 19 जुलाई 2024 को नदी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके पिता सोमारू कुंजाम के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। जिले के मुरनार ढुठाखार निवासी मृतक अनेश कुमार दोदी की मृत्यु 30 जनवरी 2025 को नदी के पानी में डुबने के कारण मृत्यु होने पर उनके पत्नी बिसानी दोदी के लिए 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार नारायणपुर को राशि बैंक ड्राफ्ट या चेक के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर कराने निर्देशित किया गया हैं।

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

नारायणपुर। जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिंगोड़ीतरई व अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय छोटेडोंगर, बेनूर, ओरछा, तथा हिन्दी माध्यम विद्यालय बखरूपारा, महावीर चौक, कोहकामेटा एवं नारायणपुर में कक्षा 1 से 12वीं तक के छात्रों-छात्राओं के लिए सत्र 2025-26 के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। प्रवेश के लिए आवेदन सेजेस पोर्टल पर 10 अप्रैल से उपलब्ध रहेगा। इच्छुक अभिभावक स्वामी आत्मानंद विद्यालय के आधिकारिक पोर्टल ढ्ढह्लह्लश्चह्य://ष्द्दह्यष्द्धश्शद्य.द्गठ्ठ/ह्यद्बद्दठ्ठद्बठ्ठ/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, ऑफलाइन पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध होगी। प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई तक, अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 6 से 10 मई तक एवं एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई तक समय निर्धारित किया गई है।

उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा संपन्न

नारायणपुर। उत्कर्ष योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन गत 30 मार्च दिन रविवार को जिला स्तर पर शासकीय बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरांजी में आयोजित किया गया। परीक्षा में सम्मिलित पंजीकृत 59 परीक्षार्थी में से 50 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंन्द्र का निरीक्षण सहायक आयुक्त डॉ राजेन्द्र सिंह, सहायक संचालक सुश्री तनुजा नाग द्वारा निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्ष हुमन लाल साहु, मंडल संयोजक वासुदेव भारद्वाज, श्रीमती शिवनंदनी सोनी के द्वारा परीक्षा संपन्न करवाया गया।

आज से आगाज होगा बस्तर उत्सव

- **ओडिशा, तेलंगाना, असम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक दल उत्सव में लगाएंगे चार चांद**
- **प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास की होगी काव्यात्मक प्रस्तुति**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ''बस्तर पंडुम 2025'' के तहत बस्तर की समृद्ध जनजातीय परपंराओं और संस्कृतियों का बहुरंगी छटा माह अप्रैल के प्रथम सप्ताह में जिला मुख्यालय में बिखेरेंगी इस वृहद आयोजन की संपूर्ण तैयारियां लगभग पूर्ण हो चूकी है। वास्तव में वनांचलों में रहने वाले आदिवासी प्रकृति के साथ जीते है और इसी के साथ अपनी संस्कृति और सभ्यता का आनंद लेते है। इसी अमूर्त संस्कृति को सहेजने, संवारने, और अक्षुण्ण रखने के लिए राज्य शासन बस्तर पंडुम 2025 का अभिनव आयोजन कर रहा है।

इस बहुरंगी आयोजन के तहत 2 अप्रैल प्रातः 10 बजे जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के हाई स्कूल ग्राउंड में होने वाले इस आयोजन में बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा सहित सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव, नारायणपुर, कांकेर, बस्तर के आदिम जनजाति कला, संस्कृति का भव्य प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता होगी। इसके अंतर्गत बस्तर संभाग के सभी जिलों की टीमों द्वारा विभिन्न विधाओं की प्रदर्शनी के साथ-साथ देश के अन्य राज्य जैसे ओडिशा, तेलंगाना, असम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक दल अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देगें यह कार्यक्रम 2 अप्रैल को संध्या 6 बजे से प्रारंभ होगा। इसी प्रकार 3 अप्रैल को प्रख्यात कवि एवं राम कथा वाचक डॉ. कुमार विश्वास द्वारा संध्या 6 बजे ''बस्तर के राम'' पर आधारित का काव्यात्मक प्रस्तुति और कविता पाठ किया जाएगा। इसके अलावा 4 अप्रैल को विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रतिस्पर्धा होगी जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

बस्तर संभाग के जिलों में इन प्रतिस्पर्धाओं के तहत इन क्षेत्रों में प्रचलित जनजातीय लोक नृत्य जैसे गेड़ी नृत्य, गौर नृत्य, ककसार, मादरी, दडामी, एबालतोर, दोरला, हुलकी पाटा, परब नाच, घोटुल पाटा, कोलांग पाटा, डंडारी नृत्यों के मध्य प्रतिस्पर्धा होगी। दूसरी और जनजातियों के लोक गीत यथा लिंगों पेन, रिलो गीत, कोटनी, जगार, मरम पाटा,का भी प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। और बेहतर प्रस्तुतिकरण के आधार पर दल विजयी घोषित किए जाएगें। बस्तर उत्सव के अन्तर्गत जनजाति लोकनाट्य माओपाटा, भतरा नाट्य, प्रमुख जनजाति वाद्ययंत्र के तहत धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकूम, बावांसी, तिरडुडी, झाब, मांदर, मृंदग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुग, मोहरी, सुलुड, मुंडा बाजा, चिकारा की भी प्रस्तुतियां की जाएगी। बस्तर पंडुम 2025 में स्थानीय खान पान के मध्य भी प्रतियोगिताएं आयोजित होगीं। चुंकि बस्तर के संस्कृति में पारंपरिक पेय पदार्थो का बड़ा महत्व होता है जो जन्म, मरण, विवाह, जैसे सामाजिक अनुष्ठानों में भरपूर उपयोग किए जाते है इसके तहत सल्फी, ताड़ी, छिन्द रस, हाड़िया, पेज, कोसमा, से भी दर्षक रूबरू हो पाऐगें। इसके साथ ही स्थानीय प्रचलित व्यजंनों पर आधारित प्रतियोगिताएं भी रखी गई है।

शिल्प एवं चित्र कला की प्रस्तुतियों में घड़वा कला, मिट्टी कला, काष्ठ कला, पत्ता शिल्प, ढोकरा कला, लौह शिल्प, प्रस्तर शिल्प, गोदना शिल्प, भित्तिचित्र कला, शिसल शिल्प, कोड़ी शिल्प का संपूर्ण संभाग में बड़ा महत्व है। इस संबंध में भी क्षेत्रीय सांस्कृतिक दलों द्वारा पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्शाई जाएगी। इसी प्रकार इस चार दिवसीय आयोजन में जनजातीय पारंपरिक आभूषणों जैसे लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बांहूटा, बिछियां, ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल नांगमोरी, खोंचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, ढार, नकबेसर की छटा से भी दर्शक रूबरू हो पाएगें। आदिम पर्वो के अन्तर्गत करसाड़ भीमा जतरा, बाली परब, दियारी तिहार, लक्ष्मी जगार, नवाखानी, माटी तिहार, लारूकाज, धनकुल, गोंचा पर्व, बीज बोहनी, छेरता पर्व की भी धूम बस्तर पंडुम में रहेगी।

अंतागढ़ /नवप्रदेश। नगर पंचायत अंतागढ़ के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के खेलने के लिए झूला लगाया गया। जिसमे अंतागढ़ नगर पंचायत के उपाध्यक्ष अमल नरवास पार्षद शांतनु मानकर तुलसी, माधव नेताम, नगरवासी तथा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्राचार्य महेश भावसार आचार्य कटारे, दीदी रोशनी सहित बच्चे मौजूद रहे वही झूला पाकर बच्चे खुश नजर आए साथ ही विद्यालय के प्राचार्य और आचार्य दीदी एवं बच्चों द्वारा नगर पंचायत को धन्यवाद ज्ञापित किया

53वीं वाहिनी के जवानों ने किया रक्तदान

नारायणपुर/नवप्रदेश। माओवादी मोर्चो एवं देश की सुरक्षा में अपना तन मन समर्पित करनें वाली भारत तिब्बत सीमा पुलिस के हिमवीरों द्वारा जरुरतमंदो के लिए समय-समय पर रक्तदान कर दूरस्थ नक्सल प्रभावित अंचलों में सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन बडी तत्परता के साथ किया जाता रहा है। अपने इसी सेवा भाव तथा जनकल्याणकारी नीतियों के अंतर्गत 31 मार्च को स्व. बद्रीनाथ बघेल जिला चिकित्सालय नारायणपुर में श्रीमती सोनवती पोटाई धर्मपत्नी, श्री सोमनाथ पोटाई ग्राम गोटाबेनुर के लिए प्रसव के दौरान एबी पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सोमनाथ पोटाई द्वारा 53वीं वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल से अपनी पत्नी के लिए एबी पॉजिटिव रक्त की मागं की गई चूंकि एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप बहुत कम मनुष्यों में पाया जाता है जोकि जिला चिकित्सालय नारायणपुर के ब्लड बैंक में भी उपलब्ध नही था। तत्वाधान में 53वी. वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस के जवान अमल साय द्वारा जिला चिकित्सालय नारायणपुर पहुँच कर स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सोनवती पोटाई उनके पति सोमनाथ पोटाई एवं उनके परिजनों द्वारा श्री अमित भाटी, सेनानी 53वीं वाहिनी भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल एवं उनकी टीम का इस मानवीय कार्य में प्रतिभाग करने हेतु प्रंशसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थानी समाज की युवतियों-सुहागिनों ने पारंपरिक और सांस्कृतिक रूप से गणगौर पूजनकर किया विसर्जन

अंतागढ़ /नवप्रदेश आज राजस्थान के लोक पर्व गणगौर नगर के राजस्थानी (मारवाड़ी) समाज की महिलाओं और युवतियों द्वारा बड़े ही धूमधाम से नाचते-गाते हर्षोल्लास के साथ झांकी व रैली निकाल कर ईश्वर-पार्वती (गणगौर) के मूर्तियों का विसर्जन किया गया। बतादें की होली के दूसरे दिन से लेकर लगातार 16 दिनों तक चलने वाले इस पारंपरिक रस्म के अंतिम दिवस आज समाज की महिलाएँ व युवतियां ईश्वर - पार्वती (गणगौर) की पूजा अर्चना कर एवं रैली व झांकी निकाल कर नगर के नदी में विधिवत विसर्जन किया गया। 16 दिनों तक चलने वाले इस रस्म में 8 दिन कच्ची 8 दिन पक्की गणगौर की पूजा होती है शीतलाष्टमी को गणगौर का पूजन करने वाली समाज की युवती और महिलाएं पक्की गणगौर बनाने के लिए कुम्हार के घर मिट्टी लेने जाती है और इसके बाद कच्ची मिट्टी को गणगौर ईश्वर-पार्वती का स्वरूप देकर उनका श्रृंगार करती है एवं आगामी 8 दिन तक उनकी पूजा की जाती है. प्रत्येक सुबह महिलाएं और युवतियां बगीचे में जाकर दूब लेकर आती है और गणगौर की पूजा करती है. नवविवाहिता और युवतियां जोड़े बना कर सज धज कर और गीत गाकर 16 दिन तक ईश्वर पार्वती (गणगौर) की पूजा अर्चना करती है. गणगौर पूजन के दौरान नव विवाहित युवतियां और महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए गणगौर माता का पूजन करती है।

सड़क दुर्घटना रोकें, ट्रैफिक नियमों का पालन कराएं, सर्व आदिवासी समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कांकेर/नवप्रदेश। मंगलवार को सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी के निर्देश अनुसार अनुभागीय अधिकारी राजस्व कांकेर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उल्लेख है कि कांकेर जिले में आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही हैं। उसके रोकथाम के लिए अब तक जिला प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है ट्रक भी अब बसों कि तरह तेज रफ़्तार से चल रहे हैं, और हर दो दिन में लोगों को रौंद रहे हैं। रोड पर अब बाइक या पैदल चलने लायक नहीं है। ट्रैफिक पुलिस केवल शहरों में ही लगते हैं, उन्हें नेशनल हाईवे पर भी तैनात किया जाए, रोड़ पर सीसी टीवी कैमरा का व्यवस्था किया जाए, साथ ही हाईटेक शहरों कि तरह अधिक गति वाले गाड़ियों के ऑनलाइन चालान काटने जैसे नियम बनाए, शराब पीकर गाड़ी चलाया जाता

है उनके रोकथाम के लिए नियमित चेक किया जाए। माकड़ी खुना चौक पर जो बॉर्डर बनाया गया है किस लिए और किस तरह से अब तक समझ नहीं आया है। कहा कि हम गुमराह हो जाते हैं किधर से जाए भानु रोड जाते समय तो एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है उसे जल्द से जल्द ठीक किया जाए बड़ा हादसा होने से पहले, इस गंभीर विषय पर जल्द करवाई करने का मांग कर रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष योगेश नरेटी सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग कांकेर ब्लाक अध्यक्ष छविन मंडावी, पितांबर शोरी उप सरपंच, अजय सलाम, सचिन नेताम, दुर्गेश, मीनू ताराम, ऋषु कवाड़े, संजन, उपस्थित थे,।

प्रथम पेज का शेष

छत्तीसगढ़ में पेट्रोल-शराब...

विधेयक को पारित कराने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई हैं। पिछले साल बिल पेश करते समय सरकार ने इसे संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा था।

वहीं दूसरी ओर विपक्षी दल भी कल की कार्यवाही के लिए तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, वक्फ संशोधन विधेयक मुद्दे पर रणनीति पर चर्चा के लिए आज शाम 6 बजे विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं की बैठक होने वाली है। जिसमें कल को लेकर रणनीति बनाई जा सकती है।

खड़गे की जनगणना ...

लिए जनगणना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनगणना करना बड़ा काम है और सरकार ने पर्याप्त आवंटन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना भी इसी के साथ कराई जानी चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के सुजीत कुमार ने कहा कि ऑटिज्म की समस्या पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। यह समाज में बहुत तेजी से फैल रहा है। उन्होंने कहा कि ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों को विशेष सहायता की आवश्यकता होती है और सरकार को इसके लिए विशेष प्रावधान करने चाहिए। इसके संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए विशेष शिविर लगाने चाहिए।

भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर राधा मोहन दास अग्रवाल ने खाद्य पदार्थों में पोषक तत्व शामिल करने की मांग की। उन्होंने विभिन्न आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चों में कुपोषण की समस्या बनी हुई है।

कांग्रेस के मुकुल बालकृष्ण वासनिक ने बोधगया में बौद्ध मंदिर के प्रबंधन में बदलाव की मांग की और कहा कि इसके लिए नया कानून लाया जाना चाहिए।

व्यापक व्यापार समझौते ...

ने कहा कि आज हमारी टीमों ने व्यापक आर्थिक साझेदारी की दिशा में बातचीत की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। पीएम मोदी ने लैटिन अमेरिका में चिली को भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया और कहा कि भारत, चिली को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के तौर पर देखता है। भारत, चिली के साथ डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अक्ष ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में अपना सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

चिली में योग दिवस का एलान हमारे लिए प्रेरणा की बात

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिक का यह पहला भारत दौरा है और उनका भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करने का समर्पण अद्भुत है। आज की बातचीत में हमने खाद्य सुरक्षा के मामले में एक दूसरे की क्षमताओं को मजबूत करने पर भी बात की। चिली में स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत विश्वसनीय साझेदार है। ये बेहद खुशी की बात है कि चिली में योग को अपनाया जा रहा है। चिली में 4 नवंबर को योग दिवस घोषित किया जाना, हमारे लिए प्रेरणा की बात है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के मुद्दे पर भी बात की। रक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग दोनों देशों के बीच बढ़ते आपसी विश्वास का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संगठित अपराध, ड्रग तस्करी, आतंकवाद से मुकाबले के लिए भी हम सहयोग बढ़ाएंगे। वैश्विक मोर्च पर भारत और चिली का मानना है कि संघर्षों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के भी पक्ष में हैं। भारत और चिली के बीच भले ही बहुत दूरी है, लेकिन दोनों देश प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं। चिली में भारतीय सिनेमा की बढ़ती लोकप्रियता हमारे सांस्कृतिक संबंधों का उदाहरण है। भारत और चिली के बीच छात्रों के एक्सचेंज को भी बढ़ाया जाएगा।

देश में अब केवल छह जिले ...

का विषय वाले जिलों' की संख्या 9 थी, जो घटकर 6 हो गयी और नक्सल समस्या से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या 17 थी जो घटकर 6 हो गयी है। नक्सलवाद से कुल प्रभावित जिलों में से अति प्रभावित 12 जिले घटकर अब 6 रह गए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के 4 ज़िले (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का एक (पश्चिमी सिंहभूम) और महाराष्ट्र का भी एक ज़िला (गढ़चिरौली) शामिल है।

सीजीएमएससी घोटाले में ...

पिंगआ को पत्र लिखा था।

दो साल के ऑडिट में खुली थी पोल

लेखा परीक्षा की टीम की ओर से सीजीएमएससी की सप्लाई दवा और उपकरण को लेकर वित्त वर्ष 2022-24 और 2023-24 के दस्तावेज को खंगाला गया तो कंपनी ने बिना बजट आवंटन के 660 करोड़ रुपये की खरीदी की थी, जिसे ऑडिट टीम ने पकड़ लिया था। ऑडिट में पाया गया है कि पिछले दो सालों में आवश्यकता से ज्यादा खरीदे केमिकल और उपकरण को खपाने के चक्कर में नियम कानून को भी दरकिनार किया गया।

बिना जरूरत की हॉस्पिटलों को सप्लाई

प्रदेश के 776 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सप्लाई की गई, जिनमें से 350 से अधिक ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐसे हैं, जिसमें कोई तकनीकी, जनशक्ति और भंडारण सुविधा उपलब्ध ही नहीं थी। ऑडिट टीम के अनुसार डीएचएस ने स्वास्थ्य देखभाल की सुविधाओं में बेसलाइन सर्वेक्षण और अंतर विश्लेषण किए बिना ही उपकरणों और रीएजेंट मांग पत्र जारी किया था।

ठगी के आरोपी युवक की...

पहुंचे थे, तब भी उसे पीटते हुए थाने ले जाया गया था। यह आरोप भी है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उन्हें कोई जानकारी नहीं दी। फिर अचानक देर शाम को उसकी मौत की खबर दी गई। परिजनों का कहना है कि दुर्गेश के जिस्म पर चोटों के निशान थे, जिससे साफ है कि उसकी पिटाई की गई। परिवार वालों का कहाना है कि दुर्गेश पूरी तरह से स्वस्थ था, ऐसे में अचानक तबीयत बिगड़ने की बात समझ से परे है। उन्होंने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग की है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

इस मामले में पुलिस ने लिया था रिमांड

किसानों से ठगी के मामले में प्रार्थी रोहित सिन्हा एवं लगभग 50 अन्य किसानों ने अर्जुनी थाना आकर ग्राम भवरमरा, जिला राजनांदगांव निवासी दुर्गेश कठोरिया पिता लक्ष्मण कटोरिया के खिलाफ लिखित आवेदन दिया की दुर्गेश कठोरिया द्वारा अधिक कीमत पर धान बेचने के नाम पर सभी किसानों से कुल 7 करोड़ 73 लाख की ठगी की गई और फरार हो गया। किसानों द्वारा दुर्गेश कठौलिया के बारे में पतासाजी की गई तब पता चला कि उसके द्वारा पूर्व में भी बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद बालाघाट में इस प्रकार ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है । इसके आलावा राजनांदगांव के बसंतपुर थाना में भी अपराध दर्ज है।

ट्रांसपोर्टर पर हमले की ...

व्यथित होकर कुछ लोग इतनी बर्बरता से मारपीट पर उतर आए। सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो इस घटना की क्रूरता को दर्शाते हैं, जो बेहद व्यथित करने वाला है। यह घटना पूरी तरह निंदनीय है। हम पुलिस प्रशासन से अनुरोध करते हैं कि दोषियों के खिलाफ शीघ्रतम सख्त कार्रवाई की जाए ताकि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे।

साथ ही, सभी नागरिकों से अपील है कि वे सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे को किसी और दिशा में मोड़ना उचित नहीं होगा, और ऐसा करने से हम सभी को रोकना चाहिए। पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि वह त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करे, ताकि शहर की शांति एवं आपसी भाईचारे पर कोई आंच न आए।

■ न्यूज गैलरी

जनसमस्या निवारण शिविर 7 से 21 अप्रैल तक होगा आयोजित

नारायणपुर। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार जनसाधारण की समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह शिविर 7 अप्रैल से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़े के रूप में आयोजित किया जाएगा। जनसमस्या निवारण शिविर 07 अप्रैल दिन सोमवार को छोटेडोंगर में 10 से 5 बजे तक किया जाएगा। 08 अप्रैल दिन मंगलवार को ओरछा में, 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को कोहकामेटा में और 12 अप्रैल दिन शनिवार को बेनूर में शिविर आयोजित किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व अधिकारियों के अतिरिक्त जिला स्तर के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, जो शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। शिविर में उपस्थित हितग्राहियों के आवेदनों का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि उन्हें आवश्यक सुविधाएं और सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें।

शा. उचित मूल्य दुकान आतरगांव ग्राम पंचायत तारागांव में संलग्न

नारायणपुर। विकासखण्ड नारायणपुर अन्तर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत आतरगांव के संचालक, विक्रेता के द्वारा समय पर डीडी जमा नहीं करना, मीटिंग में उपस्थित नहीं होना, ई-केवायसी नहीं किया जा रहा है तथा विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का अवहेलना की जा रही है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2018 में निहित प्रावधानों के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत आतरगांव (दुकान आईडी 462013063) को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है तथा ग्राम पंचायत आतरगांव के राशनकार्ड हितग्राहियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न सामग्री इत्यादि की प्राप्ति हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत आतरगांव (दुकान आईडी 462013063) को शासकीय उचित मूल्य दुकान ग्राम पंचायत तारागांव, (दुकान आईडी- 462013057) में आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया गया है।

प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अंतर्गत नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 अप्रैल तक

नारायणपुर/ शिक्षा के अधिकार के तहत् गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बच्चों को निजी स्कूलों के प्रवेश देने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया गत 13 मार्च से प्रारंभ हो गई है, जिसकी अंतिम तिथि 31 मार्च तक निर्धारित थी। छात्र पंजीयन के आवेदन की अंतिम तिथि गत 31 मार्च से बढ़ाकर 08 अप्रैल तक कर दी गई है। जिले के 13 निजी स्कूलों में एंट्री क्लास की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों नर्सरी एवं के.जी.1 पर प्रवेश की कार्यवाही की जा रही है। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु कुल 08 सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे बीपीएल सर्वे सूची (2002-03/2007-2008), सामाजिक एवं आर्थिक जातिगत जनगणना सीईसीसी 2011 की सूची, अंत्योदय कार्ड, ई.डब्लू.एस. सर्टिफिकेट, पालक का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड माता-पिता एवं बच्चे सभी का, पालक के मोबाईल नम्बर इत्यादि के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, इन्टरनेट कैफे, मोबाईल एप एवं सहायक नोडल अधिकारी से सम्पर्क कर अंतिम तिथि 08 अप्रैल तक आवेदन किया जा सकता है। विद्यालयों में प्रवेश के समय 31 मार्च 2025 की स्थिति में बच्चे की उम्र कक्षा नर्सरी हेतु 3 से 4, के.जी.1 हेतु 4 से 5 होना अनिवार्य है।

आवेदन पश्चात् आवेदन का परीक्षण सहायक नोडल अधिकारी द्वारा 17 मार्च से 25 अप्रैल तक किया जाना है। इस दौरान आवेदनों का परीक्षण, पात्रता का निर्धारण एवं सीटों का आबंटन किया जाएगा। सम्पूर्ण कार्यावाही जैसे लॉटरी एवं भर्ती की जानकारी संबंधी सूचना आवेदन में दिये गये मोबाईल नम्बर पर मैसेज द्वारा पालकों को प्राप्त होगी। अतः पालकों से अनुरोध है कि वे सही मोबाईल नम्बर आवेदन में देवें। विद्यालय में चयन पश्चात् विद्यार्थियों को 05 से 30 मई 2025 तक संबंधित विद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए वेबपोर्टल httpÑ//rte.cg.nic.in/login.asp& पर आवेदन कर सकते हैं।

सुनहरे क़दम संस्था महिला विंग ने किया समाजसेवी पप्पू मोटवानी का सम्मान

काँकेर। शहर काँकेर की सिंधु समाज की महिला विंग सुनहरे क़दम संस्था द्वारा चेट्री चंड्र झूलेलाल जयंती के पुण्य अवसर पर जन सहयोग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी का भव्य अभिनंदन एक सादगी पूर्ण समारोह में किया गया।जिसमें उनके द्वारा विगत करीब- करीब 20 वर्षों में की गई सामाजिक सेवाओं की प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष सुनीता मोटवानी ने उन्हें काँकेर का गौरव बताया । उल्लेखनीय है कि लगभग 155 लावारिस शवों के अंतिम संस्कार हेतु उनका विशेष नाम है और वह अपनी विभिन्न सामाजिक सेवाओं के लिए देश-विदेश से अक्सर यू सम्मानित /पुरस्कृत होते आए हैं।

विधायक ने वाटरशेड यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कांकेर/ नवप्रदेश । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनांतर्गत (2स्रष्- श्वद्वद्मह्य4 2.0) परियोजना वर्ष 2021-22 से जिले में संचालित है। इसके कुशल संचालन एवं वाटरशेड विकास कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री आशाराम नेताम ने आज जिला कार्यालय परिसर में वाटरशेड यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कोमरा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। परियोजना प्रबंधक डब्ल्यूसीडीसी सह उपसंचालक कृषि ने इस संबंध में बताया कि वाटरशेड यात्रा आज ग्राम पंचायत कोकपुर में निकाली गई। इसके अलावा ग्राम पंचायत खमडोढ़गी बांध और प्राथमिक शाला खमडोढ़गी से वाटरशेड यात्रा निकाली गई, जिसमें मांदरी नृत्य, फिल्म प्रदर्शन और मानव श्रृंखला बनाकर शपथ भी दिलाई गई। वाटरशेड यात्रा में निर्धारित गतिविधि अनुसार ग्राम पंचायत के सदस्य एवं ग्रामवासियों के द्वारा आवश्यक सहयोग किया जा रहा है।

आकाबेड़ा, कस्तूरमेटा, कोडलियार एवं कोकड़ाझोर में आयोजित किया गया सिविक एक्शन कार्यक्रम

नारायणपुर/ नवप्रदेश। अति नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ राज्य के जिला नारायणपुर में 53वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान नक्सल अभियान के साथ-साथ सुदूर अंचल के गरीब लोगो की मदद भी कर रहें है। इसी क्रम में 31 मार्च को सेनानी 53वीं बटालियन आईटीबीपी अमित भाटी के निर्देशन में सीओबी आकाबेड़ा, कस्तूरमेटा, कोडलियार एवं कोकड़ाझोर में कैम्प का आयोजन कर ग्राम सीतापाल, बमनी तथा कोकड़ाझोर इत्यादि के ग्रामवासियों को सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत साईकल, सिलाई मशीन व दैनिक इस्तेमाल में आने वाले बर्तन, कपड़े, खेती के औजार व ग्रामीण युवकों को खेल-कूद सामग्री

का वितरण किया गया। इसके साथ ही चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों कि जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई।

कार्यक्रम के अंत में निरीक्षक सूर्यमणी उनियाल, 53वीं बटालियन आईटीबीपी ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए बताया कि आईटीबीपी आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु यहाँ पर तैनात है। हमें अपना मित्र समझें, किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आप लोग कभी भी कैम्प में आकर हमें बताएं। हमारे जवान सदैव आप लोगों की सुरक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर है। सभी ग्रामीणों को इस कार्यक्रम में शामिल होने व इसे सुचारु रुप से सफल बनाने में सभी का आभार व्यक्त करते हुए भारत एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं व रोजगार के अवसरों के बारे में भी ग्रामवासियों को जागृत किया। इस दौरान जवानो द्वारा दूर-दराज से आए ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई, जिसकी ग्रामीणों द्वारा प्रशंसा की गई। इस मौके पर 53वीं वाहिनी, आईटीबीपी के अन्य पदाधिकारियों के साथ-साथ छत्तीसगढ पुलिस के पदाधिकारी, बम्हनी के उप सरपंच श्री अमर सिहं के साथ स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

आश्रम छात्रावास और उचित मूल्य की दुकानों का सतत् निरीक्षण करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ महतारी वंदन योजना के आवेदनों को शीघ्र निराकण कराने के निर्देश

■ हेण्डपंपों को मरम्मत कराए तथा शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के निर्देश

नारायणपुर/ नवप्रदेश। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आहूत किया गया। उन्होंने स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा चिन्हांकित ग्रामों मे पेयजल, सड़क निर्माण, सौर उर्जा, नलजल योजना, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खुलवाने, अंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया।कलेक्टर ने बालक आश्रम कोहकामेटा एवं प्री मैट्रिक बालक आश्रम छात्रावास कोहकामेटा का निरीक्षण प्रपत्र में उल्लेखित समस्याओं का निराकरण करने, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास बाकुलवाही का निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने, अबुझमाड़िया आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने, आयकर राशि अतिशीघ्र आयकर विभाग को जमा करने तथा 08 मई 2025 विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन करने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया, महतारी वंदन योजना के आवेदनों को शीघ्र निराकण कराने के निर्देश दिए, जिले के आश्रम छात्रावास आंगनबाड़ी और ग्रामीण क्षेत्रों के हेण्डपंपो को मरम्मत कराए तथा शुद्ध पेयजल ग्रामीणों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।कलेक्टर ममगाई ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने, राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने, स्कूल भवन में शौचालय मरम्मत व बाउंड्रीवाल निर्माण करने, विद्युत विहीन आंगनबाड़ियों में विद्युतीकरण करने, प्रधानमंत्री आवास निर्माण में प्रगति लाने, नियद नेल्लानार योजनांतर्गत संचालित निर्माण कार्यो को समय पर पूर्ण करने, जल जीवन मिशन अंतर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए राजस्व संबंधी प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने, सेवा निवृत्त पश्चात् शेष एवं देय स्वत्यों का भुगतान करने, मेटानार के घर घर में विद्युत कनेक्शन प्रदाय करने, अवैध निर्माण रोकने, आश्रम छात्रावासों के समस्याओं का निराकरण करने, अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय करने, जिले में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र शतप्रतिशत बनवाने, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से कृषकों को लाभान्वित करने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर जनदर्शन से प्राप्त हुए आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए नलजल योजनांतर्गत संचालित पानी टैंक रिपेयरिंग एवं प्लास्टिक टंकी एवं सोलर पंप लगाने, पेयजल की समस्या को निराकरण करने, आपदा पीड़ित परिवारों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान कराने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। अबुझमाड़िया जनजाति सहित अन्य विशेष पिछड़ी जनजातियों के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदाय कर रोजगार से जोड़ने निर्देशित किया।
बैठक में जिला पंचायत के सीईओ आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, जिला कोषालय अधिकारी हरीश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

बरगहींनगढ़ मावली माता मंदिर में 63 ज्योतिकलश प्रज्ज्वलित

कांकेर /कोरर/ नवप्रदेश । प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर इस क्षेत्र के प्रसिद्ध भक्ति के केंद्र ग्राम कोकानपुर के पहाड़ पर स्थित बरगहींन गढ़ मावली माता जी मंदिर में दर्शन करने वालों श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।विगत 26 वर्षों से शेर पर सवार गढ़ मावली माता विराजमान हैं, प्रतिवर्ष की तरफइस वर्ष भी 63 ज्योतिकलश की प्रज्वलित किए हैं, पूरे पहाड़ को रोशनी से जगमग किया गया है।गांव के बुजुर्ग सियान का कहना है कि यह 12 ग्रामों की देवी है इसलिए इन्हें बरगहींन गढ़ मावली माता जी कहते हैं यहां जो भी भक्त सच्चे मन से भक्ति भाव से पूजा अर्चना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है।उक्त जानकारी ग्राम कोकानपुर मावलीपारा के पटेल माखन सिंह मंडावी ने दी।

संभाग स्तरीय सूचना का अधिकार कार्यशाला स्थगित

जगदलपुर/ नवप्रदेश। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के व्यापक प्रचार प्रशिक्षण हेतु संभाग स्तरीय कार्यालय के जन सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों हेतु अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली समस्या एवं शासन द्वारा जारी ह्लद्बश्ठ्ठद्यद्बठ्ठद्र.ष्द्द.द्दश्1.द्बठ्ठ पोर्टल के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला 04 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार समय प्रातः 10.30 बजे से स्थान कार्यालय कमिश्नर बस्तर संभाग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया था। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

कैद में रहकर बंदी दिला रहे 10वीं-12वीं ओपनबोर्ड की परीक्षा

कांकेर/ नवप्रदेश। कलेक्टर कांकेर के मार्गदर्शन मे एवम जिला जेल कांकेर के जेलर पी रेनू धूर्व के अभिनव प्रयास से जिला जेल कांकेर में विचाराधीन नक्सली प्रकरण सजायाफ्ता बंदियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल 10वीं एवं 12वीं जिला जेल में परीक्षा केंद्र प्रारंभ होने का प्रयास रंग लाया है। ओपन बोर्ड रायपुर के द्वारा आयोजित जारी दसवीं बारहवीं की परीक्षा में जिला जेल में इस 26 मार्च वर्ष 2025 में संपन्न हो रही 12वीं की ओपनबोर्ड परीक्षा में 10 बंदी एवं 10 वीं की परीक्षा में 12बंदी कुल 22 बंदी सम्मिलित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि 2020 2021के प्रस्ताव को छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर ने स्वीकृत करते हुए जिला जेल कांकेर को नवीन परीक्षा केंद्र 0817 घोषित कर आदेशित किया गया था अब प्रतिवर्ष जैलबंदियो को सुरक्षा की दृष्टि से वर्ष में तीन बार अप्रैल अगस्त नवंबर की मुख्य एवम अवसर परीक्षा जिला जेल के केंद्र में आयोजित की जाती है। कैदियों को मोटिवेशन कर परीक्षा में सम्मिलित करवा कर उनकी तैयारी भी करवाई जाती है। इस अभिनव प्रयास का लगातार सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं ओपन समन्वय केंद्र की प्रभारी वाजिद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि इन्हें निशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई गई।जेल में केंद्र स्थापित होने के पश्चात अब प्रतिवर्ष आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

अंतागढ़ में बीएसएनएल टॉवर का हाल बेहाल, सालों से कोई कर्मचारी नहीं

■ देखरेख नहीं होने से खंडहर में तब्दील होता हुआ

अंतागढ़ / नवप्रदेश। आज डिजिटल युग में भारत देश शीर्ष स्थानों पर है नगर से लेकर गांवों तक इंटरनेट पहुंच चुका हैं आज मोबाइल के जरिए लोग अपना काम आसानी से कर पा रहे है पहले एक मात्र भारत सरकार का बीएसएनएल कंपनी का टॉवर ही लगा और घरों तक लैंडलाइन से मोबाइल का उपयोग होने लगा आज कई कंपनी आ गई है जिससे इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत ज्यादा बढ़ गई है मोबाइल से लेकर हर तरह के काम नेट के माध्यम से होने लगा है किंतु भारत सरकार की बीएसएनएल कंपनी का हाल बद से बत्तर होते जा रही है वही बात करे अंतागढ़ के ऊपर पारा में लगे बीएसएनएल कंपनी का टॉवर का जहां देखरेख नहीं होने के कारण खंडहर में तब्दील हो रहा हैं जबकि वह एक कर्मचारी के रुकने भवन भी बना है लेकिन विडंबना वहां कोई कर्मचारी नहीं रहता जिससे वहां अब हमेशा बंद रहता है ।

सात सालों से कोई कर्मचारी नहीं, भानुप्रतापपुर से कभी कभार आते है कर्मचारी-गौरतलब हैं कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण इंटरनेट को जोड़ने वाली सरकारी दूरसंचार विभाग का बीएसएनएल कंपनी करीब 20 से 25 साल पहले अंतागढ़ में आया और टॉवर भी लगा तब लोगो में एक अलग खुशी झलक रही थी लोग मोबाइल लेकर बीएसएनएल का सिम कार्ड खरीदने सुबह से शाम तक लाईन लगाकर सिम खरीदते थे किंतु आए दिन नेट की शिकायत रहता जिसके लिए बकायदा वहां एक कर्मचारी की नियुक्ति की गई जिससे लोग अपनी शिकायत लेकर जाए तो तुरंत समाधान हो सके जबकि ऊपर पारा स्थित लगे बीएसएनएल टॉवर में ही रुकने एक कर्मचारी के लिए भवन भी बना है और वहां पहले एक पाणिग्रही सरनेम का कर्मचारी रहता भी था लेकिन उसके चले जाने के बाद आज सात आठ साल बीत गए यहां कोई कर्मचारी नहीं हैं हालांकि यहां नियुक्त कर्मचारी का डेरा भानुप्रतापपुर में है जो अगर कोई फोन कर शिकायत करे तब आना होता है वही कोई कर्मचारी नहीं होने के चलते लोगों को काफी परेशानियां होती है लगभग आज दुकानों पर बीएसएनएल का वाई फाई लगा हुआ है बार बार नेट की शिकायत रहती है कभी केबल कट जाता है तो भानुप्रतापपुर से कर्मचारी को आते दिन से रात हो जाता है फिर बना या न बना तो दूसरे और तीसरे दिन का इंतजार करना पड़ता हैं जिससे दुकान में आए ग्राहको को भी परेशानियां होती है कई लोग सरकारी विभाग से लेकर दुकानों के चक्कर काटते नजर आते है बैंकों में पैसों का भुगतान नहीं हो पाता यही सब को देखते हुए यहां के जनप्रतिनिधि को दूरसंचार विभाग को पत्र लिखकर तुरंत कर्मचारी की नियुक्ति कर यही रहने को कहा जाए ताकि लोगों बेहतर सेवाएं मिल सके।

अबूझमाड़ क्षेत्र के घमंडी पारा के जंगल में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच भीषण मुठभेड़

■ पुलिस को भारी पड़ता देख हथियार छोड़कर जान बचाकर भागे माओवादी।

■ घटना स्थल में कई जगह पर खून के धब्बे एवं घसीटने के मिले निशान। नक्सलियों के मारे जाने एवं घायल होने की प्रबल संभावना।

नारायणपुर / नवप्रदेश। माड़ डिवीजन अन्तर्गत कम्पनी नम्बर 01 के शीर्ष नक्सलियों की आसूचना पर निकली थी नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम। नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 25/03/2025 को नारायणपुर डीआरजी, बस्तर फॉईटर एवं एसटीएफ की संयुक्त पार्टी शीर्ष माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर अबूझमाड़ क्षेत्र घमंडीपारा, पदमकोट, नेलांगूर में रवाना हुई थी। अभियान के दौरान दिनांक 27.03.2025 के लगभग प्रातः 7:00 से 9:30 बजे के बीच घमंडीपारा के जंगल, पहाड़ में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देखकर माओवादी हथियार एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री छोड़कर भागे गये। फायरिंग बंद होने पर सभी टीमों द्वारा अपने-अपने दिये गये टास्क क्षेत्र में सर्चिंग करने पर घटना स्थल में 1 नग एसएलआर रायफल एवं अन्य नक्सली सामग्री भारी मात्रा में बरामद हुआ।

घटना स्थल में खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान दिखाई दिये जिससे प्रतीत होता है कि इस मुठभेड़ में संख्या में अन्य माओवादियों के घायल अथवा मारे जाने की प्रबल संभावना है। उक्त घटना पर थाना कोहकामेटा में धारा 191(2),191(3), 190, 109, 61(2), बी.एन.एस. 25 27 आर्म्स एक्ट10, 13(1), 16, 18, 20, 38(2), 39(2) का मामला पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है।

बरामद सामग्री

1- एसएलआर रायफल - 1 नग।
2- एसएलआर जिंदा कारतूस - 12 नग।
3- एसएलआर मैग्जीन- 1 नग।
4- नक्सली पिट्ठू - 1 नग ।
5- वॉकी टॉकी -1 नग।
6- रेडियो -1 नग।
7- गढ़चिरौली जिल्हा नामक नक्शा-1 नग।
8- नक्सली साहित्य - 6 नग।
9- मेडिकल सामग्री सहित अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ।

संघ ने किया चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हिंदू नववर्ष उत्सव का आयोजन

■ **समाज संगठित और सबल हो, यही आरएसएस का उद्देश्य: रामजी रजवाड़े**

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने रविवार को हिंदू नववर्ष के अवसर पर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को संघ हिंदू नववर्ष उत्सव का आयोजन किया। पीएम श्री हरिहर उच्च. माध्य. शाला के मैदान में श्रीराम प्रभात शाखा में स्वयंसेवकों के लिए आद्य सर संघचालक प्रणाम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने संघ के संस्थापक को आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया। मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री सक्षम रामजी रजवाड़े ने कहा कि भारतीय काल गणना वैज्ञानिक व शोध परक है। सूक्ष्म काल गणना है। भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कृति का कोई सानी नहीं, कला और विज्ञान के क्षेत्र में सम्पन्न है हमारा भारत वर्ष। संघ के संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म आज ही के दिन हुआ था इसलिए इस उत्सव में स्वयंसेवकों के लिए आद्य सर संघचालक प्रणाम का आयोजन होता है। जो वर्ष में एक ही बार होता है इसलिए संघ के स्वयंसेवकों को यह अवश्य करना चाहिए। संघ के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। देश में संघ 40 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में समाज के बीच कार्य कर रहे हैं। देश ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व की निगाहें संघ की ओर है। संघ का कार्य समाज का कार्य है। समाज संगठित हो सबल हो यही संघ का उद्देश्य है। उन्होंने हाथी और अंधे का उदाहरण देते हुए बताया संघ को समझना है तो संघ में आए। संघ कुछ नहीं करता परंतु संघ का स्वयंसेवक कुछ नहीं छोड़ता।

समाज संस्कारित हो, इसके लिए काम करते हैं स्वयंसेवक

संघ सिर्फ शाखा लगाता है, जिसमें स्वयंसेवक संस्कारित होकर हिन्दू समाज के स्वावलंबन के लिए कार्य करता है। अर्थात् संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है शाखा में आने से मलीनता दूर होती है। रामजी रजवाड़े ने कहा अपने नेतृत्व के प्रति विश्वास और अपनी कार्य पद्धति पर निष्ठा से ही भारत परम वैभव के शिखर पर पहुंचेगा। हिन्दू जगेगा तो विश्व जगेगा। वसुधैव कुटुंबकम् एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः की सोच सिर्फ हिन्दुओं में हो सकती है तभी तो धर्म की जय और विश्व की कल्याण की बात करता है। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत मां के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात केशव अर्चना और आद्य सरसंघचालक प्रणाम के साथ हुआ। अमृत वचन, सुभाषित व गीत के पश्चात अतिथि उद्बोधन प्राप्त हुआ। संघ प्रार्थना व मिष्ठान्न वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर संघ चालक सनत चौधरी, नगर कार्यवाह आकाश जैन, प्रदीप देशपांडे कोरबा, पुर्नेंद्र साहू, गोपाल यादव, योगेश यादव, अमन पाटकर, पुखराज साहू, कैलाश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

पंचकुंवर यादव को एम्स में मिला नया जीवन

राजिम/नवप्रदेश। सेवा ही सबसे बड़ा कर्म है और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है इसे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने चरितार्थ कर दिखाया है। इलाज के लिए एम्स हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कवर्धा जिले के पंडरिया के निकट लोखन मुनमुना गाँव की पंचकुंवर यादव को एम्स में 18 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी और वे जीवन व मृत्यु के बीच लड़ रही थी। इसी बीच जीवनरक्षक के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने सहयोग कर पंचकुंवर यादव को 18 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पूर्ति की जिससे उनके आगे का उपचार संभव हो सका। उक्त कार्य में स्वास्थ्य सहायक रुपेश साहू का अहम योगदान था जिन्होंने एम्स रायपुर में पंचकुंवर यादव के लिए ब्लड की व्यवस्था हेतु की। इस तरह कवर्धा की पंचकुंवर यादव को नया जीवन मिला और अब वो पूर्ण स्वस्थता की ओर अग्रसर है। दरअसल पंचकुंवर यादव को हृदय रोग संबंधित समस्या थी और वे एम्स रायपुर में बायपास सर्जरी के लिए भर्ती हुई थी जिसके लिए उन्हें 18 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ी इस बीच देवदूत के रूप में विधायक रोहित साहू व उनके स्वास्थ्य सहायक रुपेश साहू ने उनकी मदद के लिए आगे आए।

■ न्यूज गैलरी

मुस्कान अग्रणी महिला फार्म प्रोड्यूसर कंपनी को 'केंद्र पोषित कृषि यांत्रिकीकरण पर सबमिशन' योजना का मिला लाभ

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक के मार्गदर्शन में बिहान के अंतर्गत बिहान के सहयोग से एचडीएफसी बैंक सीएसआर एवं जीटी भारत के संयुक्त परियोजना, स्त्री पहल के अंतर्गत महासमुंद जिले के बसना ब्लॉक में स्थित मुस्कान अग्रणी महिला फार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने ÷केंद्र पोषित कृषि यांत्रिकीकरण पर सबमिशन÷ योजना के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर की स्थापना की है। इस योजना के तहत समूह की महिला द्वारा संचालित कंपनी को 14 लाख रुपये मूल्य की कृषि मशीनरी प्राप्त हुई है, जिसमें ट्रैक्टर, थ्रेशर, कल्टीवेटर, रीपर, सीड ड्रिल और हैंड स्प्रेयर शामिल हैं। एसबीआई बैंक, शाखा बसना के द्वारा, केंद्र पोषित कृषि यांत्रिकीकरण पर सबमिशन योजना के अंतर्गत कंपनी को 10 लाख रुपए के ऋण की वित्तीय सहायता दी गई साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 8 लाख रुपए की बैक-एंड सब्सिडी भी मंजूर की गई है। ये मशीनें कस्टम हायरिंग सेंटर मॉडल के तहत एफपीसी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे किसान किफायती दरों पर आधुनिक उपकरण किराए पर ले सकेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सस्ते दर पर आधुनिक कृषि उपकरण प्रदान करना है, जिससे उनकी उत्पादकता और लाभप्रदता में वृद्धि हो सके। कंपनी के अध्यक्ष मती अंजना साहू ने बता या कि इस योजना का लाभ समूह से जुड़े 500 से अधिक महिला किसानों और अन्य छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा, जिससे उनके कृषक कार्य में लगने वाले समय और खर्च की बचत होगी और आधुनिक उपकरणों से खेती करने से उपज और मुनाफे में 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी। कंपनी के अध्यक्ष मती अंजना साहू ने बताया इस योजना का लाभ लेने में सभी निदेशकों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने एसबीआई बैंक शाखा बसना के ब्रांच मैनेजर मोहम्मद शेख आदिल एवं सहायक मैनेजर समीर गुप्ता को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। जिन्होंने समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की तथा कार्य को सुगम बनाया। इस योजना को जमीनी स्तर पर सफल बनाने के लिए कृषि अभियांत्रिकी विभाग रायपुर, एसबीआई बैंक, बिहान विभाग जिला महासमुंद एवं ब्लॉक स्टाफबसना और जीटी भारत के क्लस्टर मैनेजर अंकित कुमार का विशेष सहयोग रहा है।

जिला विश्वकर्मा समाज का एक दिवसीय जिला अधिवेशन गढ़डोंगरी में हुआ सम्पन्न

नगरी। नगरी नगरी ब्लाक के ग्राम गढ़डोंगरी में जिला विश्वकर्मा समाज के द्वारा एक दिवसीय जिला अधिवेशन का कार्यक्रम रखा गया सर्वप्रथम विश्वकर्मा भगवान का विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी अरुण सार्वा अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज जिलाध्यक्ष मनाराम विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम मनोहरदास मानिकपुरी रवि दुबे राकेश चौबे विश्वकर्मा समाज की पदाधिकारी गण रामचरण विश्वकर्मा लक्ष्मी नारायणविश्वकर्मा बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा लालेश्वरी विश्वकर्मा रामबत्ती विश्वकर्मा यशोदा विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज के सामाजिक जन उपस्थित थे

कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाने की कवायद

बेमेतरा जिले में 27 पुलिस अधिकारियों का तबादला

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में पुलिस प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश जारी किया है। इस फेरबदल में 27 पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें 4 निरीक्षक, 7 उप निरीक्षक और 16 सहायक उप निरीक्षक शामिल हैं।

ये हुए मुख्य तबादले:

निरीक्षक स्तर पर: कृष्णकांत सिंह को रक्षित केंद्र से थाना प्रभारी बेरला, चंद्रदेव वर्मा को थाना साजा से खम्हरिया, रोशन लाल टोण्डे को रक्षित केंद्र से थाना दाढ़ी भेजा गया है।

उप निरीक्षक स्तर पर: राकेश कुमार साहू को थाना बेमेतरा से थाना साजा, अलील चंद को नांदघाट से नवागढ़, भुनेश्वर यादव को दाढ़ी से नांदघाट भेजा गया है।

सहायक उप निरीक्षक स्तर पर: उदलराम टाण्डेकर को थाना बेमेतरा से चौकी प्रभारी देवकर, आरएल. भास्कर को साजा (पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर) से चौकी प्रभारी देवरबीजा, संतोष ध्रुव को चौकी प्रभारी देवरबीजा से थाना साजा (बिरनपुर) स्थानांतरित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, दो सहायक उप निरीक्षकों को थाने से रक्षित केंद्र भेजा गया है।

प्रशासनिक मजबूती की दिशा में कदम

इस फेरबदल को प्रशासनिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पुलिस विभाग के अनुसार, इस नई व्यवस्था से जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि स्थानांतरण से पुलिसिंग में कसावट आएगी और जनता को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

बेमेतरा पुलिस का सड़क सुरक्षा अभियान

■ **68 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई**

बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, मालवाहक वाहनों में सवारी बैठाने एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर बेमेतरा पुलिस ने सख्ती दिखाई। पुलिस द्वारा 68 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई कर 23,400 रुपये समन शुल्क वसूला गया।

बेमेतरा पुलिस की अपील

बेमेतरा पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें। बिना हेलमेट वाहन न चलाएं। मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाएं। शराब पीकर वाहन न चलाएं। तेज गति से वाहन चलाने से बचें। मोटर साइकिल में मॉडिफाइड साइलेंसर न लगाएं। नाबालिग बच्चों को वाहन न सौंपें। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलाएं। मोबाइल का उपयोग कर वाहन न चलाएं। सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। बेमेतरा पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने में भागीदार बनें।

पुलिस की सख्ती, जिलेभर में हुई कार्रवाई

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई–

- थाना बेमेतरा – 12 चालान, 12 व्यक्ति
- थाना नवागढ़ – 06 चालान, 06 व्यक्ति
- थाना दाढ़ी – 02 चालान, 02 व्यक्ति
- थाना परपोड़ी – 11 चालान, 11 व्यक्ति
- थाना बेरला – 03 चालान, 03 व्यक्ति
- चौकी खंडसरा – 05 चालान, 05 व्यक्ति
- चौकी कंडरका –04 चालान, 04 व्यक्ति
- चौकी देवरबीजा – 04 चालान, 04 व्यक्ति
- चौकी संबलपुर – 04 चालान, 04 व्यक्ति
- यातायात पुलिस – 15 चालान, 15 व्यक्ति

आत्मनिर्भर महिला, सशक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। सोमवार को वत्सला फाउंडेशन द्वारा आत्मनिर्भर महिला, सशक्त भारत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 50 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीनें वितरित की गईं, जिससे वे स्वावलंबन की दिशा में कदम बढ़ा सकें। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, थान खमरिया अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल एवं एडिशनल डायरेक्टर एमके राठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने लाभार्थी महिलाओं को अपने कर कमलों से सिलाई मशीन एवं अन्य आवश्यक संसाधन प्रदान किए।

फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाकर उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। इस पहल के अंतर्गत वत्सला फाउंडेशन भारत सरकार के सहयोग से महिलाओं को विभिन्न हस्तकला व कौशल विकास की शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराता है। इसी क्रम में, आज 18 वर्ष से अधिक उम्र की 50 महिलाओं और बालिकाओं को निःशुल्क उत्कृष्ट सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय सिन्हा ने लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दौर महिला सशक्तिकरण और महिला उद्यमिता का है। महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम कर रही हैं। वत्सला फाउंडेशन का यह प्रयास सराहनीय है जो महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने में मदद कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि वत्सला फाउंडेशन नगर में लंबे समय से सामाजिक कार्य कर रहा है। पूर्व में संस्था द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पोषण आहार किट वितरित की गई थीं और किशोरियों को स्वच्छता संबंधी जागरूकता प्रदान की गई थी।

भालेसर, कंडरका और बेरलाकला में मानस सम्मेलन संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। ग्राम भालेसर, कंडरका और बेरलाकला में आयोजित दो दिवसीय अखंड मानस गान सम्मेलन एवं रामकथा कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने की शिरकत

इस अवसर पर नवनिर्वाचित बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने प्रभु राम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अखंड रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक है। राम के आदर्शों को अपनाकर हम एक मजबूत, सशक्त और संस्कारित समाज की स्थापना कर सकते हैं।

धार्मिक आयोजन में उमड़ा जनसैलाब

इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और रामधुन व मानस पाठ का आनंद लिया। आयोजन के दौरान संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। कल्पना योगेश तिवारी ने आयोजन समिति और ग्रामवासियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित

करने की बात कही। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं होते, बल्कि यह समाज को एकजुट करने और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम भी हैं।

गणमान्य लोग भी रहे उपस्थित

इस भव्य आयोजन में बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रमुख लोगों में सरपंच रानी प्रेमलाल साहू, उपसरपंच अनुजराम, सीताराम वर्मा, भीम साहू, देवेंद्र साहू (बोरसी), अशोक पांडेय (पूर्व सरपंच), दीपक निषाद (भालेसर), मनोज चक्रधारी, खिलेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, टीडी मानिकपुरी, महेंद्र वर्मा, डेसू यादव, सतीश वर्मा, अंशु परगनिहा सहित सैकड़ों ग्रामीणों की भागीदारी रही।

त्रि-दिवसीय मानस सम्मेलन 4 अप्रैल से

नगरी। ग्राम उमरगांव में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी त्रि दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 4,5,6 अप्रैल को रखा गया है जिसमें 18 ख्याति प्राप्त मंडली रामकथा का रसपान करायेंगी और 6 अप्रैल को श्रीराम जन्म उत्सव मनाया जायेगा।इस मानस सम्मेलन समिति के अध्यक्ष मोहन पुजारी, उपाध्यक्ष चन्द्रभान यादव, पूनमचंद कश्यप, सचिव देवेंद्र सेन, सहसचिव संतोष कामड़े, कोषाध्यक्ष कृपाराम ठाकुर, युवा संघ सहित ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

डीपेंद्र साहू ने किया ज्योति कक्ष भवन निर्माण का लोकार्पण

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सोरम के आश्रित ग्राम बेलतरा में ग्रामवासियों की बहुप्रतिक्षित मांग शीतला माता मंदिर में ज्योति कक्ष भवन निर्माण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू की अनुशंसा से स्वीकृत हुआ था, जिसका लोकार्पण कार्यक्रम नवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीपेंद्र साहू शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच श्याम सुंदर सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन, जनपद सदस्य पार्वती मोहित साहू, उपसरपंच नरेंद्र साहू,पंच गन, ग्राम पटेल बीरेंद्र सिन्हा सहित ग्रामवासी शामिल हुई। सर्वप्रथम सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के द्वारा गांव की आराध्य देवी माता शीतला की पूजा अर्चना किए, तदूपरांत ज्योति कक्ष भवन का लोकार्पण किया गया। डीपेंद्र साहू ने कहा कि सभी गांव में नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है, हमारा क्षेत्र धर्म की धारा है जहां आदिशक्ति मां शीतला भवानी, माता अंगार मोती, माता विंध्यवासिनी विराजमान है प्रत्येक गांव में गांव की रक्षा व शीतलता प्रदान करने के लिए मां शीतला विराजमान है और यह पवित्र स्थल हम सबके आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु है।

राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे ने सतीश पारख को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

उतई/नवप्रदेश। राष्ट्रीय हिन्दू संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी है ।राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के केंद्रीय कार्यालय महाकुंभ की धरती प्रयागराज स्थित मुख्य राष्ट्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय नेतृत्व अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी शशिशेखर सिंह के हस्ताक्षर से जारी नियुक्ति पत्र में सतीश पारख उतई ,दुर्ग को राष्ट्रीय हिन्दू संगठन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । दुर्ग जिले के उतई क्षेत्र के निवासी सतीश पारख संगठन से 2018 में जुड़कर प्रदेश सह प्रभारी सहित अंडमान निकोबार द्वीप समूह प्रदेश के प्रभारी के रूप में भी राष्ट्रीय हिन्दू संगठन की जवाबदारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभा चुके है।संगठन तथा नेतृत्व के साथ साथ हिंदुत्व के प्रति उनकी निष्ठा और दबंग कार्यशैली के चलते राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे सत्या भैया ने उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में एक विश्वसीय ओर महती जवाबदारी सौंपी है । सतीश पारख के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ रवि विद्यार्थी को प्रदेश अध्यक्ष निगरानी समिति, खोकण कुंडू को प्रदेश उपाध्यक्ष, एम डी महंत प्रदेश सह प्रभारी,रानू धनकर दुर्ग जिला अध्यक्ष,धनराज साहू जिला अध्यक्ष धमतरी,नरेश चौहान जिला अध्यक्ष सारंगढ़,सनद कुमार धारा दुर्ग जिला सह प्रभारी, शैलेंद्र सैनी, रामप्रकाश तिवारी ,संजय यादव दुर्ग जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किए गए है ।राजनारायण द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष सरगुजा,राजेश वैष्णव जिला उपाध्यक्ष राजनांदगांव,ज्ञानी वास्तव जिला महासचिव दुर्ग, अभय नेवलकर तथा अजितकुमार साहू को दुर्ग जिला सचिव की जिम्मेदारी दी गई है ।इनकी नियुक्ति पर देबू दत्ता रायपुर, श्वेता, अनुज,राज बॉस, किशन, रविन्द्र शुक्ल, नीलम जैन सहित राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के प्रदेश भर के साथियों ने बधाईयां प्रेषित करते हुए राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र दुबे तथा प्रदेश प्रभारी शशिशेखर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आयोजन | **रामचरित मानस का प्रत्येक पात्र अपने आप में एक अनोखा आदर्श-दीपक सिंह ठाकुर**

मानस गान सम्मलेन में हिन्दू जागरण मंच ने समाज को किया जागृत

धमतरी/नवप्रदेश। सेंनचुवा (सेमरा)में समस्त ग्रामवासी एवं भगवती मानस परिवार के द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी त्रि दिवसीय मानस गान सम्मलेन का आयोजन किया। जिसमें हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, हरिशंकर शांडिल्य ,अमरदीप देवांगन ,लक्ष्मीकांत सोनी सेंचुवा ग्रामवासियों तथा भगवती मानस परिवार के आमंत्रण पर शामिल हुए मानस गान सम्मलेन को संबोधित करते हुए प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में

कहा विश्व वंदनीय भारत भूमि की यशोगान जिस महाकाव्य के आधार पर होती है ,जिस चरित्र का गायन किया जाता है। जिसको हम गांवट्ठगांव में संत, मुनियों , मानस मंडलियों के माध्यम से श्रवण करते है प्रत्येक वर्ष रामचरितमानस गान का सम्मलेन का आयोजन होते आ रहा है लेकिन मानस के आदर्शो को समाज ने अभी तक कितना स्वीकार किया यह चिंतन का विषय है राम चरित मानस सिर्फ एक पुस्तक नहीं बल्कि भगवान राजा रामचंद्र जी का अदभुत विग्रह रूप है हम सभी को विश्वास रखकर अपनेट्ठ अपने घरों में नित्य पूजा पाठ और अध्ययन करना चाहिए रामचरित मानस का प्रत्येक पात्र अपने आप में एक अनोखा आदर्श है यदि हिन्दू समाज का प्रत्येक व्यक्ति उनके आदर्शो को अपनाए तो जीव कल्याण होना निश्चित है। आज भारत में हिन्दू समाज के नारी सुरक्षा, सम्मान,भूमि अतिक्रमण,धर्मांतरण,रोजगार सृजन कैसे हो, बढ़ते अ वैध गतिविधियां जो आने वाले समय में हम सभी के लिए चुनौतियां हो सकती है भारत के संविधान में पूर्ण रूपेण उल्लेखित है समाज जगे तो पूर्ण रूप से गांवों में चल असामाजिक तत्वों द्वारा बहलाने फुसलाने के कार्यो पर हम विराम लगा सकते समाज को जातीपंथ से ऊपर उठकर सोचना होगा क्योंकि हम सभी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।समाज परिवार हमेशा युवाओं के लिए अच्छी सोच समझ रख कर ही नवयुवकों नवयुवतियों को विवाह के संस्कार में जोड़ता है आजकल समाज को छोड़कर अन्य रीति नीति जो चल रही है उक्त विषय समाज को झकझोर रही है इस पर समाज को सोचने का विषय है भगवान रामचंद्र जी के जीवन में अनेक समस्याएं आयी पर धर्म और सत्य मार्ग अपनी मर्यादा नहीं छोड़े अपने चरित्र से मानव समाज को जीवन जीने की कला सुख दुख ,जीवन ड्डमरण, लाभ हानि ,यश अपयश सभी के जीवन में है अतएव अपने धर्म को मजबूत करना चाहिए संगठित होकर ही बड़ी से बड़ी संकटों सामना किया जा सकता है।

कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय लंगेह ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में धान उठाव, राजस्व पखवाड़ा, पीएम जनमन योजना और मनरेगा में श्रम आधारित कार्य जैसे अहम मुद्दों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रविराज ठाकुर, एसडीएम हरिशंकर पैकरा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे एवं वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अनुविभागीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जुड़े थे। कलेक्टर लंगेह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को समय-समय पर कार्यालयों के औचक निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी भी अधिकारी को बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर लंगेह ने आगामी राजस्व पखवाड़ा की समीक्षा करते हुए भूमि संबंधी विवाद, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, ऋण पुस्तिका जारी करने, भू-अधिकार पत्र, जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व मामलों का समाधान करने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

खुशनुमा माहौल में मनाया गया ईद उल फितर

लखनपुर/नवप्रदेश। स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चांद दिदार के साथ अकीदत के साथ खुश गवार माहौल में जश्ने ईद मनाया गया। माहे रमजान के आखिरी दिन नगर लखनपुर के ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश इमाम खालीदुल कादरी ने ईद उल फितर की नमाज अदा की । तकरीर में खुदा के बताये नेक राह में चलने पैगाम दिए कौम के रोजेदारों ने अपने सजदा- ऐ- ईबादत में आपसी भाईचारे एवं मुल्क के सलामती को लेकर दुआएं मांगी।

नमाज के बाद मांगी अमन, चैन की दुआ

सक्ती/नवप्रदेश। नगर सहित पूरे देश में इस्लामिक माह के पाक महीने रमजान-उल-मुबारक में पूरे माह भर रोजा रखने के बाद इस्लामी माह के रमजान महिने पश्चात आने वाले माह 31 तारीख को ईद-उल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया नगर के वार्ड नंबर चार में स्थित ईदगाह में शहर के मुस्लिम समाज के भाइयों द्वारा सुबह ईद की नमाज अदा की गई नगर के पेशइमाम हजरत मोईन रजा के द्वारा मुस्लिम समाज के भाइयों को नमाज अदा करवाई गई नमाज से पहले पेशइमाम हजरत मोईन रजा के द्वारा पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु तआला अलेही वसल्लम के जीवनी के बारे में अवगत कराते हुए बताया गया कि पैगंबर साहब के द्वारा हमेशा दीन-दुखियों की सेवा एवं गरीबों की मदद करने की बातें बताई गई इस प्रकार हमें भी उनके रास्ते पर चलने की जरूरत है इस्लाम में हमेशा अमन, चैन ,सुख, शांति की बातें और हमें हमेशा एक दूसरे से मिलकर रहने की सलाह दी मुस्लिम भाइयों के द्वारा गले मिलकर और हाथ मिलाकर ईद की बधाईयां दी गई तत्पश्चात मुस्लिम भाइयों के द्वारा नगर में ही स्थित कब्रिस्तान में जाकर अपने पुरखों के हक में दुआ मांगी गई ईद-उल-फितर में मुस्लिम भाईयों के द्वारा अपने दोस्तों रिश्तेदारों के यहां जाकर मीठी सेवईयां खाकर ईद का त्यौहार मनाया गया ईद में गरीबों को खाना खिलाया गया इस अवसर पर सुन्नी मुस्लिम समाज के मुखिया तैय्यब अली रिज्वी,भाई महबूब खान, हाजी जायसी साहब, हाजी गुलाम नबी, हाजी मुनव्वर खान वारसी, हाजी शकील भाई, मों. गनी वकील, हाजी आबिद अत्तारी,असलम खान, गुलाम मनिहार, जमाल खान, मो. अजलाल, शम्स तमरेज़ खान, रज्जब अली, अयाज खान, सुल्तान खान, रमजान खान, रिज़वान खान, ईकबाल खान, वसीम खान, समद सेठ्ठी खान, नासीर खान, फैज़ान खान, आजम खान, शकील अहमद, ईब्राहिम खान, मजीद खान, रज्जाक अली इन सभी मुस्लिम भाईयों ने ईद की मुबारक़बाद लोगो को दी।

स्व. बिसाहू दास महन्त की 101वीं जयंती समारोह

समृद्धि का सपना संजोने वाले महामानव को श्रद्धांजलि

सक्ती/नवप्रदेश। स्व बिसाहू दास का महन्त का सपना था हर खेत को पानी हर हाथ को काम मिले हम भले ही समृद्ध न हो हमारी आने वाली पीढ़ी समृद्ध हो ऐसे सोच के महामानव थे उक्त विचार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व मंत्री स्व बिसाहू दास महन्त की एक अप्रैल को 101वी जन्मजयंती समारोह के अवसर पर आयोजित सक्ती के बिसाहू दास महन्त उद्यान में चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव ने कही पुर्व मंत्री नोवेल वर्मा ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व बिसाहू दास मंहत के रोम रोम में संत कबीर की सत्यता बसी थी देश प्रदेश और पार्टी को अभावों के बीच सम्भाला नवरात्रि पर्व एवं स्व बिसाहू दास महन्त के 101वी जयंती के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त ने हरेठी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की वहाँ के ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित सरपंच सारिका सोमेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया नगर के मध्य कचहरी चौक पर पार्षद संतोष कुमार सोनी रामसजीवन देवांगन गजाधर यादव रिक्की सेवक लेखनी देवांगन लालू प्रधान ने स्वागत किया।

थाने परिसर के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की महामाई मन्दिर में डॉ महन्त ने पूजा अर्चना की वहाँ आनंद अग्रवाल उगेन्द्र अग्रवाल भुरू अग्रवाल हरीश अग्रवाल सुभाष देवांगन गीता देवांगन ने स्वागत किया

उसके पश्चात स्व बिसाहू दास महन्त उद्यान में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में पहुँचकर माल्यार्पण कर श्रध्दा सुमन अर्पित किया वहां पर सुषमा जायसवाल रिना गेवाडीन जिला कॉग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जायसवाल गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर महबूब खान नरेश गेवाडीन अमित राठौर सधेश्वर गवेल ने स्वागत करते बिसाहू दास महन्त को श्रद्धांजलि अर्पित किया आयोजन में जिले भर से बड़ी संख्या में कॉग्रेस जनो विधायक पूर्व विधायक जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष सरपंच जनपद सदस्य गण ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति उक्त कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महन्त विधायक रामकुमार यादव नरेश गेवाडीन पूर्व मंत्री नोवेल वर्मा पूर्व विधायक चैनसिंह समले गुलज़ार सिंह जनपद पंचायत सकती के अध्यक्ष नीतू ऋषि राय उपाध्यक्ष बंशी खांड़े जिला कॉग्रेस अध्यक्ष दादु जायसवाल रश्मि गवेल अमित राठौर प्रीतम अग्रवाल गिरधर जायसवाल पिंटू ठाकुर राइस किंग खूंटे कुसुम यादव रामु जायसवाल जिला पंचायत सदस्य सरोज डडसेना सरपंच अशोक यादव विशाल जांगड़े संजय सिदार जनपद सदस्य गण ज्ञानिक खांड़े उषा कवर दिलसाय कवर अमर सिंह राठिया शान्ति लहरे सुनीता श्रीवास शैल यादव अनिता सिदार सत्यप्रकाश महन्त। टनकेश्वर पटेल मोंगरा बाई रामेशवरी गवेल राजू राठौर अलका जायसवाल दिगम्बर चौबे ईश्वर लोधी सुरेश देवांगन प्यारे लाल पटेल रन साय बरेठ उमेश यादव सावित्री गवेल बलराम पांडे सुदेश शर्मा साहस राम कर्ष विजय सूर्यवंशी रुकसाना बेगम विजया जायसवाल अंजू राठौर मनोज जायसवाल पीयूष राय सचिव पटेल पूरन दास महन्त सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये कॉग्रेस जनो की उपस्थिति रही।

हितग्राहियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु किया सम्मानित

जिले के 15 हजार 747 परिवारों को मिला घरों की चाबियां सौंपी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले के 15 हजार 747 जरूरतमंद परिवारों को पक्के घरों की चाबियाँ सौंपी गईं। इस ऐतिहासिक आयोजन में सभी लाभार्थियों ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ सपरिवार गृह प्रवेश किया।

जिले के विकासखंडवार लाभान्वित में अंबिकापुर के 3 हजार 007 , बतौली से 1हजार 771, लखनपुर से 2 हजार 821, लुंड्रा से 2 हजार 213, मैनपाट से 1हजार 664, सीतापुर में 2 हजार 179 और उदयपुर के 2 हजार 092 लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी वितरण किया गया। इस दौरान लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया। अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चठिरमा, खलिबा और मानिक

प्रकाशपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल ने नवरात्रि एवं प्रधानमंत्री आवास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गरीबों को सुरक्षित आवास देना शासन-जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार लाया जा सके उन्होंने गांव को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना के तहत सर्वे कार्य चल रहा है और पात्र लाभार्थी आवेदन कर सकते हैं। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों से उन्होंने आग्रह किया कि वे शासन की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासन का सहयोग करें। अन्य लाभार्थियों को मकान बनाने के लिए प्रेरित करें।

शासन की योजना से मिला सुरक्षित मकान

अंबिकापुर विखं के ग्रापंचठिरमा के रहने वाले लाभार्थी नरेश राय मूक-बधिर हैं। उनकी पत्नी गौरी राय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान है। मेरे पति बोल नहीं सकते मेरे दो बेटे बहू इस मकान में रहेंगे। उन्होंने बताया कि वह बिहान योजना में स्व सहायता समूह में काम करतीं हूं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिली प्रोत्साहन राशि और बिहान समूह से ऋण लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास को अपने जरूरत के हिसाब से बनाया हैं, उन्होंने कहा कि आज मेरा परिवार इस आवास में सुरक्षित महसूस कर रहा है इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्राम जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

आवास योजना के तहत 6500 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र के पहले दिन जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 6500 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को उनके नए आवासों की चाबियां सौंपी और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कराकर गृह प्रवेश संपन्न कराया।

पीएम मोदी के छग आगमन के अवसर को इस योजना के उत्सव के रूप में मनाया गया। इस दौरान मुंगेली, लोरमी और पथरिया विकासखंडों में आयोजित इस कार्यक्रम में हितग्राही अत्यंत प्रसन्न दिखे और उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। हितग्राहियों ने बताया कि पक्के मकान के अभाव में उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब स्थायी आवास मिलने से उनकी समस्याओं का समाधान हो गया है। जिले में कलेक्टर राहुल देव और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्ययोजना अपनाई जा रही है।

योजना के जिला समन्वयक सुनील जायसवाल ने बताया कि जिले में आवास निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है और सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। पीएम आवास योजना के तहत गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में लाभार्थियों की उपस्थिति रही। यह योजना न केवल जरूरतमंद परिवारों को स्थायी छत उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके जीवन स्तर में भी बड़ा बदलाव ला रही है।

सरगांव नपं वार्ड 14 के पार्षद सुशील छह वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत सरगांव उपाध्यक्ष पद निर्वाचन में क्रॉस वोटिंग के लिये सरगांव नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सुशील यादव को तत्काल प्रभाव से छः वर्षो के लिये पार्टी से निष्कासित किया गया। नगर पालिका परिषद मुंगेली में भी हुए क्रॉस वोटिंग को लेकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौपेगी।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने संगठन को मजबूत करने और अनुशासन बनाए रखने के लिए एक और कड़ा कदम उठाया है। हाल ही में हुई विस्तारित बैठक के बाद उन्होंने पार्टी की छवि को धूमिल करने वाले, निष्क्रिय और लापरवाह पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला तेज कर दिया है। यह कदम उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रत्याशियों की हार और उस दौरान कुछ लोगों के गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर उठाया गया है, जिससे पार्टी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा था। जिलाध्यक्ष

घनश्याम वर्मा ने स्पष्ट किया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के निर्देशों के अनुरूप संगठन में मजबूती लाने और अपने कर्तव्यों का पालन न करने वाले पदाधिकारियों पर सख्ती बरती जाएगी। इस दिशा में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और हाल ही में राज्य के दौरे पर आए सह प्रभारी विजय जांगिड़ के मार्गदर्शन में कार्रवाई शुरू की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि पदभार ग्रहण करते ही मैंने संकेत दे दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब वरिष्ठ नेताओं को अवगत कराने के बाद ऐसे लोगों को संगठन से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। घनश्याम वर्मा ने यह भी संकेत दिए कि जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटी और ब्लॉक अध्यक्षों के लिए नए पदाधिकारियों के नामों पर मुहर लग सकती है। उन्होंने कहा, संगठन में नए और समर्पित कार्यकर्ताओं को शामिल किया जाएगा, जो पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूती प्रदान करने में सक्षम हों। इस कदम से यह स्पष्ट है कि जिला कांग्रेस कमेटी अब एक्शन मोड में आ चुकी है और संगठन में बदलाव की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। जिलाध्यक्ष ने अपने बयान में इस बात पर बल दिया कि पार्टी की छवि को खराब करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक विचारधारा है, जिसे मजबूत करने के लिए हमें सक्रिय और जिम्मेदार कार्यकर्ताओं की जरूरत है। जो लोग अपने दायित्वों को गंभीरता से नहीं लेते, उन्हें अब संगठन में जगह नहीं मिलेगी। मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी में इस सख्ती से कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच हलचल मच गई है। आने वाले दिनों में नए चेहरों के शामिल होने और संगठन के पुनर्गठन से पार्टी की दिशा और मजबूती पर सभी की नजरें टिकी हैं।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम लटोरी में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया । पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुलदीप राजवाड़े आ0 गणेश राजवाड़े उम्र 26 वर्ष साकिन ग्राम लटोरी 30 मार्च की शाम 8 बजे बिना खाना खाए बस्ती के तरफ घूमने निकला था। लौट कर वापस नहीं आया। घर के लोग आस-पड़ोस दोस्तो के बीच खोजबीन किये युवक का पता नहीं चला। 31 मार्च दिन सोमवार को युवक बीही पेड के डगाल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा गया।गमछे का फंदा बना फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लिया था।

पत्रकारों के हित में लिए गए कई बड़े फैसले

लखनपुर/नवप्रदेश।प्रदेश पदाधिकारीयो के दिशा निर्देश पर छ.ग.श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश संघ सचिव कृष्ण सिंह बाबा के नेतृत्व में 28 मार्च को रेस्ट हाउस अंबिकापुर में आयोजित हुई। इस बैठक में 10 जिले के कोर कमेटी जिला अध्यक्ष शामिल हुए। पत्रकार हित को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया । बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष विजय लागड़ें ने कहा पत्रकारों के लिए शासन स्तर से कई सुविधाएं दी जाती है लेकिन जानकारी के अभाव में इसका लाभ हम पत्रकारो को नहीं मिल पाता । हम अपने संघ में शहरी क्षेत्र के अलावा दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के

पत्रकारों को भी शामिल कर शासन के योजनाओं का लाभ दिलाएंगे। एक माह के भीतर प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होना है जिनके नेतृत्व में संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला व सम्मेलन कराया जाएगा। इसमें प्रदेश भर के पत्रकार शामिल होंगे कांग्रेस सरकार ने पत्रकार सुरक्षा कानून पास किया था अब भाजपा सरकार के कार्यकाल में अधूरा काम पूरा कराया जायेगा। प्रदेश महासचिव बी डी निजामी ने सरगुजा जिला अध्यक्ष के कार्यों का सराहना करते हुए कहा शासन और प्रशासन को आईना दिखाने का कार्य सिर्फ पत्रकार ही करता है। जिनका सम्मान हर क्षेत्र में होना चाहिए। प्रदेश संगठन सचिव कृष्ण सिंह बाबा ने कहा हमारा संघ प्रदेश के 33 जिले में पूरे जोशे जुनून के साथ काम कर रही है।

मुंगेली से अयोध्या के लिए नई बस सेवा शुरू

मुंगेली/नवप्रदेश। पुष्पराज टूर एंड ट्रेवल्स द्वारा मुंगेली से अयोध्या के लिए नई बस सेवा शुरू की जा रही है। यह बस बिलासपुर, मुंगेली, पंडरिया होते हुए प्रयागराज से अयोध्या तक जाएगी।

बस का समय अयोध्या पहुंचने का समय सुबह 9 बजे अयोध्या से वापसी का समय दोपहर 1.30 बजे को एसी स्लीपर इस बस सेवा से श्रद्धालुओं और यात्रियों को अयोध्या जाने के लिए एक सुविधाजनक विकल्प मिलेगा। नगरवासियों ने नगर पालिका चुनाव के पहले से ही अयोध्या के लिए सीधी बस सेवा की मांग की थी। स्थानीय नागरिकों की

इस मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने इस सुविधा को शुरू करने का वादा किया था, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। यह सेवा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए शुरू की गई है और इसका लाभ धार्मिक व पर्यटन उद्देश्य से यात्रा करने वाले लोगों को मिलेगा। मुंगेली से अयोध्या के लिए पहली बस को रोहित शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष प्रताप राय राजेश, देवेंद्र वैष्णव, अभिलाष सिंह, राहुल रूपवानी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईय और मकबूल खान, पार्षद कुलदीप पाटले, अजय साहू, रवि कोसले, जैकी राजेश उपस्थित रहे। बुकिंग ऑफिस मुंगेली नया बस स्टैंड, बजरंगबली मंदिर के सामने, पुष्पराज टूर एंड ट्रेवल्स की ओर से सूरज यादव ने बताया कि यह सेवा यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शुरू की जा रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए जल्द ही ऑनलाइन बुकिंग सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

मौसम

गर्मी बढ़ते ही लू का खतरा बढ़ा, सावधानी जरूरी

लू से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए दिशा-निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। दिनोंदिन गर्मी बढते ही जा रही है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए है। आगामी महीने अप्रैल, मई और जून में पड़ने वाली गर्मी में लू का खतरा बढ़ जाएगा। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ेगा। सलाह देते हुए एमडी डॉ. सिदार ने बताया कि लू से बचना जरूरी रहता है। कई बार इसके गंभीर परिणाम सामने आते है, ऐसे में अभी से लू से बचने की कवायद की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि लू से बचाव के लिए धूप में कम से कम निकलें। यदि बहुत आवश्यक हो तो सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांधकर ही बाहर निकलें। लू से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पिएं और नरम, मुलायम व सूती कपड़े पहने। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओर.आर.एस. का घोल पीएं, चक्कर व मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल, फल का रस, लस्सी व मठा का सेवन करें। लू के लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक की सलाह लें। डाक्टरों ने कहा-बरतें सावधानी-जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू चलने की आशंका बनी हुई है, जिसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री राहुल देव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के कारण लू लगने की आशंका रहती है, जो कि शरीर के लिए खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है। लू के कारण शरीर में नमक व पानी की कमी और पसीने लगातार निकलने से शरीर में गर्मी बढ़ जाती है। सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना,चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी और शरीर में दर्द,शरीर का तापमान अधिक होने पर भी पसीना नहीं निकलना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

ये हैं लू लगने के लक्षण

लू लगने से सिर में भारीपन और दर्द होने लगता है।तेज बुखार के साथ मुंह सूखने लगता है। चक्कर और उल्टी आने साथ ,कमजोरी आने लगती है। शरीर का तापमान अधिक होने के कारण पसीने का न आना।अधिक प्यास लगना और पेशाब न आना, भूख कम लगना।

ऐसे करें लू से बचाव

धूप में बाहर निकलने से पहले सिर व कानों को कपडे से ढक लें,बहुत अनिवार्य हो तो ही घर से बाहर निकलें, पानी अधिक पीयें, ज्यादा समय धूप मे न रहे, गर्मी के समय नरम व सूती कपडे पहने ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखतें रहे,अधिक पसीना आने पर ओआरएस का घोल लें। चक्कर और उल्टी आने कि स्थिति पर छाया वाली जगह पर आराम कर पानी व पेय पदार्थ का सेवन करें,उल्टी, सिरदर्द, तेज बुखार होने पर निकट के अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में जरूरी सलाह आवश्क रूप से लें।

गर्मी को लेकर पेयजल आपूर्ति के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। गर्मी के मौसम में जिले के नागरिकों को निरंतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष पहल की है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो पेयजल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करेगा। जिसके लिए जिले में संपर्क के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 18002330008 जारी किया है। जिला स्तर के अधिकारियों से कर सकते हैं संपर्क जिला स्तरीय प्रभारी अरविंद कश्यप, मोबाइल नंबर 9826471306, उपखंड स्तर पर प्रभारी अधिकारी अम्बिकापुर उपखंड से विनोद सोनी, मोबाइल नंबर 9424187606, सहायक अभियंता मुकेश कुमार गुप्ता, मोबाइल नंबर 9425256478, सीतापुर उपखंड निलिमा एक्का, मोबाइल नंबर 6263594206, सहायक अभियंता विकास प्रशांत सिंह, सीतापुर एवं मैनपाट से श्री मनोज केंवट, मोबाइल नंबर 8839974535 पर संपर्क कर पेयजल आपूर्ति संबंधित सूचना दें सकते हैं।

बच्चों को संस्कार, नैतिकता-गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना ही आधारशिला का उद्देश्य

सैनिक स्कूल प्रवेश के लिए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन, 60 प्रतिशत आरक्षण का मिलता है लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। रमतला रोड कोनी स्थित आधारशिला स्कूल अपने नाम के अनुरुप बच्चों में संस्कार, नैतिकता, शिक्षा का आधार देते हुए उन्हें सर्वांगिण रुप से विकसित कर रहा है। पिछले 14 सालों से स्कूल का संचालन किया जा रहा है। नवप्रदेश ने स्कूल के चेयरमैन अजय श्रीवास्तव से बातचीत की।

श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल का संचालन का उद्देश्य व्यावसायिक नहीं है। पूरा स्कूल स्टाफ कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है। हमारा प्रयास है कि यहां से पढ़ने वाले बच्चे अच्छी जगह में पहुंचकर अपना भविष्य बनाएं, यही हमारा लक्ष्य है। श्री श्रीवास्तव स्पीक मैके संस्था से जुड़े हुए हैं। संस्था के माध्यम से समय-समय पर विशेष व्यक्तित्व के धनी अतिथियों का स्कूल स्वागत करता है। साथ ही यहां पढ़ने वाले बच्चों को उन व्यक्ति विशेष से रुबरु होने का अवसर भी मिलता है। पद्मश्री से सम्मानित, लोककला, विभिन्न कलाओं में अपने क्षेत्रों में महारत हासिल करने वाले अनुभवी व्यक्तियों का समय पर बच्चों को मार्गदर्शन मिलता रहता है। स्कूल को सैनिक स्कूल का संबद्धता मिला हुआ है। कक्षा 6वीं और 9वीं में बच्चों को सैनिक स्कूल में प्रवेश मिलता है। इसकी तैयारियां पहले से ही बच्चों को शुरु करवा दी जाती है। श्री श्रीवास्तव ने आगे बताया कि स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। इंटर स्कूल प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय रहती है। इन प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ सिखने को मिलता है। इसी तरह स्पोर्ट्स डे भी हर साल विशेष रुप से स्कूल में मनाया जाता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ मानसिक और शारीरिक रुप से भी मजबूत होना बेहद जरुरी है। इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चों में छिपी प्रतिभा देखने को मिलती है। समय रहते इन प्रतिभा को निखारने का काम स्कूल और अभिभावक दोनों मिलकर करते हैं।

एटीएल लैब से बच्चों को मिलती है जानकारी

स्कूल में पढ़ाई के साथ कराते, बॉस्केटबाल, हैंडबाल, फुटबाल, क्रिकेट सहित म्यूजिक आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट, कत्थक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ये प्रशिक्षण निःशुल्क होते हैं। सप्ताह में चार दिन इनका संचालन किया जाता है। बच्चे अपने इच्छा के अनुरुप कला को चुनकर पढ़ाई के साथ निरंतर इसका अभ्यास भी करते रहते हैं। कत्थक प्रशिक्षण के उपरांत बच्चों को डिग्री कोर्स भी मिलता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कई बार अभिभावक व्यस्त होने की वजह से बच्चे पढ़ाई के अलावा दूसरी एक्टिविटी नहीं कर पाते हैं। इसी बात का ध्यान रखते हुए स्कूल में खेल, डांस, म्यूजिक का गंभीरता के साथ बच्चों को सिखाया जाता है। एटीएल लैब में कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों को ले जाया जाता है। बच्चे यहां विज्ञान से जुड़े तकनीकों को समझते हैं।

कक्षा 5वीं से सैनिक स्कूल प्रवेश की तैयारी

सैनिक स्कूल में प्रवेश लेने के लिए कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को विशेष रुप से पढ़ाई के साथ अतिरिक्त तैयारी भी करवाई जाती है। आधारशिला स्कूल से पढ़ने वाले बच्चों को सैनिक स्कूल में 60 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। सैनिक स्कूल में प्रवेश मिलने के बाद बच्चों को वैल्यू , स्कील बेस्ड, शिक्षा दी जाती है। इनके लिए फील्ड क्रॉफ्ट एरिया भी बना हुआ है, इसमें बच्चों को पीटी, योगा मेडिटेशन, परेड सहित ट्रेनिंग दी जाती है। बच्चों को महीने में दो बार फील्ड में भी ले जाया जाता है। कुछ दिनों पहले बच्चों को पुणे भी ले जाया गया था। सारे खर्च फीस में शामिल रहता है, जिससे अभिभावकों को अतिरिक्त भार नहीं पड़ता

■ न्यूज गैलरी

हाईकोर्ट ने दो ज्यूडिशियल अफसरों का प्रमोशन के बाद किया तबादला

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोवर ज्यूडिशिल सर्विस के तीन ज्यूडिशियल अफसरों को पदोन्नति दी गई है। पदोन्नति के बाद तीनों ज्यूडिशियल अफसरों को डेपुटेशन पर तबादला किया गया है। बिलासपुर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के विनोद कुजुर ने तबादला आदेश जारी किया है। रजिस्ट्रार जनरल कुजुर द्वारा जारी आदेश में सिविल जज सीनियर डिवीजन रुपाली अग्रवाल जो प्रथम सिविल जज के रूप में कटघोरा पदस्थ थीं, उन्हें इसी पद पर सूरजपुर जिले में सूरजपुर कोर्ट का अतिरिक्त जज सीनियर डिविजन नियुक्त किया गया है। लोवर ज्यूडिशियल सर्विस के अंतर्गत पदस्थ दो सिविल जजों को (जूनियर डिवीजन) प्रतिनियुक्ति पर राज्य और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में पदस्थ किया गया है। पार्थ तिवारी को उप सचिव छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर व मनोज कुमार कुशवाहा को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के लिए पदस्थापना आदेश जारी किया है। डेपुटेशन के साथ ही जूनियर डिवीजन से सीनियर डिवीजन में पदोन्नति दी गई है।

एसीबी की एफआईआर निरस्त करने की मांग, याचिका खारिज

पंचायत विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर की याचिका खारिज, 68 लाख की इनकम, 31 करोड़ की बनाई संपत्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल ने ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित ज्वाइंट डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी की याचिका को खारिज कर दी है। उन्होंने एसीबी की ओर से दर्ज आय से अधिक संपत्ति के केस को निरस्त करने के लिए याचिका लगाई थी। केस की सुनवाई के दौरान एसीबी ने बताया कि सेवाकाल के दौरान अफसर की कुल आय 68 लाख रुपए थी, जबकि उनसे 31 करोड़ की चल-अचल संपत्ति के दस्तावेज और सबूत मिले हैं।

पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के ज्वाइंट डायरेक्टर अशोक चतुर्वेदी के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज किया है। इससे पहले एसीबी ने उनकी संपत्ति की जांच की थी, जिसके बाद उनके ठिकानों में छापेमारी भी की थी। जांच के बाद 28 अगस्त 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। यह मामला विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट), रायपुर की अदालत में ट्रायल पर है। आरोपी अफसर के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर राज्य शासन ने उसे सस्पेंड कर दिया है। इसके साथ ही एसीबी की टीम उसकी तलाश भी कर रही थी। इस बीच आरोपी अफसर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को निरस्त करने की मांग की गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि उनका रिकॉर्ड साफ है। वह जांच का सामना करने को तैयार है। आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के कार्रवाई की थी। पत्नी को एफआईआर में आरोपी नहीं बनाया गया था। लेकिन अंतिम रिपोर्ट में शामिल किया गया है। यह भी कहा गया कि बिना वैध पूर्व स्वीकृति के रिपोर्ट दाखिल की गई, जो कानून के खिलाफ है।

एफआईआर के अनुसार बताई गई संपत्ति

कोर्ट में जवाब प्रस्तुत कर राज्य सरकार ने बताया कि एफआईआर के अनुसार अधिकारी की सेवा अवधि यानी 3 मार्च 2001 से 31 दिसंबर 2019 तक कुल वेतन 68 लाख 89 हजार 344 रुपए रहा। पत्नी की आय 23 लाख 60 हजार 845 रुपए बताई गई है। जबकि जांच एजेंसी के अनुसार दोनों के पास 31 करोड़ 65 लाख 82 हजार 400 रुपए की संपत्ति है। इसमें छह संपत्तियों का विवरण दिया गया है। इनमें से एक संपत्ति ग्राम तेंदुआ, तहसील नवागढ़ में है। इसकी कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है। इसमें 30 लाख भूमि और 80 लाख कथित विकास कार्य के लिए बताए गए हैं।

दो दिनों की छुट्टी के बाद सिम्स में सुबह से मरीजों की लगी रही कतार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रविवार और ईद की दो दिनों की छुट्टी के बाद आज सुबह से ही सिम्स के ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी थी। जिले के आसपास से भी मरीज स्वास्थ्यगत समस्याओं को लेकर सुबह से ही सिम्स पहुंचे थे।

मंगलवार को ओपीडी 1860 और आईपीडी 132 मरीजों की जांच की गई। छुट्टी की वजह से भीड़ अधिक होने के पूर्व ही अनुमान से अधिष्ठाता डॉक्टर रमनेश मूर्ति वह चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लाखन सिंह के द्वारा किसी भी मरीज को परेशानी ना हो इसके लिए पंजीयन कक्ष में सभी ओपीडी और ब्लड कलेक्शन रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट में समस्त स्टाफ को कार्य पूर्ण करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए थे। मरीजों की भीड़ जब तक खत्म नहीं हुई सभी स्टाफ को रुककर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया था। इस दौरान डीन डॉ. रमणेश मूर्ति द्वारा मरीजों को किसी तरह की समस्या न हो इस बात को ध्यान रखते हुए निरीक्षण भी किया गया।

ऋतेश्वर महाराज ने हरिहर ऑक्सीजोन समिति के संघर्ष के 6 वर्ष स्मारिका का किया विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। हरिहर ऑक्सीजोन वृक्षारोपण अभियान समिति के छठवें स्थापना स्मारिका 2025 हरिहर संघर्ष के 6 वर्ष का सतगुरु रितेश्वर महाराज द्वारा विमोचन किया गया। कार्यक्रम नवरात्रि के प्रथम दिवस पर आनंदम आश्रम शिवरीनारायण में परम श्रद्धेय सतगुरु रितेश्वर महाराज के आतिथ्य से संपन्न हुआ। हरिहर ऑक्सीजन समिति के संरक्षक अनिल टाह, संयोजक भुवन वर्मा ,अध्यक्ष संजय वर्मा ,कोषाध्यक्ष ताराचंद साहू ,संस्कृतिक सचिव शिव सारथी पंकज कुंभज, किशोर दुबे, हितेश चौहान, अजय राजक गणेश बोर्डके,प्रमोद साहू, ओ पी गुप्ता,योगेश गुप्ता, महिला विंग ,पुरुष सदस्यगण व बच्चे सहित सैकडों सदस्यों का दल आनंद आश्रम शिवरीनारायण में गुरु सत्संग का लाभ लिए चैत्र प्रतिपदा विक्रम संवत2082 के शुभारंभ पर गुरु आशीर्वाद के उपरांत महाप्रसाद में बिलासपुर, जांजगीर चांपा, कोरबा शिवरीनारायण के आनंदम आश्रम परिवार व रितेश्वर महाराज के शिष्य गण शामिल हुए। हरिहर स्मारिका के विमोचन के अवसर पर सतगुरु रितेश्वर महाराज को गत 5 साल में हरिहर ऑक्सीजन परिक्षेत्र में पौधारोपण एवं सेवा जतन, दिव्यंग सेवा सामाजिक सरोकार पर किये कार्यो की विस्तृत जानकारी संयोजक भुवन वर्मा द्वारा दिया गया ।ऋतेश्वर महाराज ने हरिहर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए पर्यावरण संतुलन के क्षेत्र में जल जंगल जमीन की सेवा और सुरक्षा पर किए कार्यो पर अपने आशीर्वाद प्रदान किया ।

रितेश्वर महाराज का कार्यक्रम शीघ्र

अतिशीघ्र हरीहर ऑक्सीजोन परिक्षेत्र बिलासपुर में रितेश्वर महाराज का एक शाम सत्संग एवं आशीर्वचन का आयोजन किया जाएगा। जहां हरिहर परिवार के सदस्य एवं रितेश्वर महाराज आनंदम आश्रम से जुड़े लोगों का समागमन होगा। विदित होगी हरिहर ऑक्सीजन वृक्षारोपण परिक्षेत्र सेंदरी रोड अरपा साईड में विगत 6 वर्ष से लगभग 3 हजार फलदार छायादार एवं देव पौधों का रोपण कर निरंतर सेवा जतन संकल्प के साथ कर रहे हैं। फलदार पौधों में अब फल भी आने लगे हैं। यह निरंतर सेवा और संकल्प का परिणाम ही है। अगर पर्यावरण के प्रति आप भी अपने आने पीढ़ी को कुछ देना चाहते हैं तो अवश्य हरीहर ऑक्सीजोन ज्वाइन कर अपने जीवन को धन्य बनाये।

विवाद पर युवक ने किसान का सिर फोड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। घर के बाहर टहल रहे किसान ने युवक को गाली देने से मना किया तो युवक ने डंडे से उसका सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने सोमवार को मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। ग्राम जलसो निवासी सातिल भारद्वाज पेशे से किसान है। 29 मार्च को रात 8.30 बजे सातिल घर के सामने टहल रहा था। उसी समय गांव के शब्द सांची पाटले व शुभम पाटले दोनों घर के पास गाली-गलौज कर रहे थे।

नगर निगम एमआईसी की बैठक इसी सप्ताह

■ **पांच साल बाद भाजपा का बजट पेश होगा**

बिलासपुर/नवप्रदेश। सामान्य सभा (बजट सत्र) से पहले एमआईसी की बैठक होगी। यह बैठक माह के पहले सप्ताह में होगी, जिसमें सिर्फ बजट पर बात होगी। शहर में कहां, क्या बनाए जाएंगे इस पर एमआईसी मेंबरों से राय ली जाएगी । इसके बाद माह के अंत में बजट सत्र होगा। नगर निगम में 5 साल बाद भाजपा का बजट होगा। माना जा रहा है कि बजट 1200 करोड़ के करीब होगा। बजट पेश करने में बिलासपुर नगर निगम रायपुर से पिछड़ गया है। यहां शहर सरकार की पहली सामान्य सभा की बैठक हो चुकी है। बजट पर चर्चा करने माह के पहले सप्ताह में एमआईसी की बैठक होगी। हालांकि बैठक की तिथि अभी तय नहीं है। भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी में निगम के अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि व्यस्त थे। ऐसे में अब बजट की तैयारी पर तेजी आएगी। बजट में हर वार्ड में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, स्कूल-कॉलेजों में मुफ्त वाई-फाई, स्मार्ट वेंडिंग जोन और फूड स्ट्रीट, छात्राओं के लिए फ्री सेनेटरी पैड, पानी टंकियों का निर्माण, नालंदा परिसर की तरह सार्वजनिक स्टडी सेंटर, छात्र-छात्राओं के लिए फ्री लाइब्रेरी के लिए प्रावधान किया जाएगा।

पीएम मोदी के कार्यक्रम पश्चात चला सफाई अभियान

सफाईकर्मियों के साथ विधायक कौशिक हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। 30 मार्च ग्राम मोहभट्टा बिल्हा विधानसभा में हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास परब कार्यकम उपरांत आज एक वृहद् स्वच्छता अभियान चलाया गया यह अभियान पूरे सभा स्थल,पार्किंग स्थल में किया गया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने. सफाई कर्मियों के साथ मिलकर सभी क्षेत्र में साफ-सफाई की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से ही हम स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वतंत्रता के साथ ही स्वच्छता भी जरूरी है। बापू के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाथ में झाड़ू पकड़कर शुरूआत की। देश के लोग स्वच्छता अभियान में सहभागी बनें। स्वच्छता को सभी अपने आदत में शामिल करें। स्वच्छता को हम सभी को अपनी आदत में शामिल करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से छत्तीसगढ़ को सुंदर एवं स्वच्छ छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

सरकंडा में नि: शुल्क प्याऊ शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। नव वर्ष के दिन आनंद सागर सेवा प्रवाह के सदस्यों के द्वारा निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था दो स्थानों पर की गई। आनंद सागर सेवा प्रवाह की संस्थापिका एवं अध्यक्ष डॉ सुषमा पंड्या ने बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्रि के प्रथम दिवस राहगीरों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु मिट्टी के घड़े में प्याऊ की व्यवस्था की जाती है। जो शुद्ध शीतल जल के रूप में लोगों को प्राप्त होता है। जल ही जीवन है और जल संरक्षण का उद्देश्य पूर्ण करने हेतु जन सेवा है संकल्प के साथ प्रतिवर्ष सेवा का पुण्य कार्य किया जाता है। डॉ सुषमा पंड्या की पहल पर यह कार्य सदस्यों के सहयोग से किया जाता है। संस्था की उपाध्यक्ष सुमिता दास गुप्ता, सचिव सीमा राजेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष पंडित बाबूलाल पंड्या, सदस्य शांति लकड़ा, ज्योत्सना मिश्रा आदि उपस्थित थे।

राहत... साफ-सफाई, सुरक्षा संबंधित विशेष दिशा निर्देश, दो महीने शहरवासियों को गर्मी से मिलेगी राहत

संजय तरण पुष्कर में तैयारी पूरी, रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। गर्मी की शुरुआत मार्च महीने से ही हो गई है। तेज धूप से लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम ने भी तैयारी पूरी करते हुए आम लोगों के लिए संजय तरण पुष्कर को 4 अप्रैल से शुरु कर रहा है। दो महीने संजय तरण पुष्कर आम लोगों के लिए खुले रहेंगे। अब सुबह से शाम तक संजय तरण पुष्कर में लोगों की भीड़ देखी जाएगी।

संजय तरण पुष्कर के प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि 4 अप्रैल से संजय तरण पुष्कर खुलेगा। इसके पहले ही साफ-सफाई, सुरक्षा, ट्रेनर व्यवस्था संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। साफ पानी भर लिया गया है। ट्रेनरों को समय के हिसाब से आने के निर्देश दिए गए हैं। श्री शर्मा ने बताया कि दो महीने का शुल्क 18 सौ रुपए प्रति व्यक्ति लिया जा रहा है। तैराकी का आनंद लेने वाले अपने साथ कपड़े लेकर आते हैं। ट्रेनरों द्वारा उन्हें तैराकी कला का प्रशिक्षण दिया जाता है। संजय तरंग पुष्कर का ताल अंतरराष्ट्रीय मापदंड के अनुरूप बनाया गया है। यह ओलंपिक साइज पूल है। जो कि किसी भी प्रकार की तैराकी की स्पर्धा के लिए उचित है। इसके खुलने से जिले के तैराक खिलाड़ी फिर से अभ्यास कर सकेंगे। साथ ही इसमें स्पर्धा भी आयोजित हो सकेगा।

महिलाओं के लिए समय आरक्षित

स्विमिंग पुल में आने वाली महिलाओं के लिए निगम द्वारा सुबह और शाम में समय आरक्षित किया गया है। सुबह 8 से 9 और शाम को 6 से 7 बजे तक महिलाओं के लिए निर्धारित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता कर ली गई है, जिससे यहां आने वाले लोगों को किसी तरह की असुविधा न हो। महिलाओं के लिए आरक्षित समय में महिला ट्रेनरों को विशेष रुप से रखा गया है, जिससे महिलाएं सहज होकर तैराकी का आनंद ले सकें। इस दौरान पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए निगम कर्मचारियों द्वारा स्वीपर की व्यवस्था भी की गई है, जो समय-समय पर स्विमिंग पुल के आसपास, चेंजिंग रुम, बाथरुम की सफाई करते रहेंगे।

न्यूज गैलरी

फिक्स्ड डिपॉजिट निवेशकों के लिए खुशखबरी, एफडी ब्याज आय पर टीडीएस सीमा बढ़ी

नई दिल्ली। फिक्स्ड डिपॉजिट निवेशकों को संशोधित स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) नियमों से लाभ होगा, जो आज से लागू हो गई हैं। निवेशकों के लिए एफडी ब्याज दरों पर टीडीएस छूट की सीमा अधिक होगी. अब तक फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं से मिले ब्याज पर टीडीएस में कटौती की जाती थी, अगर यह 40,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये) से अधिक था. लेकिन केंद्रीय बजट 2025 में एफडी योजनाओं पर टीडीएस छूट की सीमा बढ़ा दी गई। एफडी योजनाओं पर टीडीएस छूट की सीमा व्यक्तियों के लिए 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है. वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दी गई है. एफडी की मूल राशि से कोई टीडीएस नहीं काटा जाता, चाहे उसकी राशि कितनी भी हो. हालांकि, अगर कोई व्यक्ति अपनी एफडी की मूल राशि पर 50,000 रुपये से अधिक ब्याज कमाता है, तो ब्याज टैक्स कटौती के अधीन होगा। बैंक 50,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1 लाख रुपये) से अधिक की एफडी ब्याज पर 10 फीसदी की फ्लैट दर से टीडीएस काटते हैं. अगर निवेशक ने पैन कार्ड डिटेल्स देता है. अगर व्यक्ति ने कोई पैन कार्ड डिटेल्स नहीं दिया है, तो एफडी ब्याज आय पर टीडीएस बढ़कर 20 फीसदी हो जाता है. ज्वाइंट एफडी के लिए प्राथमिक निवेशक के नाम पर टीडीएस काटा जाता है. टैक्स बचत एफडी निवेश, जो आम तौर पर 5 5 साल की अवधि के लिए किया जाता है. नियमों के आधार पर कर कटौती को भी आकर्षित करता है। टीडीएस राशि व्यक्ति की कुल आय में जोड़ी जाएगी, और यदि यह अभी भी कर योग्य सीमा से कम है, तो काटे गए टीडीएस का दावा किया जा सकता है और इसकी रीइंबर्समेंट की जाएगी. एफडी योजनाओं के अलावा, बढ़ी हुई टीडीएस सीमा सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजनाओं में निवेश से होने वाली आय पर भी लागू होती है।

महुआ मोइत्रा-सेबी मामले में सुप्रीम कोर्ट का निर्देश, हाईकोर्ट से पूर्व सेबी प्रमुख बुच को राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सांसद महुआ मोइत्रा को सेबी से जुड़े मामले में नियामक को विस्तृत जानकारी पेश करने का निर्देश दिया है। दूसरी ओर, बॉम्बे हाईकोर्ट से पूर्व सेबी प्रमुख और पांच अन्य को राहत मिल गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की ओर से दो श्रेणियों के निवेशों, वैकल्पिक निवेश, फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के संबंध में सेबी की ओर से गैर-नियमन को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, ÷याचिकाकर्ता को प्रतिवादी (सेबी) के समक्ष विस्तृत जानकारी पेश करने का आदेश दिया जाता है। जिसमें इस रिट याचिका में उल्लिखित शिकायतों को व्यक्त किया गया है। यदि प्रतिवादी के समक्ष ऐसा अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जाता है, तो उस पर कानून के अनुसार विचार किया जाएगा। पूर्व सेबी चीफ माधवी पुरी बुच को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने विशेष अदालत के एक आदेश पर लगी अंतरिम रोक की अवधि बढ़ा दी है। विदेश अदालत ने अपने आदेश में बुच और पांच अन्य लोगों के खिलाफ शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और नियामकीय उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज करने का निर्देश दिया था। पिछले महीने हाईकोर्ट ने विशेष अदालत के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का निर्देश दिया था।न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे ने मंगलवार को इस मामले में कहा कि मूल शिकायतकर्ता ने हलफनामा दायर किया है और उन्होंने बुच और अन्य को उसका अध्ययन करने के लिए समय दिया। न्यायमूर्ति डिगे ने कहा, ÷पहले दी गई अंतरिम राहत अगले आदेश तक जारी रहेगी।÷ उन्होंने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 मई की तारीख तय की।पिछले महीने बुच और पांच अन्य लोगों ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इन लोगों में बुच के अलावा भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी व कमलेश चंद्र वार्ष्णेय, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदररामन राममूर्ति और बीएसई के पूर्व अध्यक्ष व सार्वजनिक हित निदेशक प्रमोद अग्रवाल शामिल हैं।

सोने ने तीसरे दिन नई ऊंचाई को छुआ

एक वर्ष में 37 प्रतिशत तेजी के साथ 3106 डॉलर प्रति औंस हुआ भाव

दिल्ली। सोने की कीमतें बढ़ने की वजह कई हैं। एक तो देशों के बीच तनाव और दूसरे खुदरा के साथ संस्थागत स्तर पर सोने की खरीदी जमकर हो रही है। सोने को महंगाई से बचाव के रूप में प्रमुख साधन माना जाता है। देशों के बीच तनाव और टैरिफ के चलते सोने ने इस साल के महज 90 दिनों में 12 फीसदी मुनाफा दिया है। एक जनवरी को 10 ग्राम सोने का भाव 79,390 रुपये था जो अब 92,150 रुपये हो गया है।

इस बहुमूल्य धातु ने हर तीसरे कारोबारी सत्र में नई ऊंचाई छुई है।आंकड़ों के मुताबिक, लगातार बारह महीने के आधार पर सोना लगभग 37 फीसदी बढ़कर सोमवार को 3,106 डॉलर प्रति औंस के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। सोने ने 2025 में जो चौंकाने वाली उपलब्धि हासिल की है, वह यह कि महंगे होने के बावजूद इसकी चमक फीकी नहीं पड़ी है। इसमें आगे भी अच्छा खासा रिटर्न देने की गुंजाइश बनी है। सोने ने पिछले कैलेंडर वर्ष में 30 फीसदी का मुनाफा दिया था। इस साल यह उससे भी अधिक फायदा देने की स्थिति में फिलहाल दिख रहा है।

ऐसा इसलिए, क्योंकि केंद्रीय बैंक और निवेश में सुरक्षा चाहने वाले लगातार इस पीली धातु को खरीद रहे हैं। पिछले 30 महीने में ही इसकी कीमत दोगुनी हो गई है। विश्लेषकों के मुताबिक, सोने के मूल्य में भारी उछाल आने की उम्मीद है। सोने की कीमतें बढ़ने की वजह कई हैं। एक तो देशों के बीच तनाव और दूसरे खुदरा के साथ संस्थागत स्तर पर सोने की खरीदी जमकर हो रही है। सोने को महंगाई से बचाव के रूप में प्रमुख साधन माना जाता है।

19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 41 रुपये की कटौती

लोगों को महंगाई की मार से मिलेगी राहत, एलपीजी गैस सिलेंडर हुआ सस्ता

नई दिल्ली। एलपीजी की कीमतें वैट सहित स्थानीय करों के आधार पर हर राज्य में अलग-अलग होती हैं। हालांकि, घरेलू उपयोग में आने वाली रसोई गैस की कीमत (14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर) में कोई बदलाव नहीं किया गया है। महीने की पहली तारीख कुछ लोगों के लिए राहत लेकर आई है। दरअसल, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती का एलान किया गया है।

तंल कंपनियों की कीमतों में 41 रुपये की कटौती की गई है। महंगाई की मार के बीच इसे राहत के तौर पर देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, तेल विपणन कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में संशोधन किया है। 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में आज से 41 रुपये की कटौती की गई है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत आज से 1762 रुपये हो गई है।

इससे पहले पिछले महीने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल ख्क्ष्त्र गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा हुआ था। तब यह दरें 25 रुपये बढ़ाई गई थीं। तब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक ख्क्ष्त्र सिलेंडर की खुदरा कीमत 1795 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई थी। इससे भी पहले फरवरी में केंद्रीय आम बजट से पहले लोगों के लिए एक राहत भरी खबर आई थी। तब तेल विपणन कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में सात रुपये की कटौती की थी। तब दिल्ली में इस सिलेंडर की खुदरा बिक्री कीमत 1797 रुपये हो गई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को बेंचमार्क अंतरराष्ट्रीय ईंधन की औसत कीमत और विदेशी विनिमय दर के आधार पर एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं।

सरकार ने दे दी बड़ी राहत

वोडाफोन आइडिया के शेयर में लगा 10 प्रतिशत का अपर सर्किट

मुंबई। संकटग्रस्त दूरसंचार ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई) के शेयरों में 1 अप्रैल को शुरुआती सत्र के दौरान 10 फीसदी की उछाल आई. जब कंपनी ने घोषणा की कि केंद्र सरकार उसके बकाया स्पेक्ट्रम बकाये को इक्विटी शेयरों में बदल देगी. इसके अलावा इंडस टावर्स के शेयरों में भी 7 फीसदी की उछाल आई।

वीआई 10 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर जारी करेगी, जिससे बकाया राशि 36,950 करोड़ रुपये के स्टॉक में बदल जाएगी. हालांकि, वोडाफोन आइडिया के शेयरों का आखिरी बंद भाव 6.8 रुपये प्रति शेयर था। इक्विटी शेयरों के कन्वर्जन के बाद वोडाफोन आइडिया में भारत सरकार की हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर 48.99 फीसदी हो जाएगी. फर्म ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि प्रवर्तकों के पास कंपनी का परिचालन नियंत्रण बना रहेगा. दूरसंचार ऑपरेटर के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में, पिछले 90 कारोबारी दिनों या रेलीवेंट डेट (26 फरवरी, 2025) से पहले के 10 दिनों के वॉल्यूम-भारित औसत मूल्य के आधार पर निर्गम मूल्य निर्धारित किया गया था। वोडाफोन आइडिया ने एक प्रेस बयान में कहा कि संचार मंत्रालय ने 29 मार्च, 2025 को एक आदेश जारी किया था, जिसमें सितंबर 2021 के दूरसंचार सुधार पैकेज के अनुरूप कन्वर्जन को मंजूरी दी गई थी. कंपनी को यह आदेश 30 मार्च को मिला।

रेड जोन में खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 457 अंक टूटा, निफ्टी 23,428 पर

मुंबई। कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 457 अंकों की गिरावट के साथ 76,957.69 पर ओपन हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.39 फीसदी की गिरावट के साथ 23,428.45 पर खुला.

आज के कारोबार के दौरान वरुण बेवरेजेज, वेदांता, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, फेडरल बैंक, ब्रिगेड एंटरप्राइजेज, एस्टेक लाइफसाइंसेज, बजाज इलेक्ट्रिकल्स, मैनकाइंड फार्मा, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, एसीसी, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, डीसीएम श्रीराम, शीला फोम और डालमिया भारत के शेयर फोकस में रहेंगे। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार रेड जोन में बंद हुआ. बीएसई पर सेंसेक्स 191 अंकों की गिरावट के साथ 77,414.92 पर क्लोज हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.38 फीसदी की गिरावट के साथ 23,501.55 पर बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स पर कोटक महिंद्रा बैंक, एचयूएल, टाटा मोटर्स, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. जबकि इंडसइंड बैंक, एमएंडएम, पावर ग्रिड कॉर्प, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर टॉप लूजर के लिस्ट में शामिल रहे। एफएमसीजी, तेल और गैस को छोड़कर बाकी सभी सूचकांक लाल निशान में कारोबार किए, जबकि आईटी, ऑटो और मीडिया में 1-1 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई और स्मॉलकैप इंडेक्स में कोई बदलाव नहीं हुआ।

ओपनएआई ने जुटाई 3,400 अरब रुपये की नई फंडिंग

25,000 अरब हुआ कंपनी का मूल्यांकन

नईदिल्ली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी ओपनएआई ने 300 अरब डॉलर (लगभग 25,600 अरब रुपये) के मूल्यांकन पर 40 अरब डॉलर (लगभग 3,400 अरब रुपये) की फंडिंग जुटाई है।

यह अब तक का सबसे बड़ा एआई निवेश माना जा रहा है। इस निवेश से कंपनी का मूल्य अक्टूबर में 157 अरब डॉलर (लगभग 13,400 अरब रुपये) के पिछले मूल्यांकन से लगभग दोगुना हो गया।चैटजीपीटी के निर्माता ने इस फंडिंग को पूरा कर लिया है, जिसमें सॉफ्टबैंक और अन्य निवेशक शामिल हैं।ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि हर हफ्ते करोड़ों लोग चैटजीपीटी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह निवेश एआई को और अधिक उपयोगी बनाने में मदद करेगा। फंडिंग सौदे में सॉफ्टबैंक मुख्य निवेशक है, जिसने शुरुआत में 7.5 अरब डॉलर (लगभग 640 अरब रुपये) और अन्य निवेशकों के साथ मिलकर 2.5 अरब डॉलर (लगभग 210 अरब रुपये) का निवेश किया है।माइक्रोसॉफ्ट, कोट्यू मैनेजमेंट, अल्टीमीटर और थ्राइव कैपिटल भी इस फंडिंग में शामिल हैं।रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक 30 अरब डॉलर (लगभग 2,500 अरब रुपये) का अतिरिक्त निवेश किया जाएगा। इसमें सॉफ्टबैंक से 22.5 अरब डॉलर (लगभग 1,900 अरब रुपये) और अन्य निवेशकों से 7.5 अरब डॉलर (लगभग 640 अरब रुपये) आएंगे। यह सौदा ओपनएआई की क्षमताओं को और आगे बढ़ाएगा, जिससे एआई तकनीक का उपयोग बढ़ेगा। इस निवेश के जरिए कंपनी अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी और नए प्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

लक्ष्य चाहर ओलंपियन वांडरले परेरा के खिलाफ भारत के अभियान की शुरुआत करेंगे

नई दिल्ली। भारतीय पुरुष दल 31 मार्च से 5 अप्रैल तक ब्राजील में खेले जाने वाले बहुप्रतीक्षित विश्व मुक्केबाजी कप 2025 में पदक जीतने वाले प्रदर्शन पर नजर रखेगा, क्योंकि उन्हें मिश्रित ड्रॉ मिला है, जिसमें दो मुक्केबाजों को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है और कुछ अन्य को अंतिम चार में पहुंचने के लिए बस एक जीत की आवश्यकता है।

विश्व मुक्केबाजी कप का पहला चरण, जिसे आधिकारिक तौर पर विश्व मुक्केबाजी कप- ब्राजील 2025 - फोज डू इगुआकु के रूप में जाना जाता है, 19 देशों के 130 से अधिक मुक्केबाज पदक और रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। अगले दो चरण कजाकिस्तान और भारत में आयोजित किए जाएंगे और सर्वोच्च रैंकिंग वाले मुक्केबाज फिर सीजन के अंत में होने वाले विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे।

विश्व मुक्केबाजी कप 2025 सीरीज का आयोजन विश्व मुक्केबाजी द्वारा किया जा रहा है, जिसे इस साल फरवरी में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई थी, जिससे 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में खेल को शामिल करने का रास्ता साफ हो गया। 10 सदस्यीय भारतीय दल में 2022 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र सहित नौ मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन शामिल हैं और वे दो स्वर्ण सहित कम से कम आधा दर्जन पदक जीतने की उम्मीद कर रहे हैं।

लक्ष्य चाहर 80 किग्रा वर्ग में प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान में एकमात्र भारतीय मुक्केबाज होंगे और उन्हें पहले दौर में पेरिस ओलंपियन और पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता ब्राजील के वांडरले परेरा से भिड़ना होगा। अन्य भारतीयों में सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है और वे सीधे सेमीफाइनल में उतरेंगे, जबकि जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा) को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पिछले साल के विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल के रजत पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के एलिस ट्रोब्रिज को हराना होगा। निखिल दुबे (75 किग्रा) स्थानीय उम्मीद काउ बेलिनी पर जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच सकते हैं, जबकि नरेंदर का क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान के दानियाल सपरबे से मुकाबला होगा। अन्य भारतीय मुक्केबाजों में मनीष कुमार (55 किग्रा), अभिनव जामवाल (65 किग्रा) और हितेश (70 किग्रा) को भी पहले दौर में बाई मिली है। मनीष का दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के पेरिस ओलंपियन यूसुफ चोथिया या यूएसए के डेब्यूटेंट ऑरलैंडो जमोरा से मुकाबला होने की संभावना है, जबकि जामवाल का सामना जर्मनी के डेनिस ब्रिल से होगा।

खो-खो सीनियर नेशनल्स की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी के साथ शुरुआत

पुरी। 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप ने अब तक की सबसे अधिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों पर जोर देने के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे यह राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक बेहतरीन संस्करण बन गया है। सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें 30 राज्यों की टीमों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), महाराष्ट्र पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कर्नाटक पुलिस, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और रेलवे जैसी प्रमुख संस्थागत टीमें भी भाग ले रही हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है।

खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, इसमें 40 पुरुष और 40 महिला टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे यह खो खो नेशनल्स के इतिहास में टीमों की सबसे अधिक भागीदारी वाला आयोजन बन जाएगा। इसके अलावा, ओडिशा को पहला राज्य होने का श्रेय जाता है, जहां नेशनल्स के सभी निर्धारित मैच केवल मैट पर खेले जाएंगे। इसके अलावा, क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के लिए खो खो नेशनल्स में पहली बार निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) भी शुरू की गई है। साथ ही, मैचों का प्रारूप खो खो विश्व कप 2025 जैसा ही है। मित्तल ने कहा, पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीमों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केकेएफआई के महासचिव एमएस त्यागी, ओडिशा खो खो एसोसिएशन के सचिव प्रद्युम्न मिश्रा, पुरी के पूर्व विधायक जयंत कुमार सारंगी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे। कुल 190 मैचों के साथ - जिसमें 160 लीग और 30 नॉकआउट गेम शामिल हैं - यह चैंपियनशिप विशेष महत्व रखती है क्योंकि यह जनवरी में नई दिल्ली में आयोजित खो-खो विश्व कप 2025, जहां भारत ने पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में जीत हासिल करके अपना दबदबा कायम किया था, के बाद पहला प्रमुख राष्ट्रीय आयोजन है।

जब गंदा पानी नदी में ही मिलना था तो करोड़ों खर्च क्यों?

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा शहर से प्रतिदिन लाखों लीटर गंदा पानी निकलता है। शहर से निकलने वाला गंदा पानी नालियों से होकर सीधे नदी में मिला दिया जाता है। इस गंदे पानी को नदी में सीधे ना भेज कर ट्रीटमेंट कर नदी में मिलाने के लिए शहर के बाहर जल शुद्धिकरण यंत्र बनाया गया है। लेकिन गंदे पानी को 15 करोड़ 80 लाख की लागत से बने इस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (जल शुद्धिकरण यंत्र) तक पहुंचाने वाले नालियों के गुणवत्ताहीन कार्य के चलते प्लांट की उपयोगिता धरी की धरी रह गई है।

जानिए क्या है सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट

सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट घरों, कंपनियों और उद्योगों सहित विभिन्न स्रोतों से गंदे पानी को एकत्र करते हैं और उपचार संयंत्रों तक पहुंचाते हैं। इस गंदे पानी को उपचार संयंत्र में भेजकर पानी का शुद्धिकरण किया जाता है। यहां पानी को कई स्टेप से गुजारा जाता है ताकि उपचारित अपशिष्ट जल को पर्यावरण के अनुकूल रूप में लाकर जल चक्र में सुरक्षित रूप से वापस लाया जा सके। ट्रीटमेंट के बाद यह पानी वापस नदी में बहा दिया जाता है।

करोड़ों खर्च किए, लेकिन समाधान नहीं

15 करोड़ 80 लाख की लागत से निर्मित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्यादेश 2920/ लोनिवि/ नपा/ 2020 -2120 जनवरी 2021 को मेसर्स एड्राइट एसोसिएट्स प्रा लि को जारी किया गया था। गुणवत्ताहीन नाली निर्माण के चलते इसका उद्देश्य अधूरा रह गया है। मुख्य नालियों में कचरा और गाद के चलते पानी ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंच ही नहीं पा रहा है। जिससे करोड़ों रुपए खर्च कर भी इसका कोई समाधान होते नहीं दिख रहा है।

24 इंच के ह्यूम पाइप से कर रहे सप्लाई

गुणवत्ताहीन कार्य से उद्देश्य में गंदा पानी को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए शहर के प्रारंभिक छोर से अंतिम छोर तक मुख्य नाली का निर्माण किया गया है, जिसमें शहर के भीतर घरों एवं अन्य स्थानों से निकलने वाला गंदा पानी एवं अपशिष्ट पदार्थ मुख्य नाली में जाकर मिलता है और मुख्य नाली के माध्यम से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचता है। लेकिन नाली तक पानी पहुंचाने जो चैंबर बनाया गया है वो भी पूरी तरह से मलबा से अटा पड़ा है साथ ही मुख्य नली तक 24 इंच का ह्यूम पाइप लगाया गया है जिसके चलते हजारों लीटर गंदा पानी प्लांट तक पहुंच ही नहीं पा रहा है। मुख्य नाली भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त और लिकेज होने के कारण गंदा पानी सीधे नदी में मिल रहा है। जिससे नदी का पानी भी दूषित हो रहा है।

संयुक्त संचालक पहुंचे निरीक्षण करने

28 मार्च शुक्रवार को नगरीय प्रशासन के संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू कार्यपालन अभियंता वाय पी आजमानी के साथ निरीक्षण करने एसटीपी पहुंचे। उनके साथ नपा सीएमओ प्रदीप मिश्रा तथा उप अभियंता शिव गर्ग भी थे। हमारे संवाददाता ने गंदा पानी नदी में मिलने की बात कही तो उन्होंने बताया कार्य योजना बन चुकी है जल्द ही उसका निराकरण कर लिया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

भिलाई में लहराएगा सबसे बड़ा भगवाध्वज

भिलाई/नवप्रदेश। हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई ने सेक्टर-9 चौक पर सबसे बड़े भगवा ध्वज की स्थापना की। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया और पूरे वातावरण को जय श्रीराम की गूंज से भगवामय कर दिया। समिति के युवा शाखा अध्यक्ष मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और भगवान श्रीराम की आरती से हुई। इसके बाद ध्वज स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। मनीष पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा, आज हम सभी के लिए गर्व का पल है, क्योंकि भिलाई नगर में सेक्टर-9 चौक पर सबसे बड़ा भगवा ध्वज लहराने जा रहा है। यह ध्वज हमारी संस्कृति और सनातन परंपराओं का प्रतीक है, और इस आयोजन के माध्यम से हम अपनी आस्था को सशक्त कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, आरएसएस विभाग प्रचारक रोशन कुमार, जिला अध्यक्ष मदन सेन, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती शीला बाघमार, और अन्य समिति सदस्य तथा आमजन उपस्थित थे।

6 दिनों से लापता युवक की लाश हसदेव में मिली

कोरबा/नवप्रदेश। हसदेव नदी में मंगलवार की सुबह 6 दिनों से लापता चल रहे युवक की लाश मिली है। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गई है. आशंका जताई जा रही है कि युवक ने आत्महत्या की है. जानकारी के अनुसार, मृतक का नाम दीपक राठौर दीपका थाना क्षेत्र का निवासी था. वह बीते 6 दिनों से लापता था, जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने पुलिस में की थी। युवक की लाश आज मोरगा चौकी के अंतर्गत अंबिकापुर-चोटिया एनएच-130 मार्ग पर पुराने पुल पर मिली है. पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, कुछ दिन पहले हसदेव नदी के ऊपर लावारिश अवस्था में एक बाइक और जूता मिला था, जिससे दीपक राठौर के नदी में कूदकर जान देने की आशंका जताई जा रही है. फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुट गई है.

कांग्रेस की समिति करेगी कोल लिफ्टर के हत्या की जांच

कोरबा/नवप्रदेश। जिले के पाली विकासखंड अंतर्गत संचालित एसईसीएल की कोरबा परियोजना क्षेत्र के सरायपाली बुड़बुड़ खदान पर हुए गैंगवॉर और कोल ट्रांसपोर्टर के कत्ल के मामले में कांग्रेस की एक समिति अलग से जांच करेगी। इस समिति में कांग्रेस के एक मौजूदा व दो पूर्व विधायक सहित इस समिति में कुल पांच लोग शामिल किए गए हैं। जानकारी के अनुसार कोरबा जिले के पाली में ट्रांसपोर्टर की हत्या के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भी संज्ञान लिया है। प्रकरण को लेकर जहां पुलिस के द्वारा एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारियां करने के साथ ही अपनी विवेचना प्रारंभ कर दी गई है वहीं दूसरी तरफकांग्रेस ने भी अपनी जांच टीम का गठन कर दिया है। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैदू ने जारी निर्देशात्मक पत्र में कहा है कि कोरबा जिले के पाली थाना अंतर्गत एसईसीएल के सरायपाली बुडबुड कोयला खदान कोल ट्रांसपोर्टर की करी गयी हत्या की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। इस जांच समिति में पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा, पुरूषोत्तम कंवर, प्रशांत मिश्रा, महामंत्री पीसीसी व मनोज चैहान, अध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण बतौर सदस्य नामांकित हैं।

हीरोइन चिट्टा के साथ एक्टिवा सवार युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर पुलिस ने रिंग रोड नंबर 2 स्थित कान्हा ढाबा के पास हीरोइन चिट्टा के साथ एक एक्टिवा सवार युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रिंग रोड नंबर 2 स्थित कान्हा ढाबा के पीछे दबिश देकर आरोपी तलजिंदर सिंह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उसके पास एक्टिवा में रखे 6.24 ग्राम हिरोइन चिट्टा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

जेल में बंद बेटे को मुक्त कराने राजू खान ने ठगे कई लाख

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले के सुखरीखुर्द गांव में घसियाराम बरेठ को मोटी चपत लगी है। इस मामले में जेल में बंद बेटे को मुक्त कराने का झांसा देकर राजू खान ने ग्रामीण से कई लाख ठग लिए। ग्रामीण ने एसपी से इसकी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

घसियाराम बरेठ ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पुत्र दाऊलाल उर्फकुतवा बलत्कार पास्को एक्ट के तहत कोरबा जिला जेल में बंद है, अगस्त माह 2024 के दरमियान शहजादा खान तर्फराजू खान पिता वाच खान मो 9939793223, 6263322118, 6268917513. के द्वारा मेरे घर आकार बोला मैं तुम्हारे बेटे के साथ जेल में मैं भी था। और बोला कोरबा के सभी जज एवं न्यायधीश और बड़े-बड़े पुलिस अधिकारीयों से मेरी अच्छी सेटिंग है अगर उन्हें अपने बेटे को जेल से छडवाना हैं तो एक लाख पच्चीस हजार रु लगेगा मेरी जज से बात हो गया हैं मैं उसकी बातो में आ गया 11 अगस्त 2024 को अपनी खेत को गिरवी रखकर 50,000 रुपये सहजादा खान को दिया उसके एक हफ्ते बाद 40,000 रुपये फिर लिया मैने उससे पुछा कि मेरा बेटा जेल से कब निकले गा उसके बाद उसने कहा जज सहाब 35,000 रुपये मांग रहे।

डोगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को नहीं मिल रही सीधी ट्रेन सेवा

कोरबा/नवप्रदेश। नवरात्र पर्व के दौरान देवी दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को एक बार फिर सीधी ट्रेन सेवा न मिलने से निराशा हाथ लगी है। हर साल की तरह इस बार भी रेल संघर्ष समिति ने कोरबा से डोंगरगढ़ तक सीधी ट्रेन सेवा की मांग उठाई, लेकिन रेलवे प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

मां सर्वमंगला की नगरी कोरबा और मां बम्लेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ को सीधे जोड़ने वाली ट्रेन सेवा की मांग वर्षों से की जा रही है। धार्मिक आस्था के केंद्र इन दोनों नगरियों के बीच श्रद्धालुओं को यात्रा में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में कोरबा से चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का समय ऐसा है कि एक ट्रेन आधी रात को डोंगरगढ़ पहुंचती है और दूसरी शाम को। इसके चलते यात्रियों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ता है या फिर दो-तीन दिन का समय व्यर्थ हो जाता है।

बंद पड़ी ट्रेन से श्रद्धालुओं में रोष: पहले गेवरारोड-रायपुर पैसेंजर (गाड़ी संख्या 68750) सुबह 6.50 बजे रवाना होकर रायपुर 11.15 बजे पहुंचती थी। यही ट्रेन रायपुर से डोंगरगढ़ के लिए रवाना होती थी, जिससे कोरबा के श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ पहुंचने में सहूलियत मिलती थी। लेकिन रेलवे ने मरम्मत कार्य का हवाला देकर करीब दो साल पहले इस सेवा को बंद कर दिया, जिससे श्रद्धालु बेहद परेशान हैं।

कोरबा-डोंगरगढ़ कनेक्टिविटी में बड़ी समस्या

रायपुर से डोंगरगढ़ के बीच कई ट्रेनें उपलब्ध हैं, लेकिन कोरबा से रायपुर जाने वाली ट्रेनों का समय तालमेल नहीं खाता है। कोरबा से चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस और सुबह 8रू15 बजे रवाना होने वाली पैसेंजर ट्रेन का रायपुर में डोंगरगढ़ जाने वाली ट्रेनों से कोई कनेक्शन नहीं होता।

रेल प्रशासन की अनदेखी से नाराजगी

रेल संघर्ष समिति के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल और अंकित सावलानी ने बताया कि कोरबा से डोंगरगढ़ के बीच सीधी ट्रेन सेवा की मांग वर्षों से की जा रही है। रेलवे अधिकारी कई बार आश्वासन देते हैं, लेकिन फाइलों में मांग पत्र दबा दिए जाते हैं। समिति ने आरोप लगाया कि रेल प्रशासन कोरबा के लोगों को बेहतर ट्रेन सुविधा प्रदान करने में रुचि नहीं रखता है।

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई कार्यवाही

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम मे दिनांक 31.03.2025 को जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर उनके वाहन जप्त किया गया है।

ऑपरेशन विश्वास के तहत पुलिस ने 16 आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने की घटनाओं के खिलाफ जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले होटल, ढाबा, ठेला संचालकों और अवैध चखना सेंटर संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की।

दिनांक 31 मार्च 2025 को सायं के समय पुलिस ने क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्ठी के पास अवैध चखना सेंटर चला रहे और सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में अवैध रूप से शराब पिलाने वाले संचालकों पर कार्रवाई की। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम इस प्रकार हैं-

राजेश देवांगन 21 वर्ष निवासी शंकर नगर सिमगा, लोमेश साहू 30 वर्ष निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा, दौलत साहू 52 वर्ष,गंगा कश्यप 55 वर्ष, प्रकाश ध्रुव 29 वर्ष, राजेश साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम पिसीद, सीता वर्मा 58 वर्ष निवासी ग्राम छांछी, सोहन साहू 56 वर्ष, श्याम पैकरा 36 वर्ष निवासी ग्राम मानाकोनी, जितेंद्र पुरेना 48 वर्ष निवासी ग्राम गुल्लू आरंग, हरिकिशन पांडे 37 वर्ष निवासी लोहिया नगर बलौदाबाजार, साजिद खान 32 वर्ष, शत्रुघन कुमार टंडन 30 वर्ष निवासी ग्राम कोकड़ी, डोमन प्रसाद पांडे 44 वर्ष निवासी बलौदाबाजार, भगवती सोनवानी 45 वर्ष निवासी ग्राम भरसेला बड़ा व रेशम कुर्रे 30 वर्ष निवासी ग्राम सर्रा, थाना पलारी को गिरफ्तार किया है।

पति को बचाने पत्नी भिड़ी हाथी से, दांया हाथ उखड़ा

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर रामानुजगंज रामचंद्रपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम फुलवार में आज शाम 5 बजे के करीब जब दो हाथियों के चपेट में पति आ गए तो पत्नी अदम्य साहस का परिचय देते हुए हाथी से भीड़ गई। इसके बाद बौखलाए हाथियों ने पत्नी के दाया हाथ को उखाड़ फेंका। घटना के करीब डेढ़ घंटे के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा साहस दिखाते हुवे पति पत्नी को 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज लाय। जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फुलवार में अपने खेत में बांधे गाय को लेने शाम 5 बजे के करीब उस्मान अंसारी उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी असमीना अंसारी उम्र 45 वर्ष के साथ गए थे। इसी दौरान दो हाथी के चपेट में आ गए जिसे देख पत्नी असमीना के द्वारा अदम्य साहस का परिचय देते हुए वह हाथियों से भिड़ गई गुस्साए हाथियों के द्वारा असमीना का दाया हाथ सूड़ से उखाड़ कर फेंक दिया। घटना के बाद काफी देर तक दोनों दर्द से तड़पते रहे गांव वालों ने साहस दिखाते हुए मौके पर पहुंचे एवं दोनों को रामानुजगंज 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया।

कुंए में गिरने से सुरक्षाकर्मी की मौत

भिलाई/नवप्रदेश। जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऊषा रबर फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड का काम करने वाले शख्स की कुएं में गिरने से मौत हो गई। सोमवार शाम को वह नाइट ड्यूटी पर फैक्ट्री गया था और सुबह समय पर घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि उसकी लाश कुएं में है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और क्रेन के सहारे शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची जामुल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार-मंगलवार दरमियानी रात की है। इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित ऊषा रबर फैक्ट्री में उपेन्द्र सिंह नाम का व्यक्ति सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। सोमवार की शाम को नाइट ड्यूटी के लिए घर से निकला। सुबह 6 बजे छुट्टी होने के बाद वह घर चला जाता था। मंगलवार की सुबह जब घर नहीं पहुंचा तो परिजनो ने फैक्ट्री में पता किया। फैक्ट्री में वह कहीं नहीं दिखा तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान वहां काम करने वाले एक कर्मचारी को कुएं में एक लाश दिखाई दी जो कि उसी गार्ड की थी। आनन फानन में पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद सुबह करीब 9:30 बजे तक शव को क्रेन के सहारे बाहर निकाला गया। पहले तो परिजनों ने किसी इसके पीछे किसी का हाथ बताया लेकिन बाद में सीसी टीवी फुटेज जब सामने आया तो यह महज हादसा निकला। दरअसल नाइट शिफ्ट के दौरान गार्ड उपेन्द्र रात को निरीक्षण कर रहा था। इस दौरान वह कुएं में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। कुएं के चारों ओर किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं रखी गई और न ही कुएं को ढककर रखा गया। हादसे के पीछे यह भी एक वजह सामने आई। फिलहाल जामुल पुलिस इस पूरे घटना की जांच कर रही है।

चैत्र नवरात्रि पर्व : सर्वमंगला मंदिर में देवी दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कोरबा/नवप्रदेश। हसदेव नदी पावन तट पर स्थित मां सर्वमंगला मंदिर में 30 मार्च से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया है। यहां बड़ी सख्या में श्रद्धालुओं ने अपने मनोकामना ज्योति कलश जलवाएं है। श्रद्धालुओं को ताता मां के दर्शन के लिए उमड़ रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुआके की सुविधा के लिए कई प्रबधन किए है। मंदिर परिसर को भव्य एवं आकर्षण ढंग सजाए गए है। चैत्र नवरात्र 7 अप्रेल तक चलेगा। 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो चुका है, और इस अवसर पर माँ सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इस वर्ष मंदिर प्रबंधन द्वारा 7150 मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना की गई है, जिससे माँ का दरबार दीपों की आभा से आलोकित होगा। भव्य आयोजन को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कोरबा ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के जिलों से भी श्रद्धालु माँ के दर्शन के लिए मंदिर पहुँच रहे हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियाँ की हैं। दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई हैं, जिससे भक्त बिना किसी असुविधा के माँ के दर्शन कर सकें। साथ ही, मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सजावट और रंगीन फूलों से सजाया गया है,- मंदिर समिति के प्रमुख प्रबंधक राजपुरोहित पं. नमन पाण्डेय (नन्हा महाराज) ने बताया कि इस वर्ष 6500 तेल और 650 घी के मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएँ माँ के चरणों में अर्पित कर सकें।

अंधेर नगरी ... खाने के साथ परोसे जा रहे कीड़े मकोड़े, जिम्मेदार महिला बोली-हाथ है सर गलती हो जाती है...

गढ़कलेवा नाम का सम्मान नहीं रख पाया, बन गया गर्त केलवा

महिला स्वसहायता समूह करती हैं गढ़कलेवा का संचालन

पलाश तिवारी

रायपुर/नवप्रदेश अगर आप रायपुर में हैं और आपको छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लुफ्त उठाने संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालित गढ़कलेवा जा रहे हैं तो हो जाए सावधान। आपके खाने की थाली में सब्जियों के साथ तले हुए काक्रोच, कीड़े मकोड़े भी आपको परोसे जा सकते हैं। यह कोई काल्पनिक बात नहीं बल्कि एक ग्राहक के साथ घटी सच्ची घटना है। दरअसल मामला मंगलवार की दोपहर का है। जहां तिल्दा निवासी एक युवक अपने साथी के साथ खाना खाने गढ़कलेवा पहुंचा और उसने वहां से खाने की थाली का आर्डर किया। थोड़ी देर में जब खाना आया और उसने खाना शुरू किया तो उसके खाने की थाली में परोसी गई कोफ्ते की सब्जी में कीड़ा निकला। उसने जब इस बात की शिकायत संबंधित लोगों से की तो उन्होंने उनके पैसे वापस लौटा दिए और मामले को दबाने की गुजारिश करते हुए उन्हें वहां से वापस भेज दिया। लेकिन तब तक उस ग्राहक ने उस खाने में निकले कीड़े का वीडियो बना लिया था। वहीं इस मामले की जानकारी मिलते ही गढ़कलेवा के संचालक गण गोल गोल बात करते हुए मामले को दबाने की कोशिश करते नजर आए।

एमडी बोले- नो कमेंट्स

नवप्रदेश की टीम ने जब इस घोर लापरवाही के चलते संस्कृति विभाग के एमडी विवेक आचार्य से बात करनी चाही तो काफी देर तक उन्होंने फोन नहीं उठाया। काफी कोशिशों के बाद जब आखिरकार उनसे जब संपर्क हुआ तो उन्होंने मामले की जानकारी नहीं होना कहते हुए फिलहाल इस विषय पर कुछ नहीं बोल सकता कहकर बात को टालने की कोशिश की। लेकिन हमारे द्वारा जब उन्हें इस मामले से जुड़े सबूत मुहैया कराए गए तब उन्होंने इसमें जांच का आश्वासन दिया।

अनोखे अंदाज में गलती स्वीकारने के बजाय घुमाने लगी बात

वहीं इस मामले की जानकारी लेने के लिए जब नवप्रदेश की टीम ने गढ़कलेवा की संचालक सरिता शर्मा से बात की तो उन्होंने ने बड़े ही अनोखे अंदाज में अपनी गलती स्वीकारते हुए बात को घुमाने की कोशिश की। सरिता शर्मा से इस लापरवाही का कारन जब पूछा गया तो उनका कहना था की हाथ है, साहब यहां कोई मशीन तो लगी नहीं है, गलती हो जाती है, घर में भी खाना बनाने में कभी नमक ज्यादा हो जाता है। लेकिन उसका क्या ही किया जा सकता है। वह इतने में ही नहीं रुकीं पहले तो उन्होंने संस्कृति विभाग पर इस घटना का ठीकरा फोड़ने की कोशिश की लेकिन जब दाल नहीं गाली तो अपने स्टाफ पर इस लापरवाही का पूरा आरोप पलट दिया। जिस तरह से वहां के खाने में संचालिकाओं द्वारा लापरवाही बरती जा रही है ठीक वैसे ही उनकी अध्यक्ष सरिता शर्मा का भी जवाब लापरवाही से परिपूर्ण प्रतीत होता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com